दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 | कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 09 | जयपुर | सोमवार, 11 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष दशमीं संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan



## यूक्रेन का रूस की राजधानी पर 34 ड्रोन से हमला

### मॉस्को में बड़े नुकसान की खबर नहीं, एक व्यक्ति घायल; कई उड़ानें डायवर्ट

बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को ( एजेंसी )।** 2022 में जंग की शुरुआत के बाद यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर सबसे बड़ा हमला किया है। यूक्रेन ने मॉस्को को 34 ड्रोन से निशाना बनाया है। इस हमले की वजह से मॉस्को के तीन बड़े एयरपोर्ट से कई फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में किसी तरह के जान-माल की हानि नहीं हुई है, हालांकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने हमले को लेकर बयान भी जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के 34 ड्रोन्स को मार गिराया है और हमले को नाकाम कर दिया है। रूस ने यूक्रेन के इस हमले को आतंकवादी हमला करार देते हुए जवाबी कार्रवाई की बात कही है।

रूस के केमिकल प्लांट पर भी यूक्रेन का हमला यूक्रेन ने शनिवार को दावा किया था कि उसने शुक्रवार देर रात रूस के पश्चिमी शहर तुला में एक केमिकल प्लांट को निशाना बनाया है। यूक्रेन की स्पेशल ऑपरेशन फोर्स स्क्र ने कहा कि उसने हमले में 13 ड्रोन का इस्तेमाल किया था। हमले के बाद केमिकल प्लांट पर विस्फोट हुआ और धुएं का गुबार छा गया।

स्क्र के मुताबिक इस प्लांट पर रूसी सेना के लिए गोला-बारूद बनाया जाता है। हमले के बाद प्लांट से नारंगी रंग का धुआं निकलता दिखा। ष्ट्हह के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि हमले में अलेक्सिंस्काया थर्मल पावर प्लांट को भी नुकसान पहुंचा है। इस हमले में 110 चङ्क की बिजली ट्रांसमिशन लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई है। ये केमिकल प्लांट राजधानी मॉस्को से 200 किमी दूर दक्षिण में स्थित है। सितंबर में 150 ड्रोन से किया था हमला यूक्रेन ने 1 सितंबर को रूस पर 150 से अधिक ड्रोन से हमला किया था। ढाई साल से जारी रूस-यूक्रेन जंग में पहली बार यूक्रेन ने रूस के खिलाफ एक साथ इतनी ज्यादा संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया था। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर भी ड्रोन हमले किए।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक शहर पर 11 ड्रोन से हमला किया गया था। इन हमलों में एक ऑयल रिफाइनरी और एक टेक्निकल रूम को निशाना बनाया गया था। ऑयल रिफाइनरी पर हुए हमले के बाद उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद गहरा धुआं उठता नजर आया था।

रूसी अधिकारियों के मुताबिक यूक्रेन ने 15 प्रांतों में 158 ड्रोन से हमला किया था।

## कनाडा में खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला हिरासत में

### हरदीप सिंह निज्जर का करीबी, पिछले महीने शूटआउट के बाद पुलिस ने पकड़ा था



बढ़ता राजस्थान

**ओटावा ( एजेंसी )।** खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला को कनाडा में हिरासत में लिया गया है। अर्शदीप, हरदीप सिंह निज्जर का करीबी है। दरअसल 28 अक्टूबर को कनाडा के मिल्टन शहर में एक शूटआउट हुआ था। 29 अक्टूबर को वहां की स्थानीय पुलिस ने बयान जारी करते हुए बताया था कि उन्होंने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की थी। मगर रविवार को सूत्रों के हवाले से कहा गया कि इनमें से एक आरोपी डल्ला ही है। अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि हिरासत के बाद उसे रिहा किया गया या नहीं। डल्ला की हिरासत पर कनाडा पुलिस की तरफ से भी आधिकारिक तौर पर कोई बयान सामने नहीं आया है। अभी कनाडा और भारत के बीच डिप्लोमैटिक बातचीत बंद हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच सूचनाएं साझा नहीं की जा रही हैं।

## सीआरपीएफ जवान ने बच्चे की हत्या की

### शेयर मार्केट का कर्ज उतारने के लिए अपहरण किया, मरने के बाद भी पिता से फिरौती मांगता रहा

बढ़ता राजस्थान

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर शहर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक कॉन्स्टेबल ने अपने पड़ोसी के 8 साल के बच्चे की हत्या कर दी। कॉन्स्टेबल शैलेंद्र राजपूत शेयर मार्केट में घाटा होने के कारण भारी कर्ज में डूबा था। कर्ज उतारने के लिए उसने बच्चे का अपहरण किया और उसे एक संदूक में बंद कर दिया। जिससे बच्चे का दम घुट गया और उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद भी सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल 5 लाख की फिरौती के लिए उसके पिता को फोन करता रहा।

### रोड़-शो के बाद कार की छत से सीएम का संबोधन

## जगमोहन नया चेहरा नहीं, 30 साल से सक्रिय : सीएम

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** दौसा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रोड शो दोपहर 2.15 बजे शुरू हुआ। मुख्यमंत्री यहां भाजपा प्रत्याशी और कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा के समर्थन में पहुंचे। रोड शो के दौरान किरोड़ी लाल मीणा कार की छत पर डांस करते नजर आए। दौसा में गांधी तिराहे पर रोड शो का समापन हुआ। इस दौरान सीएम ने कार की छत पर चढ़कर माइक लेकर वहीं से लोगों की भीड़ को संबोधित किया। प्रत्याशी जगमोहन मीणा भी उनके साथ कार की छत पर थे। इस दौरान सीएम ने कहा- जब से भाजपा की सरकार बनी है, एक टीस मेरे मन में थी, दिल्ली-मुंबई कोरिडोर से मैं दौसा को जोड़ना चाहता था। मैं यहां विकास करना चाहता हूं।

### सीएम ने कहा- नौकरी की परवाह किए बिना जगमोहन ने पार्टी के लिए काम किया

जगमोहन नया चेहरा नहीं हैं, ये पिछले 30 साल से काम कर रहे हैं। ये पार्टी संगठन में लंबे समय से काम कर रहे हैं। मैं भी जब संगठन के काम कर रहा था, मैंने देखा कि नौकरी की परवाह किए बिना जगमोहन मीणा ने पार्टी के लिए काम किया। वे पढ़े लिखे अनुभवी हैं, दौसा को ऐसे विधायक की जरूरत है।



### रोड शो में किरोड़ी ने किया डांस, फ्लाइंग किस दी

रोड शो के काफिले में शामिल किरोड़ी लाल मीणा ने कार की छत पर चढ़कर डांस किया। उन्होंने लोगों का अभिवादन करते हुए फ्लाइंग किस भी किया। रोड शो बरकत स्टैच्यू से शुरू होकर लालसोट रोड से गुजरते हुए सब्जी मंडी के सामने से नया कटला व रेलवे स्टेशन के सामने होते हुए गांधी तिराहे पहुंचा। बड़ी संख्या में यहां भीड़ पहुंची, जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल रोड शो से सबसे पहले पीलू वाले बालाजी मंदिर पहुंचे। दर्शन के बाद वहीं से ओपन कार में सवार हुए। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व उपचुनाव के प्रत्याशी जगमोहन मीणा थे। इससे पहले सीएम के हेलिपैड पहुंचने पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम समेत कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। दौसा विधानसभा उपचुनाव के लिए 13 नवम्बर को मतदान होगा।

### 18 दिन में दूसरी बार हो रहा सीएम का दौरा

दौसा में विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए सीएम भजनलाल शर्मा का 18 दिन बाद ही यह दूसरा दौरा है। वे 24 अक्टूबर को भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा को संबोधित करने आए थे। जिसके बाद अब प्रचार थमने से पहले एक बार फिर शहर में रोड शो किया। माना जा रहा है सामान्य सीट पर एसटी वर्ग को प्रत्याशी बनाने के बाद उपजी नाराजगी को दूर कर सामान्य मतदाताओं को साधने में सीएम का दौरा अहम साबित हो सकता है। सीएम के साथ खुली कार में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा रहे।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एनकाउंटर जारी, श्रीनगर में बंद हुआ

### 1 जवान शहीद, 3 घायल; सेना ने 10 दिन में 8 आतंकियों को मार गिराया



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में गुरुवार (10 अगस्त) को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दो अलग-अलग जगहों पर एनकाउंटर हुआ। पहला एनकाउंटर श्रीनगर के जबरवान इलाके के जंगलों में सुबह 9 बजे शुरू हुआ था। सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और आर्मी का आतंकियों के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान आतंकियों ने उनपर गोलियां चलाईं। सुरक्षाबलों ने भी आतंकियों पर जमकर गोलियां चलाईं। कई घंटों तक दोनों ओर से गोलीबारी जारी रही। बाद में आतंकी जंगल की आड़ में भागने में कामयाब रहे। यहां पर सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन बंद हो गया है। दूसरा ऑपरेशन किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में सुबह 11 बजे शुरू हुआ था। यहां 3-4 आतंकी मौजूद हैं। आतंकियों संग मुठभेड़ में 2 पैरा एसएफ के 4 जवान घायल हुए थे। बाद में जूनियर कमीशन ऑफिसर राकेश कुमार शहीद हो गए। 3 जवानों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया है कि ये आतंकी कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के हैं। इन लोगों ने ही 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। किश्तवाड़ का ऑपरेशन जारी है। आतंकियों की तलाश की जा रही है।

### 24 घंटों के 3 मुठभेड़, सोपोर में 3 आतंकी किए गए थे ढेर

**सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटों के अंदर यह तीसरी मुठभेड़ रही। सुरक्षाबलों ने नवंबर महीने के 10 दिन में 8 आतंकी मार गिराए हैं। सोपोर में 8 नवंबर को 2 और 9 नवंबर को एक आतंकी मार गिराया था। इन इलाकों में सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं।**

## आज शपथ लेंगे नए सीजेआई संजीव खन्ना

### आर्टिकल-370, ईवीएम पर फैसले दिए; उनके चाचा को इंदिरा ने सीजेआई नहीं बनने दिया था



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस बनेंगे। वे कल 11 नवंबर को सीजेआई के पद की शपथ लेंगे। संजीव खन्ना की विरासत वकालत की रही है। उनके पिता देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे हैं। वहीं चाचा हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट के मशहूर जज थे। उन्होंने इंदिरा सरकार के इमरजेंसी लगाने का विरोध किया था।झ




## सीएस सुधांश पंत ने लिया राइजिंग-राजस्थान की तैयारियों का जायजा

### कहा-समिट की तैयारियों को अंतिम रूप देने का समय, समिट को सफल बनाकर राजस्थान को गौरवान्वित करें

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। अगले महीने जयपुर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट की तैयारियों का आज मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जायजा लिया। जयपुर ऐग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में यह तीन दिवसीय समिट आयोजित होगी। आज मुख्य सचिव सुधांश पंत जेईसीसी पहुंचे। यहां उन्होंने समिट के आयोजन और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर सीएस पंत ने कहा- समिट के आयोजन में अब एक महीने का समय बचा है। समिट राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे सफल बनाकर राजस्थान को गौरवान्वित करें। उन्होंने कहा कि समिट की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों और सरकार के अन्य सहयोगी संगठनों को सुव्यवस्थित क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दरअसल, अगले महीने 9,10 और 11 दिसम्बर को जयपुर में समिट का आयोजन होगा।



### समिट को लेकर हुए 18 लाख करोड़ के एमओयू

प्रदेश में निवेश हेतु राज्य सरकार ने अब तक विभिन्न कंपनियों के साथ 18 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत मुंबई, दिल्ली, दक्षिण कोरिया, जापान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, सिंगापुर, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और सऊदी अरब में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर रोड शो, विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्री-समिट्स और जिला-स्तरीय समिट्स आयोजित किए जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन जैसे क्षेत्रों पर थीम-आधारित सत्र का आयोजन होगा।

### समिट की तैयारियों की समीक्षा

सीएस सुधाशं पंत ने रविवार को वेन्यू पर ही आयोजन स्थल के ले आउट, जेईसीसी में यातायात और पार्किंग प्रबंधन के साथ-साथ प्रोटोकॉल और एस्कॉर्ट व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा प्रबंधन जैसी तैयारियों की समीक्षा की। इसके अलावा, समिट के उद्घाटन के मुख्य अतिथि से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की जा रही तैयारियों पर भी चर्चा की। इस आयोजन में शामिल होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और संभावित निवेशकों की उपस्थिति के मद्देनजर जयपुर को अपने बेहतरीन स्वरूप में प्रस्तुत करने के महत्व पर भी मुख्य सचिव पंत ने जोर दिया। इस दौरान डीजीपी यूआर साहू, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, डीजी इंटेलीजेंस संजय अग्रवाल, और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा के साथ जयपुर कलक्टर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## राज सेवक परिषद को 30 कुर्सियों का सहयोग: श्रीमती भौंरी देवी विजयवर्गीय का योगदान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** स्वर्गीय श्री राम सहाय विजयवर्गीय प्रधानाध्यापक (खेड़ा कल्याणपुर) की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भौंरी देवी विजयवर्गीय (निवासी मंडावर, महुआ रोड, जिला दौसा) ने राज सेवक परिषद को 30 कुर्सियां प्रदान की हैं, जिनकी कुल कीमत 21,000 रुपये है।
श्रीमती भौंरी देवी का संबंध मारोठिया तलाब के श्री रामचन्द्र जी और श्री नारायण जी के परिवार से है, और उनके ससुराल का संबंध खेड़ा कल्याणपुर (अलवर) से है। उनके परिवार में पांच पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उनके सबसे बड़े पुत्र श्री रमा कान्त विजय सार्वजनिक निर्माण विभाग में सिविल अभियंता पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि उनकी पत्नी डॉ. वंदना विजय हाल ही में चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत्त हुई हैं। उनके अन्य पुत्र विभिन्न पेशों में कार्यरत हैं, जैसे निजी व्यवसाय, शिक्षा, इंजीनियरिंग, और व्याख्यान।
परिवार के एक अन्य सदस्य, स्व. श्री मुरारी लाल विजय के पुत्र उमाकांत विजय, राजकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद परिषद में सक्रिय हैं। एक अन्य देवर के पुत्र का परिवार आज भी खेड़ा कल्याणपुर में रहता है और डेयरी व्यवसाय में संलग्न है।
इस सहयोग के लिए राज सेवक परिषद श्रीमती भौंरी देवी विजयवर्गीय और उनके पूरे परिवार का आभार व्यक्त करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# समर्पण संस्था का 9 वाँ राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड समारोह सम्पन्न

## उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान से मिलती है दूसरों को प्रेरणा : श्री के एल बेरवाल

बढ़ता राजस्थान

### देश भर से चयनित 54 विभूतियों को 'समर्पण समाज गौरव 2024' और 20 युवा प्रतिभाओं को ' समर्पण युवा जाग्रति 2024' अवॉर्ड से नवाज़ा

**जयपुर,(का.स.)।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से रविवार को त्रिवेणी नगर स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के न्यु ऑडिटोरियम में आयोजित 9 वें राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2024 अवॉर्ड समारोह में देश भर से चयनित 54 विभूतियों को 15 श्रेणियों में समर्पण समाज गौरव 2024 और 20 युवा प्रतिभाओं को समर्पण युवा जाग्रति 2024 अवॉर्ड से उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया । इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री के एल बेरवाल ने कहा कि उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान से दूसरों को प्रेरणा मिलती है ।समाज हित में समर्पण के भाव से कार्य करने पर ही जीवन सार्थक बनता है । बेरवाल ने कहा कि समर्पण का भाव भारतीय संस्कृति के मूल में समाहित है ।इस भाव को और मज़बूत करने का प्रयास समर्पण संस्था कर रही है । इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे संस्था के कोषाध्यक्ष श्री राम अवतार नागरवाल व सुश्री सुवज्ञा माल्या ने उच्चारित करवाया । समर्पण संस्था की एक परिचयात्मक फ़िल्म (डॉक्यूमेंटरी) प्रदर्शित की गई जिसमें संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था की विचारधारा को विस्तृत रूप में बताया ।

समारोह में 15 श्रेणियों में दिए गए अवॉर्ड में मुख्य रूप समाज सेवा में मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव राजेन्द्र कुमार अग्रवाल को , शिक्षा के लिए डॉ. राधाकृष्णन समर्पण समाज गौरव श्री अनिल खण्डेलवाल को , सामाजिक न्याय के लिए डॉ. अम्बेडकर समर्पण समाज गौरव अलवर की सविता गोस्वामी को , चिकित्सा में डॉ. विधान चन्द्र राय समर्पण समाज गौरव रेखा चावला को ,साहित्य में मुन्शी प्रेम चन्द समर्पण समाज गौरव कुसुम शर्मा को , शोध व आविष्कार में डॉ. अब्दुल कलाम समर्पण समाज गौरव डॉ. नरेन्द्र बैरवा को , खेलकूद में मेजर ध्यानचंद समर्पण समाज गौरव , निशा अतुल्य को और दान में भामाशाह समर्पण समाज गौरव, ज्योति कुमार माहेश्वरी को दिया गया ।

समारोह में आईएएस डॉ. ओमप्रकाश बैरवा व सेवानिवृत्त आई ए एस डॉ. महेन्द्र सुराणा ने भी अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम अध्यक्ष सेवानिवृत्त कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत ने कहा कि भारतीयता की रक्षा आज के समय की बहुत बड़ी चुनौती है ।दुनिया को बचाने के लिए इसकी रक्षा बहुत जरूरी है । इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि



पद्मश्री जनाब एस. शाकिर अली ( मिनियचर पेंटिंग) , विशेष आमंत्रित अतिथि श्री आर. पी. बैरवा ( विशेष आयुक्त राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग व अध्यक्ष राजस्थान राज्य कर सेवा संघ ) , श्री ज्योति कुमार माहेश्वरी ( वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन ,इस्कॉन मंदिर , जयपुर) , विशिष्ट अतिथि सुभाष आर्य ,डॉ. नरेन्द्र कुमार बैरवा ( डॉ. अशोक चौधरी ( पूर्व प्रिंसिपल, कन्ट्रोलर, वरिष्ठ प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष मानसिक रोग विभाग , ज.ला.ने. चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज, अजमेर ), जी. पी. वर्मा ( सेवानिवृत्त, अतिरिक्त निदेशक, श्रम एवं रोज़गार विभाग ), आर. के. अग्रवाल (वरिष्ठ समाजसेवी व मुख्य संरक्षक, परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति), श्री प्रमोद चौरडिया जैन ( प्रधान मुख्य संरक्षक, समर्पण संस्था व संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान) उपस्थित रहे ।

# खुशी व्यास के सिर सजा मिस इटर्नल इंडिया 2024 का ताज

## साक्षी परमार बनी फर्स्ट और मरीन राणा सैकंड रनर-अप, स्वाति सोनी ने थर्ड और बानी कुमावत ने हासिल की फोर्थ पोजिशन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते रैंप पर हाइवोल्टेज म्यूजिक की धुनों के बीच अपना टैलेंट दर्शाती 30 मॉडल्स में से सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस देकर उड़ीसा की खुशी व्यास ने मिस इटर्नल इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। अजमेर रोड़ स्थित द राजबाग रिसॉर्ट में नवीन कुमावत और दीपिका नरूका की अगुवाई में हुए नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट मिस इटर्नल इंडिया 2024 का ग्रांड फिनाले संपन्न हुआ, जिसमें ज्यूरी मेंबर्स ने साक्षी परमार को फर्स्ट रनर अप, मरीन राणा को सैकंड रनर अप घोषित किया। इसके अलावा स्वाति सोनी और बानी कुमावत ने इस सौंदर्य प्रतियोगिता में क्रमश: थर्ड और फोर्थ पोजिशन हासिल की। फैशन लेबल शिबूरा के अलावा ए न्यू डिजाइनर बाय अनुराधा एवं डेप्स एंड सेप्स बाय दीपिका का लेटेस्ट कलेक्शन एवं लेक्मे एकेडमी लालकोठी का मेकअप एंड स्टाइलिंग ट्रेंड्स शोकेस करते हुए चार फैशन सीक्वेंस के बाद क्राउन सेरेमनी में मिस इंडिया 2013 सिमरन आहूजा, बॉलीवुड एक्टर जस्सी कपूर, शिव ज्वैलर्स के डायरेक्टर हुकुम सिंह कुंपावत, आयोजक नवीन कुमावत और दीपिका नरूका ने सभी विजेता मॉडल्स को क्राउन व शैश पहनाकर एवं गिफ्ट हैम्पर्स भेंट कर सम्मानित किया। टॉप 5 के अलावा 15 मॉडल्स को सब टाइटल्स से नवाजा गया।

मिस इटर्नल इंडिया के आयोजक नवीन कुमावत और दीपिका नरूका ने बताया कि ब्यूटी कांटेस्ट के कैटवॉक राउंड में मॉडल्स ने फैशन लेबल शिबूरा के अलावा ए न्यू डिजाइनर बाय अनुराधा एवं डेप्स एंड सेप्स बाय दीपिका का लेटेस्ट कलेक्शन एवं लेक्मे एकेडमी लालकोठी का मेकअप एंड स्टाइलिंग ट्रेंड्स शोकेस कर अपना मॉडलिंग टैलेंट दर्शाया। ब्यूटी कॉन्टेस्ट के क्वेश्चन-आंसर राउंड में मॉडल्स ने जजेज के सवालों के बेहतरीन जवाब देकर ब्यूटी विद ब्रेन की अवधारणा साकार करते हुए ताज पाने के लिए दावेदारी पेश की। ब्यूटी कॉन्टेस्ट के आयोजन में भारत 24 एवं फर्स्ट इंडिया न्यूज, वर्लसलिंग प्रोडक्शन हाउस, एसजीएम आउटडोर, शिव ज्वेलर्स, स्किनाइट लेजर एंड हेयर, ड्रॉयड फर्नीचर, सफारी होटल ग्रुप, पीपुल्स चॉइस इवेंट्स, वैश्वी मल्टीवेंचर्स, शुभ वेडिंग मैगजीन सहयोगी रहे।





### क्राउन सिर्फ सिर की शोभा नहीं, एक बड़ी जिम्मेदारी है

ब्यूटी पेजेंट मिस इटर्नल इंडिया 2024 की विजेता खुशी व्यास ने कहा कि देश भर से आई मॉडल्स के बीच कड़े मुकाबले में जीतना उनके लिए एक सपने के पूरे होने जैसा है। उड़ीसा निवासी खुशी ने कहा कि बचपन से ही उनका रुझान मॉडलिंग की ओर था जिसके लिए उन्हें पैरेंट्स और फ्रेंड्स का काफी सपोर्ट मिला। मिस इटर्नल इंडिया 2024 के लिए मैंने काफी मेहनत की और फिटनेस के साथ ही अपनी कैटवॉक और सेल्फ एक्सप्रेशन में काफी सुधार किए। यहां आयोजक टीम के मेंटर्स ने भी मेरा उत्साह बढ़ाया और अच्छे से गाइड किया, जिसकी बदौलत मैं यह टाइटल जीतने में कामयाब हो पाई हूं। मिस इटर्नल इंडिया 2024 का ताज मेरे लिए केवल सिर की शोभा ही नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। मॉडलिंग और ग्लैमर इंडस्ट्री में आने वाली अन्य मॉडल्स को भी साथ लेकर चलना मेरा मकसद रहा है। और महिला सशक्तिकरण, आर्थिक स्वावलंबन व महिलाओं को प्रगतिशील वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अब मैं समाज में एक रोल मॉडल के रूप में निरन्तर कार्य करूंगी।

# वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन का नौवां संस्करण 15 दिसंबर 2024 को

## 'रन फॉर जीरो हंगर' थीम के साथ हंगर-फ्री भारत की ओर एक कदम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन का नौवां संस्करण इस वर्ष 15 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस बार की थीम 'रन फॉर जीरो हंगर' के माध्यम से समाज में भूख के खिलाफ जागरूकता फैलाने का उद्देश्य रखा गया है। वेदांता द्वारा आयोजित इस मैराथन में प्रतिभागियों को 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ के विकल्प दिए गए हैं। इच्छुक धावक 30 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को विशेष पदक और टी-शर्ट भी प्रदान की जाएगी। रविवार को मानसरोवर स्थित सिटी पार्क, जयपुर में एक प्रोमो रन के साथ मैराथन के प्री-इवेंट गतिविधियों का शुभारंभ किया गया, जिसमें 400 से अधिक रनर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन में पिंक सिटी रनर्स का विशेष सहयोग रहा जिसमें पिंक सिटी रनर्स के कोर सदस्य, राजेश दुरेजा और धर्मीर यादव ने फ्लैग ऑफ कर रन की शुरुआत की, और प्रसिद्ध अल्ट्रा रनर महेश ने रन से पहले प्रतिभागियों को वॉर्म-अप कराया। धावकों ने सिटी पार्क में 10 किमी और 5 किमी की दूरी पूरी की। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा दौड़ने के टिप्स भी दिए गए, जिससे नए और अनुभवी धावकों को आने वाले साप्ताहिक आयोजनों के लिए प्रेरित किया गया। रन फॉर जीरो हंगर के माध्यम से, प्रत्येक किलोमीटर की दौड़ के लिए, वेदांता अपनी सामाजिक प्रभाव शाखा, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से बच्चों को पोषित करेगी और पशुओं को खाना खिलाएगी।

पूरे भारत में आधुनिक आंगनबाड़ियों के नेटवर्क, नंद घर के बच्चों और पशु कल्याण के लिए एक स्थायी और स्केलेबल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध संगठन, द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) द्वारा समर्थित पशुओं को इस पहल से लाभ होगा।

# सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से राहत

## इंटरव्यू में शामिल करने के निर्देश, यूजीसी नेट के परिणाम में देरी पर आरपीएससी ने कर दिया था बाहर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हाईकोर्ट ने सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा (हिंदी) 2023 के अभ्यर्थियों को राहत देते हुए आरपीएससी से उन्हें इंटरव्यू में शामिल करने के लिए कहा हैं। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने सुनील कुमार व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। दरअसल, सहायक प्रोफेसर भर्ती की लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को आरपीएससी ने इंटरव्यू के लिए कॉल किया था। इस भर्ती की पात्रता पीजी में 55 प्रतिशत अंक, यूजीसी नेट क्वालिफाई और साल की अंतिम परीक्षा में शामिल होना रखी गई थी। लेकिन इस साल यूजीसी नेट परीक्षा अपने तय समय से देरी से हुई। इसकी वजह से उसका परिणाम भी देरी से आया। ऐसे में आरपीएससी ने लिखित परीक्षा में पास होने पर भी याचिकाकर्ताओं को इंटरव्यू में शामिल नहीं किया। क्योंकि उनके पास इंटरव्यू शुरू होने के पहले दिन से पहले यूजीसी नेट क्वालिफाई का प्रमाण पत्र नहीं था।

**यूजीसी ने नेट परीक्षा रद्द कर दी थी :** याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा और हेमराज रोदिया ने बताया- याचिकाकर्ताओं ने इस साल 18 जून को यूजीसी नेट/स्लेट परीक्षा दी। यूजीसी ने 19 जून को ही परीक्षा अनियमित्ताओं के चलते रद्द कर दी। वहीं, दो महीने बाद 27 अगस्त को फिर से परीक्षा आयोजित करवाई गई। इस बीच 8 अगस्त को आरपीएससी ने सहायक प्रोफेसर लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। इसमें याचिकाकर्ता पास हो गए। आरपीएससी ने 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर और 4 नवम्बर से 25 नवम्बर तक इंटरव्यू कॉल किए। इस दौरान एनटीए ने यूजीसी नेट का परीक्षा परिणाम 17 अक्टूबर को जारी किया। इसमें भी याचिकाकर्ता सफल हुए। लेकिन आरपीएससी ने यह कहते हुए याचिकाकर्ताओं को इंटरव्यू में शामिल नहीं किया कि उनके पास 14 अक्टूबर से पहले यूजीसी नेट क्वालिफाई का सर्टिफिकेट नहीं था।



**याचिकाकर्ताओं को इंटरव्यू में शामिल करने के आदेश :** याचिकाकर्ताओं की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर करके कहा गया कि नेट परीक्षा देरी से होने और परिणाम देरी से जारी होने का प्रशासनिक कारण हैं। इसमें अभ्यर्थियों का कोई दोष नहीं है। आरपीएससी में इंटरव्यू जारी है। लेकिन उसके बाद भी उन्हें शामिल नहीं किया जा रहा है। इस पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, राजस्थान लोक सेवा आयोग और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से जवाब मांगते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम तौर पर इंटरव्यू में शामिल करने के आदेश दिए।

अपने आदेश में अदालत ने साफ किया है कि इंटरव्यू के लिए याचिकाकर्ताओं को तीन दिन पहले सूचित किया जाएगा।

# जेडीए ने मृतक श्रमिकों के आश्रितों को प्रदान की सहायता राशि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित गजाधारपुरा कालवाड़ स्थित 30 एमएलडी एसटीपी पर दिनांक 18/11/22 को घटित एक दुखद घटना में तीन कर्मचारियों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के पश्चात, जयपुर विकास प्राधिकरण ने सवेंदक मै. अंशु इंजीनियरिंग के माध्यम से मृतक श्रमिकों के प्रत्येक आश्रित को 8.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इसके अतिरिक्त, एक श्रमिक के इलाज में खर्च हुई राशि 3.43 लाख रुपये का भुगतान भी अस्पताल को किया गया था। हाल ही में, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्षा श्रीमती अंजना पंवार ने जयपुर प्रवास के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों को बुलाकर प्रत्येक मृतक श्रमिक के आश्रित को 1.50 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि और पीएफ की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। और इसके फलस्वरूप, दिनांक 9/11/24 को श्रीमती अंजना पंवार ने पीड़ित परिवारजनों से मुलाकात कर उनके हाथों से प्राधिकरण के अधिशाषी अभियंता श्री दिनेश कुकना के साथ प्रत्येक आश्रित को 1.50 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट और मृतक कर्मचारी के पीएफ की गणना अनुसार देय पीएफ राशि का चेक भी प्रदान किया।

## केयर ग्लोबल हेल्थ फेस्टिवल (जीएचडब्ल्यूएफ) को लेकर जयपुराइट्स में दिखा क्रेज

# अगले साल अहमदाबाद में मिलने के वादे के साथ केयर जीएचडेब्यूएफ का समापन

## केयर जीएचडेब्यूएफ रचा इतिहास 1500 वरिष्ठ नागरिको को एक छत के नीचे एक साथ लेन का

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** केयर जीएचडेब्यूएफ के दूसरे दिन की शुरुआत बिरला सभागार के हॉल में द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। मंच का संचालन कर रहीं एंकर प्रीति सक्सेना ने उपस्थित लोगों को अभिवादन किया। इस मौके पर जेएचएफ के सीईओ हिम्मत सिंह और भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से अब ये कारवां हर साल लोगों को सेहतमंद बनाने के लिए इसी तरह के पूरे देश में आयोजित होता रहेगा। जीएचडेब्यूएफ में रविवार को कुल 5 सेशन हुए जिसमें द लॉ ऑफ केयर- चिकित्सा कानूनीताएं हार्ट मैटर्स- एक स्वस्थ हृदय के लिए आधुनिक दृष्टिकोण गिफ्ट ऑफ लाइफ- अंगदान का महत्व- में राजीव अरोड़ा (पूर्व चेयरमैन - राज स्मॉल इंडस्ट्रीज), डॉ. अंकुर अतल गुप्ता, सुनील दत्त गोयल और रोहन इंदुलकर (नेशनल बिजनेस हेड ईवन हेल्थकेयर); ए क्लियर विजन- सभी उम्र के लिए आंखों का स्वास्थ्य हीलिंग रूट्स- वैकल्पिक चिकित्सा का मूल्य और प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी और लोगों से चर्चा की। एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड केयर जीएचडेब्यूएफ के नाम केयर जीएचडेब्यूएफ ने एक बार फिर इतिहास रचा 1500 वरिष्ठ नागरिको को एक छत के नीचे एक साथ लेकर।

**इनकी मौजूदगी ने लगाए जेएचएफ का चार-चांद :** जीएचडेब्यूएफ के दूसरे दिन रविवार को योग गुरु, ढाकाराम; कांग्रेस नेता, आर आर तिवारी; फोर्ट के कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ अरुण अग्रवाल; डिस्ट्रिक्ट जज, कंस्यूमर कोर्ट, देवेंद्र मोहन माथुर ने आज शिरकत की। गौरतलब है कि कार्यक्रम का फॉर्मल इनॉगरेशन, मेयर जयपुर हेरिटेज, कुसुम यादव; पूर्व चेयरमैन, राजस्थान लघु उद्योग निगम, राजीव अरोड़ा और विधायक, बयाना, ऋतू बनावत द्वारा दीप प्रज्वलित और फीता काट कर किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में विधायक सिविल लाइन्स, गोपाल शर्मा; विधायक किशनपोल, आमीन कागज़ी और केयर हेल्थ इन्शुरन्स से संजीव मेघानी अरिंदम सिन्हा एव मणिपाल सिग्ना के अरुण कौशिक उपस्थित थे।



### 30,000 लोग हुए रजिस्टर्ड तो करीब 15,000 लोगों ने करवाई जांचें और दो दिन में 100 यूनिट ब्लड एकत्रित

दो दिवसीय केयर जीएचडेब्यूएफ में कुल 30,000 लोगों ने पंजीकरण करवाया। आयोजन में पहुंचे लगभग लोगों ने केयर जीएचडेब्यूएफ का लाभ उठाते हुए यहां मौजूद विशेषज्ञों ने लोगों को उनकी बीमारियों से संबंधित परामर्श दिए साथ ही जीएचडेब्यूएफ में पार्टिसिपेट कर रहीं लैब्स में लिपिड प्रोफाइल, सीबीसी, टीएसएच, ईसीजी, ईएसआर, यूरिया, एसजीओटी, एसजीपीटी आदि जांचें कराईं। जीएचडेब्यूएफ में मौजूद ब्लड बैंक को लेकर भी फेस्टिवल में काफी उत्साह देखने को मिला जिसमें 100 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया। इमरजेंसी किसी के भी साथ हो सकती है, ऐसे में आगे आकर हमें लोगों के जीवन को बचाने में मदद करनी चाहिए।

# सकारात्मक वार्ता के बाद सुलझा महाराणा प्रताप स्कूल का विवाद, प्रोपर्टी और रुपयों के लेन-देन को लेकर हुआ था विवाद



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** महाराणा प्रताप स्कूल को लेकर शनिवार सायं दो पक्षों में हुआ विवाद आखिरकार करीब 7 घंटे बाद दोनों पक्षों में हुई सकारात्मक वार्ता के बाद सुलझ गया। मामले में थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने दोनों पक्षों में सकारात्मक वार्ता करवाई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। समाजसेवी पूनमचंद तिवारी ने बताया कि एक पक्ष के जितेंद्र शेखावत व वर्तमान में स्कूल संचालित कर रहे आदर्श ग्रुप के बीच कुछ गलतफहमियों के कारण प्रोपर्टी और रूपयों के लेन-देन को लेकर कई दिनों से विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, जो दोनों पक्षों में करीब 2 घंटे चली वार्ता के बाद मामले का शांतिपूर्वक निपटारा हो गया । उन्होंने दोनों पक्षों के बीच क्या समझौता हुआ इसके बारे में तो अभी कुछ भी नहीं बताया, लेकिन इतना जरूर कहा कि वार्ता सकारात्मक रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आपस में प्रोपर्टी और रूपयों के लेन-देन को एक पक्ष के लोग शनिवार सायं करीब 4 बजे स्कूल में जमा हो गए,जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध जताया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर समझाइश की तथा मामले को दो दिन में सुलझाने पर सहमति बनी। जिसके बाद पुलिस के कहने पर एक पक्ष के लोग बाहर आ गये वहीं दूसरे पक्ष के लोग अंदर ही रह गये। इसी का विरोध करते हुए एक पक्ष के लोग स्कूल के बाहर जमा हो गए और जो लोग स्कूल के अंदर थे,उनको बाहर निकालने की मांग पर अड़ गए, लेकिन वो बाहर नहीं आये।

तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए सीआई अरविंद भारद्वाज मय पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे तथा दोनों पक्षों से समझाइश कर मामले को शांत करवाया।

# मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए पात्र वयस्कों को करें प्रेरित : सुराणा

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने रविवार को जिले के सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र के पूलासर, सरदारशहर मुख्यालय व भानीपुरा में मतदान केन्द्रों में चल रहे विशेष अभियान का जायजा लिया तथा भानीपुरा तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी ली और कहा कि मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु पात्र वयस्कों को प्रेरित किया जाए तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक पात्र वयस्क का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चत किया जाए। विशेष अभियान के दौरान बीएलओ मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर पात्र वयस्कों के पंजीकरण हेतु आवेदन प्राप्त करें। इसी के साथ मतदाताओं को वीएचए एप्प डाउनलोड करने तथा बूथ पर आने वाले ग्रामीणों को वोटर हेल्पलाइन एप्प व एनवीएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के बारे में भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की भूमिका अहम है। सभी पात्र वयस्कों का मतदाता सूची में पंजीकरण हो ताकि विभिन्न निर्वाचनों में कोई भी पात्र अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि बीएलओ अपने क्षेत्र के मतदाताओं, नए आवेदनों के बारे में अपडेट रहें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भावी मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित हो। उन्होंने बीएलओ को मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर आवेदन लेने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2025 के दौरान नए मतदाता पंजीकरण, शिफ्ट हुए मतदाताओं, नाम हटवाने संबंधी आवेदनों, दिव्यांग मतदाताओं संबंधी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राउमावि पूलासर में बूथ संख्या 237, सरदारशहर मुख्यालय पर बाल मंदिर उमावि में बूथ संख्या 166, सेठिया गेस्ट हाउस, सरदारशहर में बूथ संख्या 106, भानीपुरा में बूथ संख्या 196 सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का अवलोकन कर पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता पंजीकरण, शिफ्टिंग, नाम



हटवाने आदि आवेदनों की जानकारी ली व रैम्प, पेयजल, मतदाता सूचना संबंधी जानकारी, छाया, शौचालय आदि व्यवस्थाएं देखीं। सभी बीएलओ ने आवेदनों व व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी, नायब तहसीलदार प्रहलाद, तेजवीर सहित अधिकारी मौजूद रहे।

**मालसर में बायोमास प्लांट व भानीपुरा तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण :** इसी क्रम में जिला कलक्टर सुराणा ने भानीपुरा तहसील के मालसर में संचालित सरदारशहर एग्रो एनर्जी लिमिटेड के 15 मेगावाट बिजली के बायोमास प्लांट का अवलोकन किया तथा बिजली उत्पादन की जानकारी ली। इंचार्ज मनीष त्यागी ने बताया कि प्लांट में पराली व सरसों के भूसे से विद्युत उत्पादन किया जाता है। उत्पादित बिजली को नजदीकी हालासर के 132 केवी जीएसएस में सप्लाई दी जाती है। इसी के साथ सुराणा ने भानीपुरा तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी, नायब तहसीलदार प्रहलाद, तेजवीर, कानूनगो गोगराज सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# रामलीला के कलाकारों और पत्रकारों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर( सुरेश शर्मा )।** दशहरा पर्व पर आयोजित सरदारशहर उत्सव के दौरान मंचित रामलीला के कलाकारों का सम्मान समारोह शांति कुटीर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्यातिथि विधायक पं. अनिल शर्मा ने कहा कि उद्योगपति विकासकुमार मालू द्वारा सरदारशहर में सनातन संस्कृति को बढावा देने के लिए अपने स्व.पिता मूलचंद मालू की स्मृति में अनेक विकास और सांस्कृतिक आयोजन करवाये जा रहे हैं। दशहरा पर्व पर आयोजित सरदारशहर उत्सव सनातन संस्कृति की नयी पहल है। इस चार दिवसीय उत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन हुए और तहसील की जनता ने खुब सराहना की। इस पुरे आयोजन में रामलीला के कलाकारों ने एक से बढकर एक प्रस्तुति देकर आयोजन में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने शांति कुटीर से आगे की सड़क बनाने के लिए विधायक कोष से 10से15लाख की स्वीकृति देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि सनातन धर्म ही नही अपितु सर्वधर्म के आयोजनो में उद्योगपति मालू का उल्लेखनीय सहयोग देना अपनी मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम की भावना को प्रदर्शित करता है। सरदारशहर उत्सव समिति द्वारा रामलीला के 65 कलाकारों और पत्रकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेपाल प्रवासी ओमप्रकाश जोशी, दिल्ली प्रवासी मांगीलाल डांगी, बृजमोहन सर्राफ ने नगर अध्यक्ष महावीर माली की प्रेरणा से शांति कुटीर में एक एक कमरा बनाने की घोषणा की । समारोह में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश डा.श्यामसुंदर लाटा, शिवरतन सर्राफ, नगरपरिषद उपसभापति अब्दुल रसीद चायल,योगेश जैसनसरिया, समिति अध्यक्ष जितेन्द्र राजवी,माणकचंद भाटी, शोभाकांत स्वामी, पार्षद मदनलाल औझा सहित अतिथियों का मुखराम नाथोलिया, शंभूदयाल पांडिया, मनोज सैनी, शंकरलाल प्रेमाणी, श्यामलाल जोशी, प्रमोद जोशी,ओमप्रकाश ,बाबूलाल प्रजापत ने? प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया खाटूश्याम जी मंदिर के महंत महाराज रोहित का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** रविवार को भरतपुर ठंडी सड़क स्थित खाटूश्याम जी मंदिर में श्री ब्राह्मण सभा,भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान देने के लिए ठंडी सड़क स्थित खाटू श्याम जी मंदिर के महंत रोहित महाराज का पटका, माला, साफा पहनाकर एवं श्री बांकेबिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम खाटू श्याम जी मंदिर में श्री खाटू श्याम जी का पूजन किया गया 7 इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा ने



बताया कि महन्त रोहित महाराज द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के प्रति अनोखी पहल देखने को मिलती है इस अवसर पर इन्होंने महंत जी के कार्य व्यवहार की भी प्रशंसा की । इस अवसर पर रोहित महाराज को श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए इनके दीर्घायु जीवन की कामना की । कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समाजसेवी सेवानिवृत अध्यापक बृज

किशोर शर्मा, राज.रोडवेज संघ के पूर्व संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, श्री ब्राह्मण समाज,तिलक नगर के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, बजरंग दल के लखन शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी आनन्द भारद्वाज, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा, समाजसेवी प्रतीक, समाजसेवी आदर्श भारद्वाज आदि ने भी महन्त रोहित जी महाराज का सम्मान किया।

कार्यक्रम की समाप्ति पर महन्त रोहित महाराज ने सभी विप्र जनों को प्रसादी देकर अपना आशीर्वाद दिया। सभी के लिए हनुमान जी के दर्शन करवायें एवं श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम की पुस्तक भेंट की ।

# तीन दिवसीय राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल का 46 वां अधिवेशन रोसकोन-24 सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल सोसायटी की ओर से होटल इन्दर रेजीडेन्सी में चल रहे तीन दिवसीय राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल का 46 वां अधिवेशन रोसकोन-24 का आज समापन हुआ। समापन समारोह में चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इस कांफ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ जे पी आत्रेय ने बताया कि इस कांफ्रेंस में पूरे देश से 400 से ज़्यादा नेत्र रोग चिकित्सकों ने भाग लिया। कांफ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग सेकेट्री डॉ लक्ष्मण झाला ने बताया कि ऑल इंडिया ऑपथलमैजिकल सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ.समर बसक एवं सेकेट्री डॉ संतोष होनावर ने भाग लिया। साइंसेटिफ़िक कमिटी के चेयरमैन डॉ विशाल अग्रवाल ने बताया कि इस कांफ्रेंस में 200 अलग अलग बीमारियों के बारें पत्र पढ़े गये एवं पूरे साइंटिफिक प्रोग्राम की सभी चिकित्सकों ने तारीफ़ की। राजस्थान ऑप्थलमोलोजिकल सोसाइटी के सेक्रेटरी डॉ गुलाम अली कामदार ने बताया कि यह कांफ्रेंस हर साल राजस्थान के सभी बड़े शहरों में वहाँ की सोसाइटी के साथ मिल कर करवाई जाती है।

# मनोरंजन से भरपूर रहा एक बटा विकास समिति का दीपावली स्नेहमिलन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** गोवर्धन विलास हाउसिंग सोसायटी की एक बटा विकास समिति का आज एक बटा पार्क में पारिवारिक दीपावली स्नेहमिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह महिलाओं द्वारा दी गई मनोरंजक प्रस्तुतियों से भरपूर रहा। समारोह में सोसायटी अध्यक्ष जीवनसिंह पोखरना,सचिव भोलादीप साहनी के नेतृत्व में क्षेत्र की महिला टीम ने विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया। जिसमें समिति सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सदस्यों के लिये रूमाल झपटना, गाना गाने तथा हाउजी खेल का आयोजन किया। इस अवसर पर रोचक खेल, प्रतियोगिता, रोचक प्रश्नोत्तरी के आयोजन के साथ लक्की ड्रा निकाला गया। नन्हें-नन्हें बच्चों ने भी गीत,कवितायें सुनाकर सभी मन मोह लिया। प्रारम्भ में समारोह की शुरूआत गणपति वंदना से हुई।

कार्यक्रम का संचालन सह सचिव पंकज भारद्वाज एवं अविनाश पोखरना ने किया। अंत में समिति की महिलाओं द्वारा गरबा कर समारोह में चार चांद लगा दिये।कार्यक्रम का समापन स्वरूचि भोज के साथ हुआ। आयोजन में 195 लोगों की भागीदारी रही। आयोजन में समिति की कार्यकारिणी के सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

# फोर्ब्स की सूची में भरतपुर के बेटे उद्योगपति नवीन पाराशर ने सात समुंदर पार भरतपुर का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान







**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर शहर निवासी नवीन पाराशर ने कड़ी मेहनत और लीडरशिप क्वालिटी से पूरी दुनिया में भारत और भरतपुर का नाम रोशन किया ।नवीन अमेरिका की प्रतिष्ठित मैगजीन फोर्ब्स की सूची में स्थान बनाने वाले भरतपुर क्षेत्र के वह पहले शख्स हैं । हाल ही में फोर्ब्स की ओर से भारत के प्रेरणादायक और सफल सफल व्यक्तित्व 2024 को लेकर 10 लोगों की सूची जारी की है। इसमें उद्यमी और शेयर बाजार के विशेषज्ञ डॉ नवीन पाराशर मीडिया मुगल उपेंद्र राय कनिष्ठ अग्रवाल दिशा राठी ,चैताली दास, अनमोल सचदेवा, रोहित टंडन, रांजना राजौरा शर्मा ,डॉ श्रीधर और डॉ सुकांत को शामिल किया है। फोर्ब्स मैग्जीन में लिखा है कि नवीन पाराशर एक सफल उद्यमी परोपकारी और भारतीय वित्तीय बाजार के विशेषज्ञ हैं। वह औद्योगिक जगत की उभरती प्रतिभाओं के लिए गुरु और सहयोगी हैं। उनके नेतृत्व का सिद्धांत संगठनात्मक परिणामों को प्राथमिकता देता है। फोर्ब्स मैग्जीन शामिल होने के बाद डॉ नवीन पाराशर ने कहा कि वैसे तो मैं अक्सर फोर्ब्स पत्रिका के बारे में पढ़ता था। लेकिन मुझे यकीन नहीं था। कि एक दिन में इस बेंचमार्क पत्रिका का हिस्सा बन जाऊंगा । मैं अपने सहकर्मियों और टीम की मदद से दुनिया की अग्रणी पत्रिका में जगह बना सका हूं। भरतपुर की लाडली बेटे ने सात समुंदर पार भरतपुर का नाम रोशन किया है उद्योग क्षेत्र में इसी को लेकर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने उनको इस उपलब्धि को लेकर बहुत बधाइयां दी और सीए अतुल मित्तल ने भी भी उनको कोटि-कोटि बधाइयां दी है जिस तरह से उद्योग क्षेत्र में उन्होंने भरतपुर का नाम रोशन किया है ।

# भारतीय उद्योग व्यापार संगठन द्वारा दीपावली मिलन समारोह बनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर के भारतीय उद्योग व्यापार संगठन द्वारा दीपावली मिलन समारोह होटल संगनी गार्डन पर गीत, संगीत, सांस्कृतिक कायर्क्रम एवं बच्चों के आकषर्क प्रोग्राम साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा विशिष्ट अतिथि सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट राजीव शर्मा तथा सहायक निदेशक कृषि राधारमण शर्मा भी उपस्थित रहे। सुनील पार्टी द्वारा अपने गाने एवं धुन से कार्यक्रम में चार चांद लगाये। इस अवसर पर संस्था संरक्षक अनिल अग्रवाल हुंडई वालों ने सभी अतिथियों एवं संस्था के सभी सदस्यों के परिवार सहित पधारने पर हार्दिक स्वागत किया तथा संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रस्तुत किया। सदस्यों के अलावा अन्य अतिथिगणों में संजीव गुप्ता, कृष्ण कुमार टिंबर वाले, विपिन अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, शिव लहरी शर्मा, मोहन माहेश्वरी, के साथ संस्था के सभी सदस्य, सुनील प्रधान, अनुराग गर्ग विजय गुप्ता, महामंत्री राजेन्द्र सिंघल, उपाध्यक्ष डॉ अशोक गुप्ता, प्रहलाद, कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, नरेन्द्र सिंघल, राकेश बंसल, देवेन्द्र चामड, विष्णु गोयल आदि सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। कार्यक्र्म का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने किया।

# श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मोनी बाबा की गौशाला में चल रही श्रीमद् भागवत के तृतीय दिन साध्वी दया दास जी महाराज वृंदावन वालों की में ने माता सती का चरित्र, अंग प्रद्युमन के वंशज ,भरत चरित्र ,और नरको की स्थिति का सुंदर शब्दों में वर्णन किया गया और साथी साथ ही श्रद्धालुओं को बताया कि उन्हें कैसे कम करने चाहिए और किस तरह अपना आचरण समाज और देश के हित में रखना चाहिए जिससे कि इन नर्को का भोग ना ही भोगना पड़े प्रत्यय उठते ही प्रात: उठते ही गौ माता के दर्शन करने से सभी देवों के दर्शन हो जाते हैं और सारा दिन ऊर्जावान और स्फूर्ति में रहता है और मनुष्य से कोई अनचाही गलती भी नहीं होती है । अजामिल आख्यान के बाद कथा का विसर्जन किया गया ।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का हुआ आयोजन

# समाज की एकता पर वक्ताओं ने दिया जोर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का आयोजन भरतपुर के दा पार्क में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय बंसल, समृद्ध भारत अभियान के संयोजक सीताराम गुप्ता, अनुराग गर्ग, मोहनदास अग्रवाल, गोपाल प्रसाद गुप्ता, कृष्णकुमार अग्रवाल, अतुल मित्तल, अनिल लोहिया, शुमनेश गुप्ता, डॉ. संगीता अग्रवाल, यश अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को विधायक डॉ. गर्ग ने सम्बोधित करते हुये समाज की एकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने भामाशाहों से आव्हान किया कि वे गरीब व जरूरतमंद समाज के लोगों की मदद के लिये आगे आये। इस मौके पर राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों के भी वैश्य समाज के लोग मौजूद रहे।

## अपना घर के नवीन भवनों का हुआ लोकार्पण समारोह

# मानवता ही परमोधर्म के संकल्प के साथ मानव कल्याण के करें कार्य : डॉ.गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन, अपना घर संस्थान की ओर से भवन विस्तारिकरण का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने शिरकत की। अपना घर आश्रम में आगरा के भामाशाहों सहित अन्य भामाशाहों द्वारा बनवाये गये कक्कड मां जी-बाबूजी का घर, परमसेवा गृह, पुष्पाजंलि सभागार, मां अन्नापूर्ण प्रसादालय, प्रशिक्षण केन्द्र भवन एवं अतिथि गृह भवनों का लोकार्पण दीप प्रज्जलन के साथ किया गया। इस दौरान आयोजित लोकार्पण समारोह को विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने सम्बोधित करते हुये कहा कि मानवता की सेवा के लिये अपना घर संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की देश में ही नहीं अपितु विदेश में भी सरहना हो रही है। जिनका कोई नहीं होता उनका अपना घर होता है। उन्होंने अपना घर के संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज एवं संस्थापिका डॉ. माधुरी भारद्वाज सहित संस्था के पदाधिकारियों व सेवा कार्य में जुटे सेवकों की प्रशंसा करते हुये कहा कि असहायों व मानवता



की सेवा के लिये समर्पित संस्था ने भरतपुर की एक अलग ही पहचान बनाई है और अपना घर तीर्थ स्थल के रूप में जाना जाता है।

## वशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम-2025

# जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य के लिए रहे फील्ड पर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और संशोधित करने के लिए चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम-2025 के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने रविवार को भीलवाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 9 पोलिंग बूथों पर जाकर विशेष मतदाता पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान जिले के 4 मतदान केद्रों कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन विभाग, अजमेर चौराहा में 1 बूथ, कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अजमेर चौराहा के 2 बूथ, सिंचाई विभाग विश्रान्ति गृह, गायत्री आश्रम भीलवाड़ा के 2 बूथ, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आर.के. कॉलोनी के 4 पोलिंग बूथ पर जाकर विशेष मतदाता पंजीकरण शिविरों का जायजा लिया।

## सम्पादकीय

# भारत के रतन का जाना...

रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। आज श्री रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है। आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं। युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है। रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया। दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।

भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर देखेंगे। रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट...बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों को ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं। मुझे आशा है कि उनका ये विजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

# पुस्तकें ज्ञान का स्रोत, मित्र, मार्गदर्शक, बुद्धिमान सलाहकार।



**संजीव ठाकुर**

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। %पंचतंत्र%तथा %हितोपदेश% इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है। पुस्तकों से राष्ट्र की युवा कर्ण धारों को नई दिशा दी जा सकती है तथा एकता और अखंडता का संदेश देकर एक महान और सशक्त राष्ट्र की पृष्ठभूमि रखी जा सकती है।

# शहरों की सूरत, केंद्र को राज्यों के साथ मिलकर बनानी होगी व्यवस्था

केंद्र सरकार ने शहरों की सूरत संवारने के लिए पांच कार्य समूहों का जो गठन किया है, उनकी सफलता को लेकर संदेह होना स्वाभाविक है। संदेह का बड़ा कारण यह है कि अभी तक शहरी ढांचे को सुधारने के लिए जो भी प्रयत्न किए गए, वे सफल नहीं हो सके हैं। यदि केंद्र सरकार यह चाह रही है कि शहरों की सूरत वास्तव में सुधरे तो उसे राज्यों के साथ मिलकर ऐसी कोई व्यवस्था बनानी होगी, जिससे शहरी ढांचे को सुधारने के लिए जिम्मेदार विभिन्न विभागों में समन्वय कायम हो सके और उन्हें जवाबदेह भी बनाया जा सके।

फिलहाल ऐसा नहीं है और इसीलिए देश के छोटे-बड़े शहर अनियोजित विकास का पर्याय बने हुए हैं। यह एक तथ्य है कि जैसे-जैसे शहरों में आबादी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे वे समस्याओं से घिरते चले जा रहे हैं। देश के अधिकांश शहर गंदगी, प्रदूषण, अव्यवस्थित यातायात से घिरते जा रहे हैं। उनमें कई तरह के विकास कार्य होते तो रहते हैं, लेकिन बेतरतीब तरीके से। शायद ही किसी शहर में कोई विकास योजना यह ध्यान में रखकर क्रियान्वित की जाती हो कि वह दशकों बाद तक भी उपयोगी बनी रहे। अधिकांश योजनाएं समस्याओं के तात्कालिक समाधान के लिए होती हैं।

हमारे शहरों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि ट्रैफिक, सीवर, पेयजल, सड़क निर्माण, यातायात आदि की जिम्मेदारी अलग-अलग विभाग संभालते हैं। इन विभागों में तालमेल मुश्किल से ही देखने को मिलता है। कई बार तो एक विभाग को दूसरे विभाग की योजनाओं की जानकारी ही नहीं होती है। यदि होती भी है तो उनमें सहयोग कायम नहीं हो पाता। ऐसे में पहली जरूरत इसकी है कि वे मिलकर कार्य करें। यह तब तक संभव नहीं, जब तक उनका कामकाज देखने वाला कोई एक विभाग जवाबदेह नहीं बनाया जाता। ऐसा कोई सक्षम अधिकारी होना ही चाहिए, जो विभिन्न विभागों का नेतृत्व कर सके और उनसे अपने मन मुताबिक काम करा सके। यह ठीक है कि केंद्र सरकार शहरी विकास को दिशा देने के लिए जिन पांच कार्य समूहों का गठन करने जा रही है, उन्हें आवश्यक राजनीतिक एवं प्रशासनिक सुधारों को रेखांकित करने की भी जिम्मेदारी दी गई है।

ये कार्य समूह सरकारी विभागों और सरकार नियंत्रित निगमों की भूमिका को परिभाषित करने के साथ ऐसे उपाय भी सुझाएंगे, जिनसे पार्षदों से लेकर मेयरों तक के



कामकाज की समीक्षा की जा सके। यह किया जाना आवश्यक है, लेकिन क्या राज्य सरकारें नगर निगमों से लेकर शहरी विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले अन्य विभागों को जवाबदेह और कार्यकुशल बनाने के लिए वास्तव में तत्पर हैं? यदि वे अपने शहरों और वहां रहने वाली आबादी का भला चाहती हैं तो उन्हें यह तत्परता दिखानी ही होगी। यह तत्परता इसलिए भी दिखाई जानी चाहिए, क्योंकि आज के युग में शहर विकास के इंजन हैं। देश के विकास के लिए यह आवश्यक है कि हमारे शहर संवरें और उनमें रहने वालों का जीवन सुगम हो।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आनंद-उत्साह और तन-मन की प्रसन्नता आपमें चेतना और स्फूर्ति का संचार करेंगे। नए कार्य हाथ में लेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक मांगलिक प्रसंगों में जाएंगे। मन में कोई निर्णय लेते समय दुविधा की स्थिति रहेगी।

### वृष
आज आप धार्मिक काम और पूजा-पाठ में व्यस्त रहेंगे। मंदिर या किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्रसंग बन सकता है। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मन भी चिंता रहित होगा। प्रवास होगा।

### मिथुन
आज आप का शारीरिक स्वास्थ्य और मनोदशा अच्छी नहीं होगी। परिवार में झगड़े के वातावरण से खिन्नता होगी। शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव होगा। और रिश्तेदारों से मनमुटाव हो सकता है।

### कर्क
आज आप मानसिक रूप से अपने आपको बहुत हल्का महसूस करेंगे। उनके साथ दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। मित्रों एवं स्वजनों से मुलाकात होगी। धन लाभ होगा। चिंता में वृद्धि होगी। मित्रों से मुलाकात होगी और महिलाओं को मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

### सिंह
आप के गृहस्थ जीवन में शांति एवं आनंद का वातावरण होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। मन में छाए हुए चिंता के बादल दूर हो जाने से उत्साह में वृद्धि होगी।

### कन्या
आप का दिन अस्वस्थता और चिंता में गुजरेगा। सर्दी, कफ और बुखार आपको हो सकता है। किसी से पैसों का लेन-देन न करें। जमीन और संपत्ति के काम आज ना ही करें। किसी तरह का महत्वपूर्ण निर्णय आज ना लें। ईश्वर-स्मरण तथा आध्यात्मिकता आपको शांति प्रदान करेगी।

### तुला
आज आपको हर काम संभलकर करना चाहिए। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। नियम विरुद्ध कोई काम आज ना करें। उत्तम भोजन और वस्त्र आभूषण तथा वाहन की प्राप्ति होगी। छाती में दर्द या कोई विकार हो सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन शुभ तथा अनुकूलता से भरा होगा। ऑफिस में सहकर्मचारी तथा अधिकारी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं। परिजनों से उपहार मिल सकते हैं।

### धनु
आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा। क्रोध की भावना पर संयम रखें।

### मकर
आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिवार के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। अधिक लाभ के लालच में आपकी हानि हो सकती है।

### कुंभ
घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखदायक घटनाएं घटेंगी। कार्य में यश और सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा। आवश्यक काम के पीछे धन खर्च होगा। नौकरी में सिद्धि और सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### मीन
आपका आज का दिन अनुकूलता से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप निकटता के क्षण का आनंद उठा सकेंगे। दांपत्यजीवन में मधुरता रहेगी। किसी नए व्यक्ति की ओर से आकर्षण अनुभव करेंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

## शख्सियत

### भुवनेश मुखीजा
**( वरिष्ठ अभियंता,संसद टीवी )**
**बढ़ता राजस्थान**



नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं संसद टीवी में कार्यरत इंजीनियर भुवनेश मुखिजा। इनका जन्म कस्बे राजगढ़ में 6 अगस्त 1987 को हुआ , मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रहे इंजीनियरिंग कॉलेज से वर्ष 2005-09 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग कर के 2010 से लगभग 14 वर्ष से अधिक समय से दिल्ली में विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं ।

विगत 10 वर्षों से अधिक समय राज्यसभा टेलीविजन ( अब संसद टेलीविजन ) को दिया , अब भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त प्रोजेक्ट में वरिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। साइकिल से जुड़ाव दैनिक दिनचर्या में फ्लैट से मैट्रो जाते समय ई रिक्शा का इंतजार न करना पड़े , इसलिए छत से पुरानी स्कूली समय की साइकिल की नवमूरत दे कर शुभारंभ किया था अच्छा लगा कि हम अच्छे से घूम फिर पा रहे हैं। , धीरे-धीरे शहर में इनसे से पूर्व साइकिल से जुड़े अमित सिंघल और विकास मीणा से लगाव बढ़ा , उसके बाद हिमाचल के 100 किलोमीटर का ट्रैक 2017 में , 2019 में अलवर से वृंदावन, 2019 के सावन में अलवर से हरिद्वार से कांवड़ लाना , फिर अलवर दिल्ली , जयपुर आगरा धौलपुर भरतपुर और अलवर ग्रामीण नारनौल और आसपास के क्षेत्र में तकरीबन 22-23000 किलोमीटर की साइकिल दूरी तय की है।

हम साइकिल के जरिए स्वस्थ रह सकते हैं, पर्यावरण को बेहतर रख सकते हैं और शहर में बढ़ते यातायात दबाव में साइकिल चला का शहर के तंग बदहाल सड़कों पर प्रशासन की मदद कर सकते हैं , पार्किंग की समस्या को समझें। अपने कार्यालय भी साइकिल से चले जाते हैं। लोगों को साइकिल चलाने से जोड़कर पर्यावरण को बचाना और लोगों को स्वस्थ बनाए रखना इनकी अनुपम मुहिम में शामिल है। भुवनेश मुखिजा बहुत हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के व्यक्तित्व में जीने वाले इंसान हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 11 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ओत्तो वान विटल्सबाश को 1208 में जर्मनी का राजा चुना गया।
- चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना 1745 में इंग्लैंड में घुसी।
- ब्रिटेन के उपनिवेशों में 1765 में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
- कार्टाहेना कोलंबिया ने 1811 में स्पेन से खुद को स्वतंत्र घोषित किया।
- चिली ने 1836 में बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- द प्रिंस ऑफ़ वेल्स ने 1905 में द प्रिंस ऑफ़ वेल्स संग्रहालय की नींव रखी थी।
- स्वतंत्रता सेनानी तारकनाथ दास ने 1913 में कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर में गदर आंदोलन की शुरुआत की।
- पोलैंड ने 1918 में खुद को स्वतंत्र देश घोषित किया।
- पंजाब से अलग करके 1966 में हरियाणा राज्य का गठन किया गया।
- पहली अंतरराष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी 1973 में नयी दिल्ली में शुरू।
- संयुक्त राष्ट्र ने 1974 में पूर्वी भूमध्यसागरीय देश सायप्रस की स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- अंगोला को 1975 में पुर्तग़ाल से आजादी मिली।

### 11 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- अपने समय के प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार व कवि अल्ताफ़ हुसैन हाली का जन्म 1837 में हुआ।
- प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं मजदूर महाजन संघ की संस्थापक अनसूया साराभाई का जन्म 1885 में हुआ।
- शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलम आज़ाद का जन्म 1888 में हुआ।
- प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ जे. बी. कृपलानी का जन्म 1888 में हुआ।
- अमेरिकी उपन्यासकार (स्लोटर हाउस पांच) कर्ट वोन्नीगट का जन्म 1922 में हुआ।
- भारतीय रिज़र्व बैंक के चौदहवें गवर्नर आई. जी. पटेल का जन्म 1924 में हुआ।

### 11 नवंबर को हुए निधन

- मशहूर फ़िल्म निर्देशक और संगीत में ध्वनि के जानकार देवकी बोस का 1971 में निधन।
- प्रतिष्ठित कवि एवं गीतकार उमाकांत मालवीय का 1982 में निधन।
- कन्नड़ भाषा के कवि व लेखक कुप्पाली वेंकटप्पा पुटप्पा का 1994 में निधन।
- आधुनिक काल के प्रसिद्ध हिन्दी व राजस्थानी लेखक कन्हैयालाल सेठिया का 2008 में निधन।

## विशेष आलेख

# पानी बचेगा तभी बचेगा जीवन, अगले वर्ष तक दुनिया की 14 फीसदी आबादी के सामने बड़े जल संकट की आशंका

**अशोक भाटिया,**



दुनिया भर में पीने के साफ पानी की किल्लत विकराल समस्या बनती जा रही है। धरती पर मौजूद पानी का 97 फीसद समुद्रों में है और तीन फीसद ही पीने योग्य है। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट के अनुसार 2025 तक दुनिया की चौदह फीसद आबादी के सामने जल संकट खड़ा हो जाएगा। अगर पानी की बर्बादी रोकने और जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए तो हालात और खराब हो सकते हैं। धरती पर पानी की खपत लगातार बढ़ रही है। यूनेस्को की ताजा रपट के मुताबिक इस वक्त दुनिया की दस फीसद आबादी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। यह संकट समय के साथ-साथ और गहराता जा रहा है। दुनिया की आबादी का करीब 18 फीसद हिस्सा भारत में रहता है, लेकिन यहां भी धरती के ताजा पानी के स्रोत का केवल तीन से चार फीसद ही उपयोग लायक है।

देखा जाय तो भारत में पानी की बर्बादी पर लोग आम तौर पर परेशान नहीं होते हैं। शहर हो या गांव, हर जगह लोग पानी का बेतहाशा इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकारें भी इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही हैं। लेकिन भारत में पानी की कमी कितनी भयावह हो सकती है इसका अंदाजा आप यूनेस्को की इस रिपोर्ट से लगा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 तक भारत में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। ऐसी आशंका भी जताई गई है कि जल संरक्षण की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण, शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाले समय में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा।

यूनेस्को की रिपोर्ट की मानें तो साल 2016 में धरती पर 9.33 करोड़ आबादी पानी के संकट से जूझ रही थी। उसके बाद कई देशों में जल-संकट काफी तेजी से बढ़ा। रिपोर्ट में एक और बड़ा दावा ये भी किया गया है कि एशिया में लगभग 80 प्रतिशत आबादी जल संकट से जूझ रही है। यह संकट पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर सबसे ज्यादा है। महाराष्ट्र में पारा 40 के पार पहुंच जाता है। चिलचिलाती धूप के कारण मुंबई को जलापूर्ति करने वाले जलाशय तेजी से सूखते रहते हैं। मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सातों झीलों का पानी जुलाई में खत्म हो जाता है । झीलों में पानी का मौजूदा स्तर मुंबईकरों को चिंतित कर रहा है। मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सात जलाशयों में फिलहाल 16 फीसदी पानी बचा है और पिछले साल की तुलना में यह भंडार काफी कम है। मौसम विभाग ने भी चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिन इसी तरह गर्मी जैसे हालात बने रहेंगे, जिसके चलते मुंबई में 15 से 20 फीसदी पानी की कटौती का संकट पैदा हो गया है। हालांकि बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने लोगों को सांत्वना देते हुए कहा है कि शहर में जल आपूर्ति कर रहे सात जलाशयों का भंडार वर्ष के अंत तक रहेगा और निवासियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है

समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) की रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में भी भारत के प्रमुख 21 शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग पानी की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा देश की बढ़ती आबादी भी जल संकट का एक बड़ा कारण माना जा रहा है।

ऐसे में वर्तमान में जल को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले सालों में लोगों को पीने का पानी तक ढंग से मुहैया करवाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। जल को संरक्षित करने के किसी भी प्लान को बनाने के लिए सरकार के पास देश के सभी नदियों और जलाशयों का डेटा होना चाहिए। जो कि सबसे बड़ी चुनौती है। दरअसल वाटर रिसोर्सेज इनफॉरमेशन सिस्टम के पास जलाशय और नदियों का आंकड़ा तो मौजूद है लेकिन अलग-अलग शहरों के छोटी नहरों का कोई डाटा मौजूद नहीं है जिन्हें ग्रामीण भारत की जीवन रेखा माना जाता है और यही नहरें बाढ़ रोकने के लिए बहुत ही ज्यादा कारगर होती हैं। इसके अलावा भारत में पानी के आंकड़े तैयार करने वाली एजेंसियां राज्य स्तर पर हैं और ये राज्य इन डाटा को तैयार करने के विकेंद्रीकृत और लोकल मैकेनिज्म का उपयोग करती हैं।ऐसे में जल निकायों का प्रबंधन करने के लिए, हमें औपचारिक डेटा के साथ एकीकृत करने के लिए समुदायों के प्रासंगिक और पारंपरिक ज्ञान की आवश्यकता है।

आज दुनिया का बड़ा हिस्सा अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए पानी की कमी से जूझ रहा है। इस समस्या को समझते हुए विश्व में पानी की बर्बादी रोकने, महत्व समझने, संरक्षण करने और सही मात्रा में पानी का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए तरह तरह की योजनाएं और तरीके निकाले जाने जरुरी हैं।

भारत में ज्यादातर जल स्रोत जैसे तालाब, कुएं, नहर, नदियां सूखती और प्रदूषित होती जा रही हैं। ये जल संकट की ओर इशारा है, इसलिए इस स्थिति में जल्द से जल्द परिवर्तन लाना बेहद जरूरी है। शहरों में नहर होने के कई फायदे होते हैं ये नहर बारिश के पानी को संरक्षित करने का सबसे आसान और कारगर तरीका है ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## खिलेगा कमल जीतेगी भाजपा : कन्हैयालाल चौधरी

### बूथ प्रमुखो के साथ बैठकर मतदान की बनाई रणनीति



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी देवली उनियारा क्षेत्र के मतदाताओं व आम जन से आव्हान करते हुए कहा है कि प्रदेश की उप चुनाव वाली सातो सीटो पर कमल खिलेगा और भाजपा जीत दर्ज करेगी। चौधरी बीति देर रात्रि तक देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो का भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर के समर्थन में दौरा कर ग्रामीणो से रूबरू हुए। दौरे के दोरान चौधरी बूथ अध्यक्षो से भी मिले। बूथ अध्यक्षो से चोधरी ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलेगा। इसके लिए थोड़ी मेहनत की आवश्यकता है। अभी की गई मेहनत आगे पांच साल तक काम आएगी। उन्होंने बूथ अध्यक्षो से कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथ क्षेत्र के मतदाताओं से मिलकर भाजपा का समर्थन करने एवं भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल के फूल का बटन दबाने के लिए प्रेरित कर अपना नैतिक दायित्व पूर्ण करना चाहिए। गांवो के दौरे के दौरान भी ग्रामीणो से रूबरू होते हुए केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चोधरी ने भाजपा के पक्ष में अधिक से अघिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली वर्तमान प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियो को गिनाते हुए कहा कि गांवो में शहरो जैसी सुविधाऐं उपलब्ध करवाने व गांवो की मूलभूत पानी बिजली, सड़क, और शिक्षा के लिए अनेक योजनाऐं लागू की है। चौधरी ने ग्रामीणो को विश्वास दिलाते हूए कहा कि प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओ ओर अधिक ठोस तरीके से लागू कर प्रत्येक पात्र को इनसे लाभान्वित किया जाकर विकास की मुख्य धारा में शामिल किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणो ने चौधरी व उनके साथ आए भाजपा नेताओ का जोरदार स्वागत किया।

**मतदान की मनाई रणनीति :** चुनाव व मतदान के अच्छे रणनीतिकारो की श्रेणी में शुमार प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवम्बर को होने वाले मतदान को लेकर पंचायत प्रमुखो के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। चौधरी ने सभी पंचायत प्रमुखो को मतदान के दिन की तय कार्ययोजना व रणनीति के अनुसार कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही चौधरी पंचायत प्रमुखो से भाजपा की प्रचंण्ड जीत के लिए कड़ी मेहनत करने का आव्हान किया। इस दौरान चौधरी के साथ भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन, टोडारायसिंह नगरपालिका के अध्यक्ष रहे संत कुमार जैन सहित अन्य कई भाजपा नेता मौजुद रहे।

# देवउठनी एकादशी कल : फिर गूंजेगी शहनाई

## लौटेगी बैंड बाजा, बारात की रौनक, चार माह से बंद मांगलिक कार्य होंगे शुरू

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवउठनी एकादशी) पर 12 नवंबर से शादी-विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी। इस दिन स्वयंसिद्ध अबूझ मुहूर्त होने के कारण करीब चार माह बाद फिर से शहर सहित जिलेभर में शहनाइयां गूंजेंगी तथा सडक़ों पर बैंड-बाजा और बारात की रौनक दिखाई देगी। शादी-विवाह के लिए शहर के मैरिज गार्डन, वाटिकाएं व कई होटल तथा रिसोर्ट बुक हो चुके है। इस दिन मंदिरों में भगवान शालिग्राम और तुलसी विवाह का आयोजन होगा। साथ ही शंख और घंटे-घड़ियाल की ध्वनि के बीच भगवान विष्णु को जगाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं तारा चन्द शास्त्री ने बताया कि करीब चार महिने पूर्व 17 जुलाई को देव शयनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों पर रोक लगी थी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर 12 नवम्बर को देवप्रबोधिनी एकादशी (देवउठनी) पर विवाह आदि मांगलिक कार्य प्रारम्भ हो जाएंगे। हालाकि, इसी बीच 15 दिसंबर को धनु मलमास शुरू हो जाएगा, जो 14 जनवरी मकर सक्रांति तक रहेगा। इसके बाद फिर से शादी-ब्याह सहित अन्य मांगलिक कार्य शुरू होंगे।





### तुलसी विवाह का महत्व

मां कामाख्या शोध संस्थान खेरदा सवाई माधोपुर के अध्यक्ष एवं आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि देव उठनी एकादशी पर होने वाले तुलसी विवाह का विषेश महत्व है। तुलसी को विष्णु प्रिया भी कहा जाता है। अत- देवउठनी एकादशी पर देवता जब जागते हैं, तो सबसे पहली प्रार्थना तुलसी की ही सुनते हैं। अत- तुलसी विवाह का अर्थ है कि तुलसी के माध्यम से भगवान का आह्वान करना। शास्त्रों में भी उल्लेख है कि जिन दंपत्तियों के कन्या नहीं होती, वे एक बार तुलसी का विवाह कर कन्यादान करें।

### नवंबर में 10 एवं और दिसंबर में नो दिन रहेंगे सावे

ज्योतिषाचार्य पंडित तारा चंद शास्त्री ने बताया कि भगवान विष्णु क्षीर सागर में चार माह शदन के बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी को निद्रा से उठेंगे। एकादशी तिथि 11 नवम्बर को शाम 6.47 बजे से प्रारंभ होकर 12 नवम्बर को शाम 4.05 मिनट तक रहेगी। उदय व्यापनी एकादशी 12 नवंबर को होने से इसी दिन उपवास रखा जाएगा। इसके साथ ही चार माह से बंद मांगलिक कार्य 12 नवंबर को देव प्रबोधनी एकादशी के अबूझ मुहूर्त के साथ शुरू हो जाएंगे। अबूझ सावा होने के कारण सवाई माधोपुर जिले सहित प्रदेशभर में शहनाइयों की गूंज रहेगी। मंदिरों में देवोत्थापन अनुष्ठान होंगे और ठाकुरजी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। प्रदेश में करीब 30 हजार शादियां होंगी। ज्योतिषाचार्य पंडित तारा चंद शास्त्री ने बताया कि देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णु के जागने पर शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे। देवउठनी एकादशी अबूझ सावे के बाद 22, 23, 24, 25, 26, 27 नवंबर को और दिसंबर में 5, 6, 7, 11 तारीख को विवाह के श्रेष्ठ मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद 15 दिसंबर को सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही धनु मल मास प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। अगले साल 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही पुनः मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो पाएगा।

### एक माह बजेगी शहनाई

हिंदू कैलेंडर के अनुसार नवंबर माह में दस एवं दिसम्बर माह में कुल नो दिन विवाह मुहूर्त है। नवम्बर महिने की 12, 13, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28 और 29 तारीख को विवाह के शुभ मुहूर्त है। इसी तरह 4, 5, 9, 10, 11, 13, 14, 15, 16 दिसंबर को विवाह के मुहूर्त आएंगे। इसके बाद एक महीने तक सावे नहीं हैं।

### बैंड बाजे समेत सब हुए बुक

शादी के बंपर सीजन को देखते हुए विवाह स्थल होटल, धर्मशालाओं सहित वाहनों के लिए भी एडवांस बुकिंग कराई जा चुकी है। और एडवांस बुकिंग के चलते टेंट हाउस, हलवाई, पंडित, चाट बैंड और डीजे सहित विवाह में कान करने वाले लोग भी नवंबर और दिसंबर में व्यस्त रहेंगे।

# विधानसभा उप चुनाव में सरकार धन- बल का दुरुपयोग कर आम जनता को गुमराह कर रही है : सचिन पायलेट

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा ( अजय जैन )।** टोंक विधायक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि राज्य में हो रहे विधानसभा उप चुनाव में जनता भाजपा को नकार रही है। कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना हुआ है जिससे बौखलाकर भाजपा सरकार चुनाव में धन बल का दुरुपयोग कर आमजन को प्रभावित कर रही है। लेकिन राज्य की जनता भाजपा के 10 माह के कार्यकाल से संतुष्ट नही है। इस बार उप चुनाव में राज्य की सभी सातों सीटो पर कांग्रेस जीत कर आएगी। पायलेट देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याक्षी के सी मीणा के समर्थन में जैन नसिया के पास आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। पायलेट ने कहा कि कांग्रेस संगठन इस बार सबकी सहमति से स्थानीय नए उम्मीदवार का चयन कर टिकट दिया है। नया चेहरा होने के कारण सकता है चुनावी मैनजमेंट में कमी हो रही हो। यहां चुनावी मैनेजमेंट में सुधार की जरूरत है। कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका कार्य क्षेत्र देवली उनियारा के नजदीक टोंक रहा है। इस क्षेत्र की जनता कांग्रेस को चाहती है। पिछले दो विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र की जनता ने भाजपा को नकारती आ रही है इस बार भी भाजपा अपनी पूरी सरकार की ताकत लगा दे। कांग्रेस को नही हरा सकती यह इस क्षेत्र की जनता के विश्वास पर हम दावा कर सकते है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलेट ने कहा कि झारखंड एवं महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।वही केरल में जनता का भरपूर सहयोग व आशीर्वाद मिल रहा है वहा हमारी नेता प्रियंका गांधी 5 लाख से अधिक मतों से विजयी होगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। केंद्र सरकार को बिना देरी किए कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे देना चाहिए। सभा को सम्बोधित करते हुए टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरीश चंद मीणा ने कहा कि कुछ लोग अपने पथ से भटक गए है, ऐसे लोग अवसरवादी होते है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमे ( कांग्रेस) को निराश नही किया है। ओर हमने भी इस क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोड़ी है। कुछ लोगो को अपने वयक्तिगत स्वार्थों की वजह से नाराजगी हो सकती है लेकिन हमने व्यक्तिगत स्वार्थ की जगह आमजन के स्वार्थ को ज्यादा तरजीह दी है। सांसद हरीश मीणा ने क्षेत्र के विकास, आमजन के सुखदुख के साथी मिलनसार व बेदाग छवि वाले कांग्रेस प्रत्याक्षी के सी मीणा को अपना मत व समर्थन देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।




इससे पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का हेलीपेड पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिभाई, महासचिव दिनेश चौरासिया, सलीमुद्दीन खान, प्रत्याक्षी के सी मीणा सहित वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया। सभा को एआईसीसी सचिव दानिश अबरार, सांसद हरिश्चंद्र मीणा, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, विधायक एवं चुनाव प्रभारी हरिमोहन शर्मा ,विकास चौधरी , प्रशांत शर्मा , घनश्याम मेहरा, श्रीमती राखी गौतम, करण सिंह उचियारड़ा, महेंद्र सिंह खेड़ी, अशोक बैरवा, हरिप्रसाद बैरवा, घासीलाल चौधरी, निर्मल चौधरी, राकेश पारीक , राजेश चौधरी, करण सिंह राठौड़ ने भी सम्बोधित किया। कांग्रेस प्रत्याक्षी के सी मीणा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए 13 नवम्बर को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# रामलाल ताखर जिलाध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष के पद पर मालपुरा के रामलाल ताखर को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है।

शनिवार को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट की देखरेख में पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के जिला शाखा के चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर मालपुरा के रामलाल ताखर को जिलाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान जिले की सभी ब्लाक शाखा के पदाधिकारियो के अलावा भगवान सहाय शर्मा, पंकज गुप्ता, रामधन गुर्जर, निवर्तमान अध्यक्ष महावीर धाकड़, निवर्तमान जिला महामंत्री मुकेश जाट, गणेश शर्मा, रामेश्वर प्रसाद सहित पंचायती राज विभाग के अन्य कई मंत्रालयिक कर्मचारी मौजुद रहे। वहीं रामलाल ताखर के जिलाध्यक्ष बनने पर मौजुद कर्मचारियो ने रामलाल ताखर सहित निर्वाचन अधिकारी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट का मालाऐं पहना कर स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया।



# देव उठनी एकादशी पर बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** इन्दिरा कालोनी में स्थित श्याम मन्दिर में देव उठनी एकादशी पर बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि जन्मोत्सव पर बाबा श्याम का पंचामृत से अभिषेक कर बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान मन्दिर प्रांगण में एकादशी की कथा का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम जन्मोत्सव पर मन्दिर प्रांगण में दिनभर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें लक्ष्मीकांत खंडेलवाल जयपुर व सोमेश जैन जयपुर सहित स्थानीय गायक भजनों की प्रस्तुति देंगें। इस दौरान छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। रात्रि में महाआरती कर भक्तों को प्रसादी वितरण की जाएगी।



# श्रद्धापूर्वक मनाई आंवला नवमी, महिलाओं ने किया आंवले का पूजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** देश भर में रविवार को कार्तिक मास की नवमी आंवला नवमी श्रद्धापूर्वक मनाई । शहर में महिलाओं ने विभिन्न स्थानों पर आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना की साथ ही सुख समृद्धि, सुहाग के दीर्घायु होने सहित सभी के मंगल कामना की!

शिव शक्ति शरणम् ज्योतिष संस्थानम के आचार्य पंडित शिवदयाल शास्त्री के अनुसार अक्षय नवमी के दिन किया गया पुण्य कभी समाप्त नहीं होता है। सनातन धर्म में आंवला नवमी का विशेष महत्व है। इस दिन आंवला वृक्ष का पूजन और दान करने से माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। आंवला नवमी के दिन ? नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करना विशेष फलदायी माना गया है।

इस मंत्र का जाप करते हुए आंवला वृक्ष की परिक्रमा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सौभाग्य की वृद्धि होती है। आचार्य शिवदयाल शास्त्री ने बताया कि नारद पुराण के अनुसार जो भी प्राणी 'अक्षय नवमी' को जप, दान, ब्राह्मण पूजन और होम करता है,उसका वह सब कुछ अक्षय होता है,ऐसा ब्रह्माजी का कथन है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार कुछ चीजों का दान करने से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति आती है। आचार्य शिवराज शास्त्री ने बताया कि आंवला नवमी पर आंवले के पौधे का दान करना विशेष पुण्यकारी माना गया है। आंवला का वृक्ष दान करने से भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है और यह जीवन में समृद्धि, सौभाग्य, और स्वास्थ्य लेकर आता है। साथ ही, यह दान पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान करता है, जिससे हमारे चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



# मोरिया वाले बालाजी मंदिर में हुआ अन्नकूट

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** मोरिया वाले बालाजी मंदिर में बालाजी मंडल के तत्वावधान में रविवार को अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने दिनभर सत्संग व भजन कीर्तन किया। कीर्तन के बाद रामभाजा, पूडी, माल पुआ, खीर एवं मेवे का बालाजी महाराज के भोग लगाया गया। इसके बाद आरती की गई। अन्नकूट महोत्सव को लेकर रंग बिरंगी लाइटिंग से मंदिर को सजाया गया। इस अवसर पर मंदिर मंहत सौरभ दास, पुजारी बजरंग स्वामी, ओमप्रकाश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सीताराम अग्रवाल, मदनलाल सैनी, अशोक पारीक, गणेशलाल सैनी, हरिनारायण शर्मा, इंदिरा देवी, कमला देवी एवं रामदयाल स्वामी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।



### घरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

## जिला स्तरीय मंथन शिविर 11 को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर की पालना में घरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय मंथन शिविर का आयोजन जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार 11 नवंबर को दोपहर 3 बजे डीओआईटी वीसी कक्ष, कलेक्ट्रेट, सवाई माधोपुर में किया जाएगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धारा सिंह मीणा बताया कि मंथन शिविर में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त उपखण्ड अधिकारी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ पंचायत समिति के डीओआईटी वीसी के कक्ष में वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर जुड़ना सुनिश्चित् करेंगे।

## जल वितरण समिति की बैठक 11 को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रबी फसल वर्ष 2024-25 में मानसरोवर बांध, सूरवाल बांध एवं ढील बांध से सिंचाई के लिए जल वितरण समिति की बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में 11 नवंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जल संसाधन खण्ड सवाई माधोपुर के अधिशाषी अभियंता एवं सदस्य सचिव जल वितरण समिति अरूण शर्मा ने यह जानकारी दी।

# प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां जोर शोर से

### तहसील की 250 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** विप्र फाउण्डेशन मालपुरा के तत्वावधान में 17 नवम्बर को आयोजित होने वाले तहसील स्तरीय सम्मान समारोह की तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

फाउण्डेशन के तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा व महामंत्री अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि फलोदी बालाजी के निकट कोमल पेराडाइज में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गठित आयोजन समिति एवं समारोह को लेकर गठित समितियो में शामिल विप्र बंधु दिन रात काम कर समारोह को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस समारोह में मालपुरा तहसील के विप्र समाजबंधुओं की लगभग 250 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व शील्ड प्रदान की जाएगी। उन्होंने मालपुरा तहसील के विप्र बंधुओं से आव्हान किया है कि हमारा प्रयास यही है कि विप्र समाज की सभी प्रतिभाओं का सम्मान हो और पात्र प्रतिभा सम्मान से वचिंत नहीं रहे।

साथ ही विप्र समाज बंधु भी आगे आकर अपने अपने क्षैत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करवाने में योगदान कर सभी प्रतिभाओं का सम्मान के लिए पंजीयन करवाऐं।

# अवैध बजरी से भरे हुए 2 ट्रैक्टर ट्रॉलियों जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध बजरी से भरे हुए 2 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी जयमलसिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव सजिया के तालाब के समीप से एक ट्रैक्टर ट्राली व गांव कनेसर के समीप से दूसरे ट्रैक्टर ट्रॉली को मय बजरी के जब्त किया है। दोनों ट्रैक्टर ट्राली को सुरक्षार्थ पुलिस थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।

# महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर मनाई आंवला नवमी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कार्तिक मास में स्नान करने वाली महिलाओं ने रविवार को आंवला नवमी को लेकर श्रीराधामोदर मंदिर व नया मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर आंवले के वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की 108 परिक्रमा लगाई। रविवार की सुबह शहर ग्रामीण क्षेत्र की सैकडों महिलाएं राधादामोदर कुंड पहुंची। जहां कुंड पर स्नान किया। आंवला नवमी को लेकर मंदिर पुजारी ने भगवान राधा दामोदर का पंचामृत से मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया तथा फूलों से आकर्षक झांकी सजाकर आरती की। इसके बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से आंवले के पेड़ के नीचे कहानी सुनकर आंवले नवमी का व्रत खोला।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की जिला महिला संगोष्ठी 17 को

## उप शाखा भुसावर की बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के महिला बैंक की बैठक 17 नवंबर को जिला मुख्यालय पर आहूत होगी। इसको लेकर मनमोहन शर्मा एवं राम सिंह गुर्जर की उपस्थिति में भुसावर उप शाखा अध्यक्ष बाल स्वरूप पांडे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में नवीन कार्यकारिणी को पदभार हस्तांतरण करवाकर समस्त कार्यक्रमों को संचालन करने का आवान किया गया। 17 नवंबर को भरतपुर खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित होने वाली जिला महिला संगोष्ठी के लिए दायित्व निर्धारित किये। मंत्री हेमेन्द दत्तात्रेय द्वारा स्थानीय उप शाखा में रिक्त पदों पर मनोनयन किया गया। इस अवसर पर संजय पांडेय, ललित सिंहल, उषा गोयल, दीपक पांडेय, गोविंद माधव, सुभाष शर्मा, चेतन अवस्थी, तरुण देव, नेतराम , राहुल , आरती पांडेय, चंचल सोलंकी, रेणू सोलंकी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज, टेक्नोलॉजी पार्क, सेवर में अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कॉलेज निदेशक आलोक शर्मा के अनुसार 10 नवंबर रविवार को महाराजा सूरजमल बृज यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में श्री हरि दत्त डिग्री कॉलेज, टेक्नोलॉजी पार्क, सेवर द्वारा अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का किला स्थित कराटियंस जूडो अकादमी में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता से पहले सभी खिलाड़ियों के प्रमाण पत्रों की जांच की गई, तत्पश्चात कूपर टेस्ट के अंतर्गत खिलाड़ियों ने 2400 मीटर की दौड़ लगाई। जूडो प्रतियोगिता में सात महाविद्यालयों के चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट खिलाड़ियों में भरतपुर से अब तक पहली बार 37वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाली जूडो खिलाड़ी शिवानी सिसोदिया, गत वर्ष अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में आयोजित साउथ वेस्ट जूडो जोन में महाराजा सूरजमल बृज यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी अंकेश्वर बेलारा कला ने 90 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता व पंचकूला में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले जूडो खिलाड़ी हिमांशु चौधरी का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में निर्णय की भूमिका ओंकार पंचोली, दिगपाल सिंह, दया कुंतल, रोहित गुर्जर ने निभाई। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के खेलप्रभारी विनोद अवस्थी, डॉक्टर पुष्पेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र चौधरी, विजय सिंह, सत्यवीर सिंह, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे। आज की प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी 22 से 25 नवंबर तक एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित होने वाली साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# सभा में नेता प्रतिपक्ष ने पायलट का हाथ पकड़ा

## पूर्व मंत्री को पहले भाषण देने को कहा; सचिन बोले- बस एक लाइन कहनी है

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में रविवार को मंच पर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के बीच कन्फ्यूजन वाली केमिस्ट्री दिखी। मंच संचालक ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के संबोधन के बाद अचानक अगले वक्ता का नाम लेना शुरू किया। उससे पहले सचिन पायलट अपनी सीट से खड़े होकर माइक की तरफ संबोधन के लिए चल दिए। लेकिन, उनसे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को संबोधन के लिए आवाज दी।

वीडियो में हंसी-मजाक करते आए कांग्रेस नेता जब सचिन पायलट माइक की तरफ बढ़े तो उनको नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने हाथ पकड़ कर रोका। इसी बीच जितेंद्र सिंह तुरंत माइक की तरफ बढ़े और फिर बात साधने की कोशिश करते हुए कहा कि मैं और सचिन पायलट पहले ही बातें कर रहे थे कि एक लाइन आप बोलो एक मैं बोल लेता हूं।

फिर जितेंद्र सिंह ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने मान सम्मान दिया। मैंने पहले ही पायलट साहब से कहा कि एक लाइन आप बोलो, एक मैं बोल लेता




हूं। फिर सीधे ही कहा कि बड़ी जीत का मार्जिन होना चाहिए। ये जो हाथी बिल्कुल पागल हो गया। मस्त हो गया और रौंदता जा रहा है पूरे राजस्थान को। उस पर नकेल डालने का काम राजस्थान से शुरू होगा। राजस्थान की जनता 13 तारीख का इंतजार करने में लगी है। उसके बाद में जितेंद्र सिंह ने संबोधन शुरू किया। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि लोकतंत्र में तराजू बराबर होना चाहिए। लेकिन बीजेपी सरकार के गठन के बाद सत्ता के अनेक केंद्र बन गए हैं। विधायकों पर बाबू हावी हैं। मुख्यमंत्री पर मंत्री हावी हैं। मंत्रियों पर उद्योगपति हावी हैं। 11 महीने में पता चल गया सरकार नहीं चला पा रहे हैं। रामगढ़ में सीएम में आ रहे हैं। डबल इंजन की सरकार है। फिर भी उप चुनाव में दो-दो बार मुख्यमंत्री को आना पड़ रहा है। दिवंगत विधायक जुबेर खान के कामकाज की तारीफ की। वहीं बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इनके नेता मंदिर मस्जिद करते आ रहे हैं। विकास के नाम पर वोट नहीं मांगते हैं। किसानों के खिलाफ कानून बनाए हैं। अब जनता समझ चुकी है।

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा गरीबों ने मनाई काली दिवाली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि दीपावली गरीब की होती है। भगवान श्रीराम जब वनवास से आए तो सब गरीबों ने दीपक जलाए थे। लेकिन अब दिवाली से पहले गरीबों को पेंशन तक नहीं दी गई। एक तरह से भजनलाल सरकार के रहते गरीबों ने काली दिवाली मनाई है। अब जनता उनको सबक सिखाएगी।

# इस माह 12 व 22 नवंबर को अच्छे सावे, मैरिज होम, टेंट, हलवाई और बैंड वादक तैयारियों में जुटे

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** करीब पांच माह उपरांत 12 नवंबर देवउठनी एकादशी से प्रारम्भ हो रहे वैवाहिक सीजन के साथ सोने-चांदी के भावों में आई तेजी से नव वर-वधु के लिए सोने-चांदी के आभूषण खरीदना काफी महंगा रहेगा। वर्ष की शुरुआत में जहां 22 कैरेट सोने की कीमत 60-65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम था, वही दीपावली पर 22 कैरेट सोने की कीमत 75-76 हजार रुपए व 24 कैरेट सोने की कीमत 81 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम होने से वैवाहिक सीजन में आभूषणों की खरीदारी महंगी साबित हो रही है। इसके बावजूद परिवार में वैवाहिक रस्म के दौरान नववधू के साज श्रृंगार में शामिल आभूषणों की डिमांड बनी हुई है। यहां सर्राफा बाजार में सोने चांदी के नए आभूषण खरीदने, पुराने गहनों को तैयार कराने को लेकर ग्राहकों की चहल-पहल बनी हुई है। 12 नवंबर से 6 मार्च तक वैवाहिक सीजन का दौर रहेगा। इसमें पिछले 11 जुलाई को अंतिम सावे के बाद मलमास शुरु होते ही शादी विवाह में ब्रेक लग गए। वही 12 नवंबर से फिर शहनाइयों व बैंड बाजों के धुन वैवाहिक सीजन से शुरु होने जा रहे है। ऐसे में दीपावली से ही त्योहारी व वैवाहिक सीजन की खरीदारी शुरु हुई । वर-वधु के लिए सोने-चांदी के आभूषणों की जरूरत भी पूरी होने लगी है। देवउठनी एकादशी पर्व नजदीक आते ही ग्राहकी भी बढ़ने लगी है। सर्राफा व्यापारियों ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से लेकर अभी तक सोने में करीब 10-15 हजार रुपए की तेजी देखी




गई। वही चांदी में भी 25 हजार रुपए की तेजी बनी हुई है। पिछले वैवाहिक सीजन में जून माह में सोने के भाव 68 से 70 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम थे। जबकि पांच माह में भावों में तेजी हुई है।

### कई वर-वधू पक्ष के लोगों ने 5 माह पहले ही बुक कर लिए थे मैरिज होम, खरीदारी शुरू -

शादियों में वर-वधु पक्षों के साथ सम्मिलित होने वाले मेहमान व परिचितों के लिए बुक हुए मैरिज होम में डेकोरेशन का कार्य शुरू हो चुका है। मेरिज होम संचालक प्रवीण गर्ग ने बताया कि कि देवउठनी एकादशी पर शादी के लिए पांच माह पहले एडवांस बुकिंग हो चुकी है। इसमें दीपावली तक रोजाना 5-6 लोगों के कॉल बुकिंग के लिए आ रहे थे। इसके बाद 22 नवंबर को काफी शादी है। लेकिन अभी भी बुकिंग के लिए फोन कॉल आ रहे है। यही स्थिति टेंट से जुड़े कारोबारियों की है। इसमें किसी ने दो या तीन शादियों में टेंट व्यवस्था की बुकिंग कर चुके है, लेकिन कई कॉल अभी भी आ रहे है। इधर, घोड़ी बग्घी में मरम्मत कार्य, सजावट व रंग रोगन का कार्य हो चुका है।

नवंबर में दो बड़े सावे, फरवरी में शादियों की धूम रहेगी- शादी के बहाने लंबे अरसों बाद अपनों से मुलाकात, डांस की मस्ती, खूब एन्जॉय, खाना-पीना सब कुछ खास होता है। देवउठनी एकादशी यानी 12 नवंबर से इसकी शुरुआत हो रही है। ज्योतिषाचार्य परसोत्तम पाराशर ने बताया कि नवंबर में 12 व 22 में अच्छे सावे है।

इसके बाद दिसंबर में 2, जनवरी में 16, 17, 18, 21 व 22 जनवरी को शादी है। वही फ़रवरी में 7, 13, 14, 18, 20, 21, 25 को प्रमुख सावा है। मार्च में 5 व 6 मार्च को शादी है। शहर में मैरिज होम संचालक, टेंट व्यवसायी, बैंड वादक तैयारियों में जुटे हुए है। वही बैंड वादक फिल्मी गीतों पर निरंतर अभ्यास करते हुए नजर आ रहे है।

# गाय को बचाने के चक्कर में बोलेरो पलटी,दो की मौत:तनोट माता के दर्शन कर लौट रहा था परिवार; 7 घायल, 3 की हालत गंभीर

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर ( नि.स. )।** जैसलमेर में गाय को बचाने के चक्कर में बोलेरो पलटी खा गई। हादसे में एक ही परिवार की महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। हादसा रामगढ़ इलाके में शनिवार देर रात 2 बजे हुआ।

पुलिस के अनुसार ओसियां के पांचला खुर्द गांव के रेवतराम (60) अपने परिवार के साथ शनिवार को तनोट माता दर्शन करने गए थे। रात 2 बजे वे परिवार के साथ बोलेरो से लौट रहे थे। रामगढ़ बाइपास के पास बोलेरो सामने अचानक गाय आ गई। अनियंत्रित हुई गाड़ी पलटी खाते हुए सड़क से नीचे उतर गई। गाड़ी में बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। इस दौरान पीछे आ गई गाड़ी में सवार लोगों बोलेरो को पलटते हुए देखा। वे पहुंचे तो लोग बोलेरो में फंसे हुए थे। हादसे में रेवतराम, उसकी पत्नी बेबी (55), बेटा प्रकाश (25), दिनेश (25), साले चेनाराम (42), छोटे भाई की पत्नी अनु (34), उसकी बेटी लक्षिता (4) और पूना राम (27), किरण (24) घायल हो गई। घायलों को एंबुलेंस से रामगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चेनाराम और किरण को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में 3 की हालत गंभीर बनी हुई है।कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई

रामगढ़ एसएचओ जयकिशन सोनी ने बताया कि अचानक गाय सामने आने से कार पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों का इलाज चल रहा है।

### 100 की स्पीड में थी कार

जानकारी सामने आई है कि ये सभी लोग शनिवार सुबह गांव से तनोट माता के दर्शन के लिए निकले थे और शाम 5 बजे करीब वहां पहुंचे थे। शाम को आरती के बाद वहीं खाना खाकर देर से निकले थे। बताया जा रहा है कि गाड़ी करीब 100 की स्पीड में थी, ड्राइवर को नींद की झपकी आने से भी हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

# महिला को घर के सामने लघुशंका करने से टोका, पड़ौसी के छप्परपोश में लगाई आग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कोतवाली थाना इलाके के गांव कनावर में घर के सामने लघुशंका करने से मना करने पर गुस्साए पड़ोसियों ने महिला के छप्परपोश घर में आग लगा दी। पीड़ित महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में दावा किया है कि आग से घर में रखा सारा घरेलू सामान सोने चांदी के जेवर समेत एक लाख की नगदी जलकर खाक हो गई। गांव कनावर निवासी पीड़ित महिला अनीता जाटव पत्नी सोहन सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पड़ोस की महिला रामपति पत्नी पूरन उसके घर के सामने टॉयलेट कर रही थी। घर के सामने टॉयलेट करने से रोकने पर रामपति



गुस्सा हो गई और गाली गलौज करने लगी। इसके बाद महिला के बेटे मुकेश और राम सिंह मौके पर आ गए। जिन्होंने गुस्से में आकर उसके छप्परपोश घर में आग लगा दी। आग से घर में रखा कूलर, टीवी, बक्सा, बर्तन, बिस्तर, चारपाई, अनाज सहित सोने-चांदी के जेवर मंगलसूत्र, अंगूठी, पायजेब और एक लाख की नगदी जल गई। घटना में जले एक लाख रुपए फाइनेंस कंपनी का लोन चुकाने के लिए रखे हुए थे। पीड़ित महिला ने बताया कि घटना के बाद से वह खुले आसमान के नीचे आ गई है और दाने-पानी तक को मोहताज हो गई है। कोतवाली थाने के एसआई करतार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच हैड कांस्टेबल नेतराम मीणा को सौंपी गई है।

# डेढ़ माह से फरार फायरिंग का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** करीब डेढ़ महीने पहले आपसी कहासुनी के बाद फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में बयाना कोतवाली थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी लवकुश ब्राह्मण (24) गढीबाजना थाना इलाके के गांव शाहपुर का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायिक में जेल भेजने के आदेश दिए गए। डिप्टी एसपी कृष्ण राज ने बताया कि 29 सितंबर की शाम करीब 6 बजे बयाना कस्बे के निकट बेड़िया बस्ती में लाल दरवाजा निवासी मनोज उर्फ पुलपुल जाटव और लवकुश ब्राह्मण के बीच किसी बात को लेकर



आपस में कहासुनी हो गई थी। इस बीच लवकुश और उसके दो साथियों ने मनोज जाटव पर अवैध कट्टे से फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोली मनोज के सिर को छूती हुई निकल गई। जिससे उसकी जान मुश्किल से बची। गोली के बारूद से चेहरे पर जगह-जगह निशान बन गए। इसके बाद लवकुश और उसके साथी मनोज की बाइक को भी छीन कर ले गए। घटना को लेकर पीड़ित मनोज ने मामला दर्ज कराया था। डीएसपी ने बताया कि थाना प्रभारी बाबूलाल गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले के मुख्य आरोपी लवकुश ब्राह्मण को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी द्वारा तीन दिन पहले कस्बे के पंचायत समिति रोड स्थित एक ढाबे पर भी फायरिंग करने की भूमिका सामने आई है।

# खाली प्लॉट में कृषि कार्य बिक्री के लिए रखें पाइपों में लगी आग: आग की चपेट में आई दोनों पड़ोसियों की दीवारों में आई दरारें

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के बट्टा मार्केट में शनिवार रात को खाली पड़े प्लॉट में रखे प्लास्टिक के पाइपों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस आग से पड़ोस की दुकानों की दीवारें चटक गईं। आग की भयंकर लपटों और जलती हुई बदबू से दुकानों के ऊपर बने घरों में रह रहे लोगों को घटना का पता चला। लोगों की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस और नगर पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। लगभग एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

घटना में करीब डेढ़ से दो लाख रुपए के प्लास्टिक पाइप जलकर नष्ट हो गए, जबकि पड़ोस की दोनों दुकानों की दीवारें जगह-जगह से चटक गईं। खाली प्लॉट के बगल में एक शराब की दुकान भी है, लेकिन गनीमत रही कि आग शराब की दुकान तक नहीं पहुंची, अन्यथा यह एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद सुबह मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय दुकान मालिक संतोष सिंघल, जवाली धाकड़ और गिरीश अग्रवाल ने बताया कि उनकी दुकानों के बीच स्थित खाली कमर्शियल प्लॉट में पास के एक दुकानदार के सिंचाई के काम आने वाले प्लास्टिक पाइपों के बंडल रखे हुए थे। शनिवार रात करीब एक बजे अज्ञात कारणों से पाइपों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और 30 फीट तक लपटें उठने लगीं। सूचना मिलने पर नगर पालिका की दमकल विभाग तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, अन्यथा आग आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी।

इसी रात बयाना सदर थाना क्षेत्र के गांव चकबीछी में भी आगजनी की एक घटना सामने आई। स्थानीय ग्रामीण परमानंद



स्वामी के घर के पास रखी बाजरे की कड़वी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस आग में करीब 120 कुंटल कड़बी जलकर राख हो गई। आग देखकर परमानंद और उनके पड़ोसियों ने मिट्टी और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आगे ने तेजी से जलते हुए सारी कडबी को जलाकर राख कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

# सृजक ने महिला आश्रम में मनाया दिवाली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर की प्रतिष्ठित सामाजिक साहित्यिक संस्था - सृजक की ओर से संस्था अध्यक्ष डा0 अंजना अनिल के नेतृत्व में वैशाली नगर स्थित अपना घर महिला आश्रम में 122 प्रभु महिलाओं के बीच संस्थान का दिवाली मिलन समारोह मनाया गया । सृजक संस्थान के सचिव रामचरण राग ने बताया कि इस अवसर पर प्रसिद्ध बाँसुरी वादक सुभाष नकड़ा ने बाँसुरी पर अनेक गीत सुनाकर प्रभु महिलाओं को भाव विभोर कर दिया , वरिष्ठ कवि रघुवर दयाल जैन ने मीरा का भजन व अपने लोकगीतों से उपस्थित सभी का मनोरंजन किया , वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल राम शर्मा दिवाकर ने गीत सुनाकर वातावरण को सरस बना दिया । महिला आश्रम के साथी राज नारायण सैन ने आश्रम के नियमों की विस्तृत जानकारी दी। सृजक के दिवाली मिलन समारोह में महिला आश्रम की 122 महिला प्रभुओं को दोपहर का स्पेशल भोजन भी कराया गया । इस अवसर पर महिला आश्रम के पूर्व अध्यक्ष अशोक आहूजा , सृजक संस्थान के संरक्षक भरत सिंह अहरोदिया, अनिल कौशिक, उपाध्यक्ष खेमेन्द्र सिंह चन्द्रावत , कोषाध्यक्ष हेमराज सैनी, डॉ0 बीना गुप्ता, कैलाश चंद सैनी , सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र क्रांतिकारी एवं इं0 मनीष गुप्ता आदि अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे ।



## अग्रसेन विकास परिषद ने मनाई गोपाष्टमी

### श्री गोविन्द गौशाला बरखेड़ा में गायों को चारा, गुड़ और दलिया खिलाया



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )** । अग्रसेन विकास परिषद के सदस्यों ने गोपाष्टमी पर्व पर श्री गोविन्द गौशाला, बरखेड़ा में जाकर गायों की सेवा की। अध्यक्ष अंजू सिंघल ने बताया कि महापर्व गोपाष्टमी के दिन गायों की सेवा करने से100 गुना पुण्य का लाभ होता है। इस अवसर पर गायों को चारा, गुड़ और दलिया खिलाया गया। उन्होंने गायों की दुर्दशा पर चिंता जाहिर की और गायों के संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। महामंत्री ने कहा कि इस दिन गायों की पूजा का अत्यधिक धार्मिक महत्व होता है। गोपाष्टमी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान कृष्ण की पूजा और गायों की पवित्रता को समर्पित है। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर मीनू गुप्ता, नेहा गोयल, लीला सिंघल, कुसुम गर्ग, कविता गोयल, हेमा अग्रवाल, पुरुष अध्यक्ष विजय गर्ग, प्रदीप जी सिंघल, डॉ. गोविंद सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## श्री राम मंदिर में भागवत कथा : गौकर्ण जन्म की कथा सुनाई

### भगवान के 24 अवतारों का किया वर्णन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )**। श्री राम मंदिर झालरबावड़ी मे चल रही भागवत कथा मे पंडित राजेंद्र शास्त्री महाराज ने गौकर्ण के जन्म की कथा सुनाई। कथा मे शास्त्री महाराज ने बताया की गौकर्ण जैसा सुपुत्र पूरे परिवार को तार देता है, साथ ही भगवान के 24 अवतारो का भी वर्णन किया गया, जिसमें भगवान सुखदेव जी महाराज की झाँकी सजाई गई। इस अवसर पर आयोजन कर्ता मांगीलाल शर्मा, कमला शर्मा, सुरेश व्यास, राधेश्याम व्यास, गौतम समाज नवयुवक मंडल अध्यक्ष सुशील शर्मा, किसान नेता राधेश्याम बोहरा, कन्हैया लाल शर्मा, गोविंद शर्मा फॉरेस्टार, गिरीश बाबू, गोपाल माहेश्वरी साहित भक्तगण मोजुद रहे।

## वार्ड 11 में महाकालेश्वर शिव मंदिर के पास इंटरलॉकिंग कार्य शुरू नगरवासियों को जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )**। वार्ड नंबर 11 में बढ़ के पेड़ के पास महाकालेश्वर शिव मंदिर का निर्माण किया गया । नगर प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया की वार्ड वासियों द्वारा चेयरमैन को इस गार्डन में अंदर इंटरलॉकिंग के लिए कराया गया चेयरमैन ने जल्दी से जल्दी इसका कार्य शुरू करवाया गया । नगर प्रवक्ता बीजेपी शरद शर्मा ने इसके लिए विधायक सुरेश धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष मधु कवर हाडा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार बाधवा और नगर अध्यक्ष राजू दशोरा और महिला कमेटी और शिवदयाल,नारायण सिंह झाला,अरविंद, नेमीचंद शर्मा और अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इन्होंने सभी का इस कार्य को करने में आभार व्यक्त किया।

## शिव महापुराण में शिव विवाह पर अचार्य भूपेंद्र शास्त्री ने कहा बूंदी के विकास के लिए शक्ति को जागृत करना पड़ेगा

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( नि.स. )** । चारभुजा मंदिर में चल रही शिव पुराण महा कथा के सातवें दिन शिव विवाह प्रसंग के दौरान आचार्य भूपेंद्र शास्त्री कहते हैं कि हिमाचल की पुत्री के साथ शिवजी का विवाह किया गया, शिव के विवाह के बारात में कीड़े मकोड़े लेकर हाथी, घोड़े, भूत , प्रेत सभी गए ।और भगवान शंकर का विवाह बड़े धूमधाम से हुआ,, दौरान शंकर पार्वती की झाकी भी सजाई गई जिसमें शंकर की भूमिका संतोष बाई पार्वती की भूमिका गीता बाई बनी । इस दौरान भगवान के भजनों पर श्रद्धालुओं ने खूब नृत्य किया। शास्त्री भूपेंद्र कहते हैं कि हम सबको माता का ऋणी रहना चाहिए। इंसान पिता का ऋण तो इसी जन्म में चुका देता हैं मगर माता का ऋण किसी भी जन्म में नहीं चुका सकता । माता की जीवन भर सेवा करने से माता को प्रशन रखने से ही पुत्र का ऋण से मुक्ति मिल सकती है । शक्ति की जो भी सेवा करता हे उसका हर काम भगवान संपन्न करते हैं। इस दौरान कांति बाई,अलका, चित्रा, चंदा , लीला , कृष्णा, मिना, साधना, गायत्री, रामकवर, पुरुष वर्ग मैं बसन्त दाधीच , रविन्द्र , योगेंद्र, , अनन्त, सहित कई महिला पुरुष उपस्थित रहे ।

# टाइपवन डायबिटीज राष्ट्रीय गैर संचारी रोग व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में जुड़े यह हमारा लक्ष्य : डॉ स्मिता जोशी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )** ।टाइप वन डायबिटीज राष्ट्रीय गैर संचारी रोग व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल हो यह हमारा लक्ष्य है। यह बात आज रामचंदानी डायबिटीज केअर व रिसर्च सेंटर, दोस्त डायबिटीज चाइल्ड केयर सोसाइटी तथा कोटा डायबिटीज वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष में विज्ञान नगर मैं आयोजित टाइप 1 डायबिटीज कार्यक्रम में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तकनीकी विशेषज्ञ समिति की सदस्य और अनेक पुरस्कारों से सम्मानित डॉक्टर स्मिता जोशी ने कहीं ।

उन्होंने कहा कि हमने 2019 से प्रयास शुरू किया और 2023 में हमें पहली सफलता मिली जब गुजरात विधानसभा ने इसे अपने कार्यक्रम में शामिल करते हुए टाइप 1 डायबिटीज के लिए निशुल्क इंसुलिन और अन्य साइंटिफिक प्रोटोकॉल निशुल्क शुरू किया । अब हमारा प्रयास है कि हम राजस्थान में इसके लिए एडवोकेसी करें ताकि धीरे-धीरे एक-एक राज्य करके पूरे देश में टाइप वन डायबिटीज को विशेष दर्जा मिले और उन्हें फ्री इंसुलिन और निशुल्क साइंटिफिक प्रोटोकॉल मिल सके । इस अवसर पर बोलते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरनव सरोया ने बताया कि ऐसे बच्चे या युवा जिन्हें 5 साल से ज्यादा मधुमेह है उन्हें वर्ष में दो बार अपने आंखों की पर्दे की जांच करवानी चाहिए । उन्होंने इस कार्यक्रम में आए सभी बच्चों, युवाओं और महिलाओं की



आंखों की परत की जांच निशुल्क की तथा उन्हें सावधानियां समझाइ। कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निहाल खूबचंदानी ने अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में पुष्पा ज्ञानचंदानी ,पदमा दौलतानी , डॉक्टर स्मिता जोशी की माता श्री देवी, मीडिया विशेषज्ञ बृजेंद्र सिंह झाला और कार्यक्रम का का संचालन करने वाले भारत सरकार के पूर्व निदेशक किशन रतनानी तथा इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले अन्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया ।

## डॉ.सिंघल को जबलपुर में किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )** । जबलपुर की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था कादंबरी द्वारा शनिवार 9 नवंबर 24 को शहीद स्मारक भवन, जबलपुर में आयोजित अखिल भारतीय साहित्यकार एवं पत्रकार अलंकार सम्मान समारोह में कोटा के लेखक और पत्रकार डॉ.प्रभात कुमार सिंघल को पांच हजार रुपए के स्व. सिद्धार्थ भट्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, मुख्य अथिति कुलाधिपति भोपाल डॉ.संतोष चौबे और सम्मान प्रदाता श्रीमती मीना पुरुषोत्तम भट्ट ने वैजयंती माला पहनाकर , साल ओढ़कर, सम्मान पत्र और राशि प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न अंचलों से आए 118 साहित्यकारों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। संस्था के महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि डॉ. सिंघल को यह सम्मान इतिहास, पुरातत्व, कला, संस्कृति, पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में समग्र लेखन के लिए प्रदान किया गए। उन्होंने अब तक 51 पुस्तकों का लेखन और



संपादन किया है। अपनी 46 वर्ष की पत्रकार यात्रा के दौरान 10 हजार से अधिक आलेख, फीचर, रिपोर्ताज, स्तंभ और संपादकीय, यात्रा संस्मरण, बाल साहित्य, साक्षात्कार आदि विधाओं में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र - पत्रिकाओं में लिखा हैं। संस्था की स्मारिका के लोकार्पण में भी इन्हें शामिल किया गया। डॉ.सिंघल को मिले इस सम्मान का हाड़ोती के साहित्यकारों, पत्रकारों, जन संपर्क कर्मियों, और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने अपने लेखन से हाड़ोती का गौरव बढ़ाया है।

## आँवला नवमी मनाई

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( नि.स. )**। श्री अक्षय (आँवला नवमी) कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को मनाया जाता है। कस्बे के श्री अम्बे माता मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य पंडित बाबुलाल व्यास ने बताया कि कार्तिक नवमी के शुभ दिन पर भगवान कृष्ण ने अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए वृन्दावन से मथुरा की यात्रा की थी ओर यही वह दिन था जब सत्य युग की शरुवात हुई थी ।मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल नवमी से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक भगवान विष्णु व शिव का निवास आंवले के वृक्ष में होता है। स्त्रीया व कुँवारी कन्या घर मे सुख समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए कार्तिक नवमी को आंवले के वृक्ष का पूजन करती है।श्री अम्बे माता मंदिर परिसर में स्थित अति प्राचीन आँवले का विशाल वृक्ष है यहाँ सभी महिलाओं ने प्रात: काल से ही व्रत पूजन किया व कददू व सौभाग्य सामग्री समर्पित करी व आँवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन किया व 108 परिक्रमा कर व्रत संपन्न किया।

## भव्य रूप में मनाया जाएगा साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाश गुरु पर्व

### प्रकाश गुरूपर्व के उपलक्ष्य में होंगे कई कार्यक्रम, 2 नवम्बर से निकाली जा रही प्रभात फेरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )** । समूह संगत एवं प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा कोटा जं. (रजि.) के तत्वावधान में साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाश गुरू पर्व भव्य रूप में मनाया जाएगा। और चार दिवसीय प्रकाशोत्सव के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सभा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह माखीजा ने बताया कि प्रकाशोत्सव के दौरान चार दिनों तक कई आयोजन होंगे, जिसमें गुरु नानक जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे, आयोजन के तहत 2 नवम्बर से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें श्री गुरू नानाक देव जी का गुणगान किया जा रहा है। प्रभात फेरी का समापन 11 नवम्बर को होगा। वहीं गुरूद्वारे पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। चार दिवसीय प्रकाशोत्सव के तहत तैयारियां जोरो पर की जा रही है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रबन्धक अमरप्रीत सिंह मखीजा ने बताया कि 12 नवम्बर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

बच्चों द्वारा प्रस्तुतिया होंगी, स्त्रीसत्संग, अमृतसर श्री दरबार साहिब के रागी जत्थे एवं प्रचारक गुरबानी कीर्तन एवं कथा द्वारा संगत को निहाल करेंगे, गुरु का लंगर अतुट बरतेगा, चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे, रक्तदान शिविर होगा, श्री सुखमनी साहिब व नितनेम पाठ होगा, आसाजी की वार होगी, दीवान सजाया जाएगा।

## 51 हज़ार रुपए इनाम की घोषणा के साथ कोचिंग शिविर संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )**। असरा वेलफेयर सोसायटी की ओर से कक्षा 10 के लगभग 130 विद्यार्थीयों के लिए एक दिवसीय कोचिंग शिविर आयोजित किया गया। बोर्ड के पेपर पेटर्न की जानकारी दी और महत्वपूर्ण प्रश्नो के बारे मे विद्यार्थियो को सिखाया। इस अवसर पर चित्तौड़ शहर में अगले वर्ष कक्षा 10वीं राजस्थान बोर्ड की परीक्षा में सर्वाधिक नंबर लाने वाले विद्यार्थी को हज्जन हलीमा एजुकेशन सोसायटी की और से 51 हज़ार रुपए इनाम दिए जाएंगे। सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक़ नूरी ने बताया कि सोसायटी की ओर से रविवार को बूंदी रोड स्थित गैबी पीर दरगाह हाल मे कक्षा 10वीं के विद्यार्थीयो के लिए एक दिवसीय कोचिंग शिविर एवं प्रश्न बैंक बुक तकसीम करने का प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस शिविर मे चित्तौडगढ, गंगरार, सगवाडीया, चंदेरिया और बस्सी, नगरी के लगभग 17 स्कूलों के 130 विद्यार्थियो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कोचिंग शिविर मे अंग्रेजी के शिक्षक फजलुरहमान ने अंग्रेजी मे परीक्षा मे अच्छे अंक लाने के तरीके बताये। रसायनशास्त्र के



व्याख्याता अमजद खान सर ने विज्ञान एवं सामाजिक में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे मे बताते हुए परीक्षायोगी सामग्री वितरित करते हुए पेपर पेर्टन के बारे मे बताया। गणित के वरिष्ठ अध्यापक सुशील गौड़ ने विद्यार्थियों को गणित में महत्वपूर्ण सूत्र और परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की जानकारी दी। हिंदी व्यख्याता माणिक सोनी ने छात्रो का मार्ग दर्शन किया, चार घंटे चले इस कोचिंग शिविर मे सोसायटी के सदस्यो के अलावा अतिथि एम् एम् शेख, अब्दुल लतीफ़ रफ़ीक खान, पूर्व डीएफओ लियाक़त अली सोरगर, हाजी रमजान शरीफ छीपा, कमरुद्दीन कुरैशी ने सभी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन देते हुए किताबे वितरित की। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहम्मद सिद्दिक नूरी ने किया। समस्त छात्र छात्राओ ने अच्छे अंक लाकर परीक्षा में अच्छे अंको से उत्तीर्ण कर उज्जवल भविष्य बनाने का प्रण लिया।

## आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था का अन्नकूट 17 को, समितियां गठित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )**। आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था द्वारा 17 नवम्बर को शाम 6 बजे से रीको सामुदायिक भवन इन्द्र विहार पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर रविवार को संस्था पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 51 समितियां गठित की गई। अध्यक्ष हुकम मंगल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में भगवान बांके बिहारी की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। भगवान को 56 प्रकार की तरकारी तथा 15 प्रकार के फलों से भोग लगेगा। बांके बिहारी की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं छात्र छात्राओं के द्वारा भी धार्मिक और राष्ट्रीय भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर आईएएस, आरएएस, मेडिकल में चयनित छात्रों समेत भामाशाह, वरिष्ठजनों तथा मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला, विधायक संदीप शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान अग्रवाल



और वैश्य समाज के 18 घटक उपस्थित रहेंगे। शहर को 26 भागों में बांटकर घर घर पीले चावल से आमंत्रित किया जा रहा है। अन्नकूट के लिए निशुल्क कूपन वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ललित चित्तौड़ा, महेश गुप्ता, राजेंद्र जैन, पुरुषोत्तम चित्तौड़ा, राजेंद्र जैन प्रिंसिपल, मनोज गुप्ता, दिनेश पनवाड़, महावीर जैन, आरडी अग्रवाल, पदम जैन, पुरुषोत्तम सिंघल, वीरेंद्र पोरवाल, अखिलेश कंजोलिया, बद्री विशाल गुप्ता, पुरुषोत्तम गर्ग, सोहन मित्तल, गिरिराज गोयल, शुभम मंगल, अनूप सिंघल, अनिल गुप्ता उपस्थित रहे।

## दिवाकर जयंती पर आयोजित नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर में 406 रोगी लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )**। शहर के सेंती स्थित शांति भवन में बिराजित वर्षीतप आराधिका विजयप्रभा जी मसा आदि ठाना के सानिध्य में जैन दिवाकर पूज्य गुरुदेव श्री चौथमल जी महाराज साहब की 147वीं जन्म जयंती महोत्सव के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल एवं श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सेती के संयुक्त तत्वाधान में एवं श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय साधना संस्थान चितौड़गढ़ के सौजन्य से एक नि:शुल्क वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को प्रात 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ परम पूज्य विजयप्रभा जी मसा के पावन मांगलिक से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सेती श्रमण के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल चंडालिया, श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय साधना संस्थान के संरक्षक वीर बसंती लाल मेहता, अध्यक्ष सुरेश सिंघवी, सुरेश मेहता, विजय सेठ, दिलीप जैन, बलवंत सिसोदिया, सी एम चंडालिया, अजित नाहर, राजेश सेठिया, अनिल पटवारी, संपत डांगी, हस्तीमल चंडालिया, वरिष्ठ नवल सिंह मोदी, डा आर आर विश्नोई, महावीर इंटरनेशनल के जोन चेयरमेन सी एम बोकड़िया,अध्यक्ष अभय संजेती, सचिव सी पी जैन आदि पदाधिकारी एवं अन्य प्रतिष्ठित महानुभावो ने सहभागिता निभाई। शिविर में महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय द्वारा कुल 147 रोगियों का नेत्र परीक्षण कर 53 को नि:शुल्क दवाइयां एवं 43 को पास की नजर के चश्मे उपलब्ध कराए गए। 57 रोगियों का ब्लड प्रेशर और 55 की शुगर भी चेक की गई।

18 की सीबीसी जांच की गई।13 रोगियो का चयन निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। विशनोई डेंटल केयर निंबाहेड़ा की टीम द्वारा 103 रोगियो का परीक्षण कर नि:शुल्क चिकित्सा प्रदान की गई। डॉ राकेश करसोलिया द्वारा 26 रोगियो को फिजियोथैरेपी चिकित्सा प्रदान की गई। कुल ओपीडी 406 रही।

## दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बूंदी के स्थानीय सेवा केंद्र के द्वारा दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन नवनिर्मित ब्रह्माकुमारीज सभागार में किया गया। कार्यक्रम में राज्यों के लिए ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी ने कहा का यदि रामराज्य चाहिए सुख चाहिए प्रकाश चाहिए तो मनुष्य को अपने जीवन से उन सब बातों को निकलने की भी कोशिश करनी होगी जिसके कारण आपसी संबंधों में दूरियां आ रही हो आज तेरे मेरे ऊंच नीच की भावनाओं ने मानव के मन को मैला कर दिया है पिछले दिनों हम सब ने दिवाली मनाई घर के कोने को साफ किया। लेकिन यदि हम मन की स्वछता पर ध्यान दें देंगे हर रोज अवगुण निकालकर गुण अपनाने का अभ्यास करेंगे तभी हमारे जीवन में मां लक्ष्मी जैसे लक्षण आयेंगे ।आदरणीय रजनी दीदी जी ने बताया सच्चा निस्वार्थ क्या है? स्नेह प्रेम के सागर परमपिता परमात्मा अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान सहज राजयोग की शिक्षा के द्वारा यह समझाते हैं मनुष्य आत्मा को यह समझाया जाए की प्रेम जब काम लोभ मोह का रूप धारण कर लेता है तो यह क्रोध और अभिमान को भी जन्म देते हुए ईर्ष्या द्वेष घृणा आदि का भी रूप लेते हुए सर्व दुखों का कारण बन जाता है और जब वह ब्रह्मचर्य संतोष को साथ लेकर शुद्ध रूप में होता है तो इस सृष्टि के सभी झगड़े मनुष्य मन के बंधन बंटवारे सभी कष्ट कलेश मिट जाएंगे । माधवी बहन ने कुशल मंच संचालन किया।

कुमारी लक्षिता ने अपने सुंदर नृत्य से सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक डॉ डी के गुप्ता,वर्धन विजय,जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद लोढ़ा,अनिल लखवानी भी उपस्थित रहे।

# बाड़ी नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत, मुख्य सचिव को भेजा शिकायती पत्र

## भाजपा के पूर्व जिला मंत्री रन सिंह परमार ने लगाया आरोप,जाँच के साथ कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान








**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार को लेकर एक शिकायती पत्र पूर्व जिला मंत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रन सिंह परमार द्वारा मुख्य सचिव शासन सचिवालय को भेजा गया है। उक्त पत्र में शिकायत की गई है कि पिछले तीन वर्ष में बाड़ी नगर पालिका में जो भ्रष्टाचार हुआ है उसकी जांच कराई जाए साथ में अनियमितता और कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारीयो के खिलाफ कार्रवाई हो। मुख्य सचिव को भेजे पत्र में पूर्व जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी रनसिंह परमार ने आरोप लगाया है की नगर पालिका में पिछले 3 वर्ष में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों द्वारा खुलकर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसकी जांच होनी चाहिए और जो भी अधिकारी इसमें लिप्त पाया जाए उसके खिलाफ कार्रवाई हो।

रनसिंह परमार द्वारा मुख्य सचिव शासन सचिवालय को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है की बाड़ी से करीब चार किमी दूर आदमपुर में डंपिंग यार्ड बनाएं जो न तो नगर पालिका क्षेत्र में है ना ही बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में,उक्त डंपिंग यार्ड बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र में आता है। जिसमें करीब 4 करोड रुपए की लागत दर्शाई गई है। इसी प्रकार बाड़ी में कब्रिस्तान करीब 12 हैं जिनके दीवारों की फाइलें 20 हैं। जिनमें से आठ धरातल पर नहीं है। तीसरी शिकायत के रूप में बाड़ी से धौलपुर जाने वाले रास्ते पर जहां नगर पालिका की सीमा समाप्त होती है वहां दो पार्क बने है। जिनकी लागत 30-30 लाख दर्शाई गई है। जबकि मौके पर पांच-पांच लाख रुपए से भी अधिक खर्च नहीं हुआ है। चौथी शिकायत में मेला ग्राउंड में 40 लाख रुपए का काम मिट्टी डालने का हुआ है जो मौके पर दिखाई नहीं दे रहा। पांचवी शिकायत के रूप में नगर पालिका के सभी 45 वार्ड में सात-सात लाख रुपए के इंटरलॉक खरंजा कार्य कराये गए है। जिनमें से मौके पर 35 वार्डो में काम ही नहीं हुआ है।

इसके अलावा शिकायती पत्र में बाड़ी शहर के क्षेत्रीय नवरात्र के दौरान नगर पालिका द्वारा आयोजित होने वाले मेले का कर्ज 60 लाख रुपए दर्शाया है जो किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। इतना खर्चा आज तक नहीं हुआ है। बाड़ी में होद मोहल्ले में वर्षों पुराना एक ताल है। जिसमें पानी ओवर फ्लो होने पर निकासी के लिए चार ट्रैक्टर इंजन लगाकर पानी निकालते हैं। मौके पर कितना पानी निकलता है। आज तक ताल का पानी पूरा नहीं निकल पाया। बरसात से अब तक इंजन चलने का काम जारी रहता है। जिसका खर्चा चार लाख रुपये प्रति महीना आता है। उक्त कार्य में अब तक करोड़ों रुपए की राशि व्यर्थ में बहाई जा चुकी है जो पूरा खेल भ्रष्टाचार का है। जिसकी जांच होना जरूरी है। इसके अलावा केयर टेकर और पाइप लाइन बिछाने के काम में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है।

## प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कौशल का बाड़ी आगमन, विप्र समाज के संगठन को मजबूत करने पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** सनाढ्य ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कौशल जो पूर्व मंत्री रघुवीर सिंह कौशल के सुपुत्र हैं । रविवार को पत्रकार प्रमोद शर्मा के निज निवास कृष्णा कॉलोनी में पधारे। प्रमोद शर्मा के छोटे भाई अनिल शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। परिवार को ढांढ़स बंधाया । इस अवसर पर समाज के संगठन पर भी चर्चा हुई । सनाढ्य विप्र बंधुओ की संख्या राजस्थान में बड़ी तादात पर है ।हमें अपने क्षेत्र में मजबूती प्रदान करने के लिए सशक्त संगठन की जरूरत है। इस अवसर पर राजकुमार वेशनदार ,सुरेश चंद शर्मा तारा पंडित, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष राजू शर्मा, पत्रकार प्रमोद मुद्गल, राजेश शर्मा ,कपूर शर्मा, विशंभर शर्मा, रामगोपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या विप्र बंधुओ में उनका स्वागत किया।

## विशिनिगिर बाबा मंदिर पर रहने वाले अज्ञात रोगी श्रद्धालु की मौत का मामला

### तीन दिन बाद भी नहीं हुई शिनाख्त तो पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के उमरेह गांव के पास स्थित बाबा बिशनगीर मंदिर पर रहने वाले एक श्रद्धालु रोगी की सात नवंबर गुरुवार को मंदिर परिसर में मौत हुई थी। घटना के बाद मंदिर ट्रस्ट की सूचना पर सदर पुलिस ने मृतक के शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया था। और शिनाख्ती के लिए जिले के सभी थानों के साथ सोशल मीडिया ग्रुपों पर मृतक के फोटो सहित सूचना जारी की थी। आज तीन दिन बाद मृतक की कोई शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और नगर पालिका के जरिए दाह संस्कार किया गया है। मृतक कैंसर रोग से पीड़ित था जो एक महीने से मंदिर पर बाबा विशिंगिर की शरण में डाला हुआ था। सदर थाने के एएसआई मुकेश शर्मा ने बताया की 7 नवंबर गुरुवार को दिन में कंट्रोल रूम से पुलिस को सूचना मिली कि विशिंगिर बाबा मंदिर पर रहने वाले एक श्रद्धालु की मौत हुई है। ऐसे में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामखिलाड़ी मीणा से संपर्क कर पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को कब्जे में लेकर बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। ट्रस्ट अध्यक्ष रामखिलाड़ी मीणा ने बताया कि उक्त रोगी श्रद्धालु पिछले एक महीने से मंदिर पर रह रहा था। जिस पर किसी भी प्रकार का कोई पहचान संबंधी कागज नहीं है। ना ही इससे कई कोई मिलने आया है। इस पर मृतक की जांच पड़ताल की गई। जिस पर कोई कागजात नहीं मिला। ऐसे में शव को शिनाख्ती के लिए तीन दिन अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। जिले के सभी थानों और सीमावर्ती राज्यो के जिलों की पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पंचनामा के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा नगर पालिका के सहयोग से तुल्सीवन मुक्तिधाम में दाह-संस्कार कराया गया है।



## ठेके से 30 हजार रुपए की नकदी व कीमती शराब की बोतलें ले गए चोर

### निहालगंज थाना क्षेत्र की बस स्टेंड स्थित दुकान का मामला

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )** । निहालगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए बस स्टैंड स्थित दुकान से 30 हजार रुपए के साथ करीब एक लाख रुपए की शराब लेकर फरार हो गए। जिसकी शिकायत पीड़ित ठेकेदार ने पुलिस से की है। पीड़ित भोला राणा ने बताया कि रात को सेल्समैन दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह दुकान खोलने तब उन्हें चोरी का पता चला। ठेकेदार ने बताया कि चोर छत को तोड़कर दुकान में घुसे। जहां उन्होंने दुकान में बिक्री के रखे 30 हजार रुपए के साथ महंगी शराब की बोतलें चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर सीसीटीवी कैमरों को तोड़कर उसमें लगी डीवीआर को भी अपने साथ ले गए। दुकान में चोरी होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची घटना की जानकारी ली। पीडित की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी का पर्व : आंवले के पेड़ की पूजा की, सुख समृद्धि की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले में रविवार को आंवला नवमी के पर्व पर शहर की महिलाओं ने बगिया वाले हनुमान मंदिर में आंवला वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। आंवला नवमी के दिन महिलाओं ने अवल के पेड़ की पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के दौरान महिलाओं ने बताया कि आंवले के पेड़ की पूजा करना शुभ माना जाता है। आंवला नवमी का पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी और भगवान शिव की पूजा की जाती है। महिलाएं आंवला वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। जिस दिन महिलाएं व्रत और दान-पुण्य कर आंवला वृक्ष के नीचे ब्राह्मण भोजन कराती हैं। जिसके बाद जरूरतमंदों को दान देने से पुण्य मिलता है। आंवाला नवमी के मौके पर रविवार को मंदिरों में भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान भी हुए। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों में हुए कार्यक्रम के बाद आंवले के प्रसाद का वितरण भी किया गया। अक्षय नवमी को आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है और इस दिन भगवान कृष्ण ने अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए वृंदावन से मथुरा की यात्रा की थी। यह वही दिन है जब सत्ययुग की शुरुआत हुई थी। तभी से इस महापर्व की परंपरा शुरू हुई। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है।

## सब जूनियर जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में कृपा बाबा हैंडबॉल क्लब बना विजेता



बढ़ता राजस्थान

**श्रीमहावीरजी,हिंडौन सिटी।** कस्बे में चल रही दो दिवसीय सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमे केबीएच ने खिताब अपने नाम किया । जिला हैंडबॉल संघ के सचिव अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी महेश गुर्जर ने बताया है कि प्रतियोगिता में कृपा बाबा हैंडबॉल क्लब विजेता, देव हैंडबाल क्लब उप विजेता, श्री महावीर जी हैंडबॉल क्लब तृतीय स्थान पर रहे। रविवार को सुबह कृपा बाबा हैंडबॉल क्लब बनाम देव हैंडबॉल क्लब के मध्य फाइनल मैच खेला गया । जिसमें कृपा बाबा हैंडबॉल क्लब ने देव क्लब को 36 - 14 से हराया ।सभी खिलाड़ियों ने हैंडबॉल खेल का अच्छा प्रदर्शन किया समापन समारोह के मुख्य अतिथि शुभम तिवाडी समारोह के अध्यक्षता हेमराज शर्मा,दिनेश गुर्जर निर्णायक मंडल में अजीत दुब्बी और सचिन मुंडिया तेजू लपावली मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किया। राज्य स्तरीय हेतु प्रशिक्षण श्री महावीर जी में आयोजित होगा।

### समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के संस्थापक धौलपुर आए

## साहित्य और कविता के क्षेत्र में धौलपुर की एक अमिट पहचान : डॉ. स्नेहिल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति और कविता को समर्पित अखिल भारतीय संस्था समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के संस्थापक डॉ. मुकेश कुमार व्यास स्नेहिल ने कहा है कि साहित्य और कविता के क्षेत्र में धौलपुर की एक अमिट पहचान है।

उक्त वक्तव्य उन्होंने अपने एक दिवसीय प्रवास पर धौलपुर में समरस संस्थान के जिला कार्यालय पर जिला इकाई के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए दिया। संस्थान द्वारा उनके अभिनन्दन कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान की धौलपुर इकाई भले ही नई शुरू हुई है, परन्तु अपने थोड़े से समय में ही उसने धौलपुर में साहित्यिक गतिविधियों को गति प्रदान की है। आज धौलपुर जिले से कई कवि अखिल भारतीय स्तर पर धौलपुर का नाम रोशन कर रहे हैं। नवोदित कवियों और लेखकों को उत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि कलम रुकनी नहीं चाहिए। संस्थान के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि संस्था 18 राज्यों तथा 3 अंतरराष्ट्रीय इकाइयों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को जीवंत रखने में लगी हुई है। संस्थान शिक्षा, कविता, साहित्य और कला के प्रकल्पों के द्वारा समाजिक सरोकार को निभा रही है साथ ही नवोदित कवियों और साहित्यकारों को निखारने में लगी है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्था के संरक्षक वीरेंद्र त्यागी व विकल फरुखाबादी, प्रदेश महामंत्री रजनी शर्मा, जिलाध्यक्ष गोविंद गुरु सहित अन्य कार्यकताओं ने सरस्वती माता का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद जिला इकाई ने डॉ. स्नेहिल का भावभीना स्वागत किया और स्थानीय कवियों ने अपनी लिखी हुई पुस्तकें उन्हें भेंट कीं। इस अवसर पर कवियों ने कविता पाठ के माध्यम से अपने-अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में प्रिया शुक्ला, पूर्णिमा शर्मा, आशा दीप, मुकेश सूतैल, सुरेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, जीतेन्द्र कुमार शर्मा, मनोज बैचेन, प्रेमनारायण शर्मा, रमाकांत गर्ग, दीपक कुमार उपाध्याय, हरेन्द्र हर्ष, प्रकाशदीप तिवारी, मुकेश गिरि, किशोर कुमार शर्मा, राहुल शर्मा, राजेंद्र नाथ शर्मा, भूपसिंह परमार सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



## रेप पीड़िता ने फंदा लगाकर किया सुसाइड : महिला के पति ने दर्ज कराया मामला, दो दिन पहले युवक ने किया था दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** कौलारी थाना क्षेत्र के एक गांव में बलात्कार की घटना से पीड़ित एक महिला ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। इसके बाद पति ने नामजद आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक महिला के पति द्वारा थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार रात को उसके परिवार के लोग खेत में पानी देने गए थे। जहां से लौटने बाद उसके पिता घर के बाहर और वह दूसरे कमरे में भाई के साथ सो गया। इस दौरान आरोपी युवक घर के दूसरे कमरे में सो रही उसकी पत्नी के पास पहुंच गया। जहां उसने बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया। महिला के शोर मचाने के बाद घर के लोग जाग गए। इस दौरान आरोपी भाग निकला, जिसको लेकर पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को थाने में बलात्कार की वारदात को लेकर रिपोर्ट दी, जिसके बाद महिला ने शर्म के मारे शनिवार

## ट्रैक्टर खराब हुआ तो किसान ने लगा दी आग : वारंटी पीरियड में भी मरम्मत के मांगे पैसे, एजेंसी कर्मियों ने बुझाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में शनिवार को एक युवक ने ट्रैक्टर के इंजन में आ रही बार-बार की शिकायतों से तंग आकर एजेंसी के बाहर ट्रैक्टर को खड़ा कर आग लगा दी।

ट्रैक्टर में आग लगते ही एजेंसी कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। पीड़ित किसान जीतू पुत्र भीकम सिंह निवासी मुरावली थाना कंचनपुर ने बताया कि उसने एक साल पहले खेती के लिए ट्रैक्टर खरीदा था। ट्रैक्टर खरीदने के बाद से ही बार-बार इंजन में शिकायत आ रही थी। जिसको लेकर उसने कई बार ट्रैक्टर में काम भी कराया। पीड़ित किसान ने बताया कि ट्रैक्टर के वारंटी पीरियड में होने के बावजूद इंजन में आ रही दिक्कतों के लिए उसे पैसे चुकाने पड़े। जिसके बाद 2 दिन पहले उसके ट्रैक्टर की क्लच प्लेट फिर से खराब हो गई। क्लच प्लेट के खराब होने के बाद पीड़ित ने ट्रैक्टर को हाईवे पर स्थित ट्रैक्टर एजेंसी पर खड़ा कर दिया। पीड़ित ने बताया कि क्लच प्लेट खराब होने के बाद उसने एजेंसी को ट्रैक्टर के वारंटी पीरियड में होने की बात कही।

जिसके बाद एजेंसी पर मौजूद कर्मचारी उसे क्लच प्लेट डालने के पैसे मांगने लगे। पीड़ित ने बताया कि नए ट्रैक्टर में बार-बार खराबी आने और वारंटी पीरियड में मरम्मत नहीं होने की वजह से उसने खड़े ट्रैक्टर में आग लगा दी। जिस आग को एजेंसी पर मौजूद लोगों ने बुझा दिया।



## मारपीट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार : पार्वती बांध के पास घूम रहा था, 5 हजार रुपए का था इनाम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के सरमथुरा सीओ नरेंद्र मीणा की टीम के साथ आंगई थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को पार्वती बांध के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बदमाश पर बाड़ी सदर थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला दर्ज है।

आंगई थाना प्रभारी रामअवतार मीणा ने बताया कि साल 2023 में बाड़ी सदर थाने पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। मामले में आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एसपी धौलपुर की ओर से 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि सीओ सरमथुरा की टीम में तैनात हेड कॉन्स्टेबल सत्यप्रकाश को इनामी बदमाश श्याम सिंह (25) पुत्र सोबरन सिंह निवासी सनौरा थाना आंगई के पार्वती बांध के पास होने की सूचना मिली थी। सूचना पर सीओ की टीम के साथ आंगई थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# हाईवे 11 बी पर फिर हुआ हादसा, बाइक को मारी अज्ञात वाहन ने टक्कर तीन लोगो की मौत

## कैलादेवी से आगरा लौटते समय सुनीपुर गांव से पास हुई दुर्घटना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11 बी पर एक बार से फिर से सड़क हादसा सामने आया है। बाइक सवार चार लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। जिसमें तीन लोगों की मौत हुई है। वही एक युवक हेलमेट लगे होने के चलते बच गया है। हालांकि उसकी हालत गम्भीर है और उसे चिकित्सको ने बाड़ी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है । घटना हाईवे की सरमथुरा रोड पर सुनीपुर गांव के पास हुई है। दुर्घटना को लेकर सुनीपुर गांव निवासी युवा हर्षाय मीणा ने बताया कि सुन्नीपुर गांव से बाड़ी रोड पर करीब 200 मीटर दूरी पर यह दुर्घटना हुई है। जिसमें बाइक सवार चार लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। बाइक सवारो के सड़क पर पड़े होने की सूचना पर ग्रामीणों ने सभी को एंबुलेंस की मदद से बाड़ी अस्पताल पहुंचाया है। जिनमें से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक हेलमेट लगे होने के चलते बच गया जो घायल है। सभी को अस्पताल पहुचाया गया है। घटना को लेकर एंबुलेंस चालक मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि जैसे ही उन्हें सूचना मिली। सभी घायलों को लेकर बाड़ी



अस्पताल पहुंचे। जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। उन्हें पुलिस की मदद से मोर्चरी रखवाया है। एक घायल को अस्पताल में भर्ती किया है। घटना में घायल हुए हरीराम पुत्र रामदास कुशवाह निवासी आगरा कलाल बेरिया ने बताया कि वह अपने साथ अपने भतीजे अनीश पुत्र रामदास कुशवाह,चाचा छोटू पुत्र रामखिलाड़ी और एक अन्य रामनिवास को लेकर केलादेवी दर्शन करने गया था। जहां से वापस लौटते समय दुर्घटना हो गई। घटना को लेकर नकसोदा ग्राम पंचायत के सरपंच और सुन्नीपुर गांव निवासी रामकेश मीणा ने बताया कि जैसे उन्हें सूचना मिली उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सदर थाने के साथ कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचे सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि हाइवे पर सुनीपुर गांव के पास दुर्घटना हुई है। जिसमें तीन लोगों की मौत हुई है। बाइक चला रहा एक युवक घायल है। जिसे रेफर किया गया है। सभी आगरा निवासी है।



**दुर्घटना में इनकी हुई मौत :** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जिन लोगों की मौत हुई है। उनमें रामखिलाड़ी पुत्र छेदालाल कुशवाह 45 वर्ष और उसके पुत्र छोटू पुत्र रामखिलाड़ी कुशवाह 18 वर्ष की मौत हुई है साथ में अनीश पुत्र राजेश कुशवाह उम्र 14 वर्ष की भी मौत हुई है। यह सभी आगरा जिले के रहने वाले बताए गए है। पुलिस परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

# सोमानी परिवार द्वारा कपासन में 111 किलो अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में स्थित श्री सगस बावजी के धार्मिक स्थल पर 111 किलो बेसन से निर्मित अन्नकूट महाप्रसाद का भक्तो एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। नगर कपासन के समाजसेवी रविन्द्र सोमानी ने बताया कि नगर के श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर मार्ग पर स्थित श्री सगस बावजी के धार्मिक स्थल पर रविवार सांय नगर के सोमानी परिवार द्वारा श्री सगस बावजी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गयी।इसके उपरांत सोमानी



परिवार के प्रहलादराय सोमानी,राजेंद्र कुमार सोमानी सहित भक्तो द्वारा 111 किलो बेसन से निर्मित अन्नकूट महाप्रसाद का श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुष, बुजुर्ग,बच्चे एवं युवा सभी वर्गों ने कतारबद्ध श्री सगस बावजी के स्थल पर अन्नकूट महाप्रसाद का उत्साहपूर्वक भक्तिरस से ओतप्रोत लाभ उठाया।

# मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अभियान के अंतर्गत कपासन के विभिन्न मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को आयोजित विशेष शिविर में मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची का अवलोकन किया गया।जिसमे नगर पालिका क्षेत्र के भाग संख्या 149 पर बुथ स्तरीय अधिकारी मिठूदास वैष्णव द्वारा नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन लिए गये।साथ ही उक्त केंद्र पर मतदाताओं द्वारा अपने नाम में संशोधन करने तथा शुद्धिकरण करने की प्रक्रिया की गयी। इस दौरान नगर पालिका कपासन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविरों में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,मंडल महामंत्री गजेंद्र



बागमार,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा आदि भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता सूचियों का अवलोकन कर नये मतदाताओं से अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का आग्रह किया गया।

# थलवाड़ में सरगरा समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, बागरा की टीम रही विजेता

बढ़ता राजस्थान

**जालोर ( नि.स. )।** जिले के सायला उपखण्ड मुख्यालय के निकटवर्ती थलवाड़ गांव में सरगरा समाज ढढार पट्टी युवा यूनियन द्वारा आयोजित छठी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मां निंबेश्वरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप पूज्जवलि कर कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलपतसिंह भाटी दिलावरसिंह चंपावत सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह मेड़तिया शैतानसिंह की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिलावरसिंह चम्पावत ने कहा की खेल खेलने से हमारे शरीर की मानसिक शारीरिक बुद्धि का विकास होता है जिससे हमे रोजाना खेल खेलना चाहिए। दलपतसिंह भाटी ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई देकर सभी का आभार व्यक्त किया। फाइनल मैच बागरा रेल्वे व डायमंड हाउस बागरा के



बीच मैच खेला गया जिसमे डायमंड बागरा टीम विजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियो के हाथों पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन लीलाराम पंचाल ने किया। समस्त सरगरा समाज थलवाड़ की ओर से खिलाड़ियों व मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यक्रम के यह रहे भामाशाह :** सरगरा समाज ढढार पट्टी युवा यूनियन द्वारा आयोजित छठी क्रिकेट प्रतियोगिता के भामाशाह दिनेश कुमार सांवलाराम लाखाराम सेलाराम अंकुर भाई खेताराम खसाराम पसाराम नगाराम वजाराम आदि भामाशाहों का अतिथियों ने सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सतवीरसिंह भरत कुमार जितेंद्र कुमार महेन्द्र तारा राम सुथार केशाराम पंचाल वचनाराम भाटी कुमार कृष्ण कुमार गणेश गोविंद सहित समस्त सरगरा समाज ढढार पट्टी युवा यूनियन के खेल प्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिम्मेदारों की उदासीनता तले कपासन के कल्याणपुरा ग्राम में चारागाह भूमि से बेखौफ हरे वृक्षों की कटाई जारी

## प्राकृतिक सौंदर्य से सजे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई को तहसीलदार ने यथास्थिति पर रोका

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पंचायत समिति कपासन क्षैत्र की ग्राम पंचायत मूंगाना के राजस्व ग्राम कल्याणपुरा में संडीयारड़ा रेलवे फाटक के समीप स्थित आराजी नं. 1006 चारागाह भूमि से लगातार हरे-भरे वृक्षों को बेखौफ काटा जा रहा है। जिसके विरोध में कल्याणपुरा ग्रामवासियों द्वारा विगत दिनों जिला कलेक्टर चितौड़गढ़ को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर प्राकृतिक संरक्षण की भावनाओं के विपरीत लगातार काटे जा रहे हरे वृक्षों के घटनाक्रम से विस्तारित रूप में अवगत कराया गया।मगर उक्त वृक्षों की कटाई संबंधी मामले में ग्रामवासियों एवं प्रकृति प्रेमियों को राहत नहीं मिलने से चहुंओर रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि कपासन क्षैत्र के कल्याणपुरा



ग्रामवासियों एवं प्रकृति प्रेमियों द्वारा हरे वृक्षों की कटाई मामले संबंधी विस्तृत जानकारी से जिला स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया।इसके उपरांत भी बेखौफ व अंधाधुंध कल्याणपुरा ग्राम की चारागाह भूमि से हरे-भरे वृक्षों की कटाई जारी है।प्रकृति संरक्षण की भावना लिए हरे-भरे वृक्षों को बचाने की दिशा में कल्याणपुरा ग्रामवासियों के अथक प्रयास बाद भी हरे वृक्षों की कटाई नहीं रुकने से निराशा का सामना करना पड़ रहा है।उधर हरे वृक्षों की कटाई जारी है। इधर ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार कपासन, पटवारी, सरपंच एवं ग्राम सचिव आदि को कल्याणपुरा ग्राम की चारागाह भूमि से हरे वृक्षों की कटाई करने संबंधी जानकारी से पुरजोरता के




साथ अवगत कराया गया।मगर हरे वृक्षों की कटाई संबंधी मामले में किसी प्रकार की राहत नहीं मिल पाने से बेखौफ लोगों द्वारा लगातार वृक्षों की कटाई की जा रही है।जिससे पर्यावरण प्रेमियों एवं मुंगाना के राजस्व ग्राम कल्याणपुरा वासियों में रोष व्याप्त है। सूत्रोनुसार कल्याणपुरा ग्राम की चारागाह भूमि से हरे वृक्षों की कटाई संबंधी मामले में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा फिलहाल मामले को सोमवार तक यथास्थिति में रखा गया है।इधर कल्याणपुरा ग्रामवासियों एवं प्रकृति प्रेमियों द्वारा चारागाह भूमि से हरे वृक्षों की कटाई करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग जारी है।यहां चारागाह भूमि से हरे वृक्षों की कटाई नहीं रुकने पर आगामी दिनों में आंदोलन किया जायेगा।

# रामगंज मंडी में मेघवाल महासभा के कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी( महेश कुमार )।** उदयपुर संभाग एवं कोटा संभाग के तत्वाधान में मेघवाल महासभा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अतिथि सम्मान समारोह का आयोजन रामगंज मंडी शहर के सुकेत रोड स्थित सामुदायिक भवन में किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में मेघवाल समाज के लोगों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का फूल माला व राजस्थानी परंपरा के अनुसार तिलक पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें 50 से अधिक समाज बंधुओ ने शपथ ग्रहण कर समाज के लिए कार्य करने का संकल्प लिया ।मेघवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज सिंह मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए इस दौरान मंच संचालन कोटा संभाग अध्यक्ष सांवरलाल मेघवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष इंद्र राज सिंह मेघवाल ने समाज बंधुओ को मेघवाल महासभा के मुख्य उद्देश्य बताएं व समाज के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि मेघवाल महासभा कोई छोटी संस्था नहीं है मेघवाल महासभा पूरे भारत भर में फैली हुई है आज रामगंज मंडी में मेघवाल महासभा के कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में समाज बंधुओ को देखकर बड़ा गर्व महसूस कर रहा हूं इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता डग विधायक कालूराम मेघवाल द्वारा की गई, वहीं कार्यक्रम में शंकर लाल मेघवाल दोबड़ा, घांसी लाल मेघवाल, डी. एल. वर्मा, पटेल किशन मेघवाल, रविंद्र मेघवाल, रामरतन सामरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए वहीं प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल ने मंच के माध्यम से सभी का स्वागत करते हुए जनता को संबोधित किया और कहा कि हमारा उद्देश्य मेघवाल महासभा के माध्यम से अंतिम छोर पर बैठे समाज बंधु तक पहुंचकर उसे हर योजना का लाभ दिलाना है मेघवाल ने यह भी कहा कि मेघवाल महासभा से जुड़कर मेघवाल समाज एक मंच पर आ रहा है जिसे देख कर बड़ी खुशी हो रही है। वही प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल कोला वाले ने सभी का धन्यवाद किया और बातचीत में बताया कि मेरा सपना है की मेघवाल समाज एक होकर कार्य करें मैं मेरे इस सपने को पूरा करना चाहता हूं इसीलिए समाज के लिए मेघवाल महासभा के



माध्यम से कार्य कर रहा हूं। कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल व चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधाकिशन मेघवाल ने अपने उद्बोधन से लोगों तक मेघवाल महासभा का संदेश पहुंचाया इस दौरान पत्रकारों का भी सम्मान किया गया प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) ने बताया कि अतिथियों के सम्मान के साथ पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया । महेश कुमार ने कहा कि पत्रकार निस्वार्थ भाव से दिन हो या रात हर वक्त जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं इसलिए उनका सम्मान जरूरी है । कार्यक्रम के दौरान उदयपुर संभाग अध्यक्ष प्रहलाद मेघवाल, उदय मेघवाल, दुर्गा शंकर मेघवाल, मोहन मेघवाल, दुर्गेश मेघवाल, जीतमल मेघवाल, सहित सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी लोगों के अनुसार मेघवाल महासभा इन दोनों उदयपुर संभाग एवं हाडोती संभाग में बहुत सक्रिय है और समाज के लिए कार्य कर रहा है इसलिए समाज के लोग भी बड़ी संख्या में मेघवाल महासभा से जुड़ रहे हैं कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्नेह भोज कर अपने घर की ओर प्रस्थान किया ।

# किसान हितैषी योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश

## शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी तथा जिला प्रभारी सचिव राजन विशाल ने कृषि विभाग की योजनाओं की क्रियान्विति का धरातल पर लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी तथा भीलवाड़ा जिला प्रभारी सचिव राजन विशाल ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान किसान हितैषी योजनाओं का धरातल पर निरीक्षण कर क्रियान्विति का जायजा लिया और क्रियान्विति की गति बढाने के निर्देश दिए। राजन विशाल ने भीलवाडा के कृषि विज्ञान केन्द्र की ईकाईयों क्रॉप केफेटेरिया मातृवृक्ष बगीचा-आँवला, बेर, अमरूद, नीम्बू, नर्सरी ईकाई, नेपियर घास, प्राकृतिक खेती, वर्मीकम्पोस्ट, डेयरी, बकरी पालन एवं मुर्गी पालन ईकाईयों का अवलोकन किया। उन्होने नवीन बीज की एसआरआर, मातृवृक्ष बगीचे से उत्पादित पौधो को किसानों तक पहुंचाने के तरीके, जिले में कृषि प्रदर्शनों व कास्टम हायरिंग सेन्टर द्वारा लाभान्वित किसानों की संख्या और प्राकतिक व जैविक खेती के बारे में जानकरी ली। शासन सचिव के क्रय विक्रय सहकारी समिति भीलवाडा एवं शर्मा बीज भण्डार पर आदान व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उर्वरक एवं बीज वितरण के आवश्यक निर्देश दीए, इसके पश्चात किसान सेवा केन्द्र गुरला पंचायत समिति, सुवाणा का निरीक्षण कर विभागिय अधिकरियों से क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही कृषि विभागीय योजनाओं की प्रक्रियात्मक जानकारी ली। किसानों को कृषि यंत्र किराए पर देने के निर्देश दिए - उन्होने ग्राम सेवा सहकारी समिति गुरला द्वारा संचालित कस्टम हायरिंग सेन्टर का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि बाजार में प्रचलित किराए की दरों से कम से कम 10 प्रतिशत कम दर पर कृषि यंत्र कृषकों को किराये पर दिये जाये एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर की जानकरी ज्यादा



से ज्यादा किसानों तक पहुंचा कर उन्हें लाभान्वित करे। उनके द्वारा विभाग के सहयोग से संचालित कृषक उत्पादन संगठन किसान बाजार द्वारा उत्पादित उत्पादों का निरीक्षण कर संगठन द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। शासन सचिव ने कृषि उपज मण्डी, भीलवाडा के किसान भवन में किसानों के ठहरने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया। किसान कलेवा योजना के भोजन की गुणवत्ता की जाँच की एवं भोजन की गुणवत्ता बढाने के निर्देश दिए। कृषि उपज मण्डी में किसानों के जीन्स के साथ प्रवेश हेतु ई-नाम कूपन योजना तथा अनाज नीलामी का प्रायोगिक निरीक्षण कर अपने समक्ष बोली नीलामी का अवलोकन किया। इसके साथ ही आवक-जावक पंजिका एवं तिलहनी फसलों में तेल जांच की स्वचलित मशीन का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त निदेशक कृषि रामावतार शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि जी.एल. कुमावत, संयुक्त निदेशक उद्यान महेश चेजारा, सचिव कृषि उपज मण्डी भीलवाड़ा महिपाल सिंह, परियोजना निदेशक आत्मा शंकर सिंह राठोड सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

# सोने के आभुषणों की चोरी का खुलासा कर 02 अंतर्राज्जीय आरोपियों को किया गिरफ्तार, 45 नग सोने के आभुषण को किया बरामद

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी ( नि.स. )।** जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में चोरी / नकबजनी की घटनाओं का खुलासा कर वांछित अपराधियों की धरपकड के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत छोटी सादड़ी पुलिस उपाधीक्षक गोपाल लाल हिन्डोनिया के मार्गदर्शन में सीआई श्री तेजकरणसिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों द्वारा कृष्णा होटल पर खडी लबाना ट्रेवल्स बस में सोने के आभुषणों की हुई चोरी का खुलासा कर अन्तर्राज्जीय 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने के 45 नग आभुषण को बरामद किया गया।पुलिस ने बताया कि 26 अक्टूबर को प्रार्थी पंकज पिता अर्जुन सोनी उम्र 42 वर्ष जाति स्वर्णकार निवासी प्रतापगढ सदर बाजार ने रिपोर्ट पेश की कि 25 अक्टूबर को घर से सोने के आभुषण छोटे बडे कुल 45 नग डिब्बियो में पेक कर बेग में रख कर व्यापार हेतु जयपुर जाने के लिए प्रतापगढ बस स्टेण्ड से लबाना ट्रेवल्स बस में 3 नंबर स्लीपर पर बैठकर बेग अपने पास ही रखे हो जयपुर के लिए रवाना हुआ। बस छोटीसादडी कृष्णा होटल पर रात्री 11 बजे रूकी मैं लघुशंका हेतु बस से उतरा वापस बस में आने पर देखा कि मेरी सीट पर सोने के आभुषणो का बैग नही था। जिसकी बस में तलाश की कोई पता नही चला। होटल पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखने से दो व्यक्ति संदिग्ध हो बस मे चढना उतरना तथा सोने के आभुषणो का बैग ले जाते हुए दिखाई दिये। रिपोर्ट पर थाना छोटीसादडी पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

**पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही :** टीम द्वारा घटना से सबंधित सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर फुटेज में अज्ञात आरोपियों के फोटोग्राफ पहचान हेतु आसपास के पुलिस थानों और मध्यप्रदेश के पुलिस थानों में भेजे गये तथा मुखबिरों से की पहचान के प्रयास किये गये। इस तरीका वारदात के धार जिले के मनावर पुलिस थाना सर्कल के खैरवा जागीर गांव में कन्जर मुसलमान जाति के लोगों द्वारा करने की जानकारी प्राप्त हुई।

# विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** बदनोर क्षेत्र में श्री ओम बन्ना की पुण्यतिथि सहित नवयुवकों की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन। बदनोर क्षेत्र में रेवंत चौक सामुदायिक भवन में श्री ओम बन्ना की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर आए हुए अतिथियों द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। वही बदनोर क्षेत्र में यह तीसरी बार नवयुवक मंडल 7773 टीम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

वही शिविर में महात्मा गांधी हॉस्पिटल की टीम द्वारा 104 यूनिट रक्त संग्रह किया गया वहीं दूसरी टीम भीलवाड़ा ब्लड बैंक द्वारा 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया कुल 201 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

# पाकिस्तान 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज जीता

## 2-1 से हराया; तीसरा मैच 8 विकेट से जीता, शाहीन-नसीम ने 3-3 विकेट लिए

पर्थ।

पाकिस्तान ने तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हरा दिया। टीम इसी के साथ 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीती। 22 साल के बाद पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज में उसी के घर में हराया है। इससे पहले साल 2002 में हराया था।

रविवार को पर्थ में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 31.5 में 140 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान ने 141 रन के टारगेट को 26.5 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

वहीं, पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने 7 ओवर में सिर्फ 24 रन देकर 2 विकेट लिए। रऊफ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का भी अवॉर्ड मिला। उन्होंने सीरीज में 10 विकेट झटके।

शफीक-अयूब के बीच पहले विकेट के लिए 84 रन की पार्टनरशिप हुई पाकिस्तान के दोनों ओपनर सईम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने 84 रन की मजबूत शुरुआत दी। सईम ने 42 और शफीक ने 37 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 30 और बाबर आजम ने 28 रन बनाए। दोनों के बीच नाबाद 58 रन की साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दोनों विकेट लांस मॉरिस ने लिए।

ऑस्ट्रेलिया की बैटिंग फेल रही पर्थ की बाउंसी पिच पर मेजबान टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप रही और 31.5 ओवर में 140 रन ही बना सकी। टीम के टॉप-5 बल्लेबाज 25 रन से ज्यादा का स्कोर नहीं कर सके। ओपनर मैथ्यू शॉर्ट ने 22 रन और शॉन एबट ने सबसे ज्यादा 30 बनाए।

पर्थ में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसे तेज गेंदबाजों ने सही साबित कर दिया। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह ने 3-3 विकेट झटके। हारिस रऊफ ने 2 विकेट लिए। एक विकेट मोहम्मद हसनैन को मिला। जबकि एक बल्लेबाज रिटायर्ड हर्ट हुआ।

शॉन एबट ने स्कोर 150 के करीब पहुंचाया 88 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद 8वें नंबर के बल्लेबाज शॉन एबट ने टीम का स्कोर 140 के पार पहुंचाया। वे 30 रन बनाकर टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने एडम जम्पा के साथ 30 और स्पेंसर जॉनसन के साथ 22 रन की साझेदारी की।

टॉप-5 बैटर्स ने 55 रन ही जोड़े, शॉर्ट ने 22 रन बनाए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पाकिस्तानी पेसर्स के सामने संघर्ष करते दिखाई दिए। टीम के टॉप-5 बल्लेबाजों ने मिलकर 55 रन बनाए, इनमें सबसे ज्यादा 22 रन ओपनर मैथ्यू शॉर्ट ने स्कोर किए। उन्हें हारिस रऊफ ने पवेलियन भेजा।

टीम को पहला झटका नसीम शाह ने पारी के चौथे ओवर में दिया। उन्होंने जैक फ्रेजर मैकगर्क को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। जैक ऑफ स्टंप से बाहर जाती बॉल पर ड्राइव करना चाहते थे। बॉल बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर के ग्लव्स में चली गई।

मैक्सवेल सीरीज में दूसरी पर शून्य पर आउट, कूपर चोटिल ग्लेन मैक्सवेल इस सीरीज में दूसरी बार शून्य पर आउट हुए। उन्हें हारिस रऊफ ने सईम अयुब के हाथों कैच कराया। वे पहले मुकाबले में भी खाता नहीं खोल सके थे।

इससे पहले, लेफ्टी बल्लेबाज कूपर कॉनोली (7 रन) पारी के दौरान चोटिल हो गए। मोहम्मद हसनैन की उछल लेती बॉल उनके बाएं हाथों में लगी। वे इस बॉल को पुल करना चाहते थे।





# हरियाणा के यशवर्धन दलाल ने रिकॉर्ड 428 रन बनाए

## सीके नायडू ट्रॉफी में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बैटर

नई दिल्ली



हरियाणा के ओपनर यशवर्धन दलाल ने कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में रिकॉर्ड 428 रनों की पारी खेली है। दलाल ने यह कारनामा मुंबई के खिलाफ गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड में किया है। वे इस अंडर-23 टूर्नामेंट के इतिहास में 400 रन से ज्यादा का स्कोर करने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। यशवर्धन ने अपनी मैराथन पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए।

झज्जर के इस बल्लेबाज ने उत्तर प्रदेश के समीर रिजवी का रिकॉर्ड तोड़ा। समीर ने पिछले सीजन में 312 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी, जो टूर्नामेंट के इतिहास का हाईएस्ट स्कोर था। यह पहला मौका नहीं है, जब यशवर्धन ने बड़ी पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा है। उन्होंने दिसंबर 2021 में अंडर-16 लीग मैच में 237 रन की पारी खेली थी। उस मैच में हरियाणा ने 40 ओवर के मैच में 452 रन बनाए थे। अर्श रांगा के साथ 410 रन की पार्टनरशिप की यशवर्धन ने अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की। रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली। पिछले 2 मैचों में 94 रन बनाने वाले दलाल को इस मैच में ओपनिंग करने भेजा गया था। उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ 4 और झारखंड के खिलाफ 23 और 67 रन बनाए थे। 256 रन बाउंड्री से बनाए, यह 60 फीसदी यशवर्धन ने अपनी पारी के 60 फीसदी 256 रन बाउंड्री से बनाए। उन्होंने चौके से 184 और छक्के से 72 रन स्कोर किए। इतना ही नहीं, यशवर्धन ने 172 रन दौड़कर बनाए। इनमें 159 रन सिंगल से, 10 रन डबल से और 3 रन ट्रिपल से बनाए। हरियाणा ने 742/8 पर पारी घोषित की, यशवर्धन नाबाद लौटे रविवार की सुबह मुकाबले के तीसरे दिन हरियाणा ने अपनी पारी आठ विकेट पर 742 रन के स्कोर पर घोषित की।

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

## नाथन मैकस्वीनी और जोश इंग्लिस को मौका, स्कॉट बोलैंड बैकअप तेज गेंदबाज

मेलबर्न।



भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार देर रात 13 मेंबर्स की टीम जारी की। 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने जा रहे इस मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में नाथन मैकस्वीनी, जोश इंग्लिश और स्कॉट बोलैंड को चुना गया है। मैकस्वीनी उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं, जबकि बोलैंड को बैकअप तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया गया है। जोश इंग्लिश का नाम थोड़ा हैरान करने वाला है। हाल ही में सिलेक्टर्स ने उन्हें वनडे और टी-20 का कप्तान बनाया था। पहले टेस्ट मुकाबले में कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे। चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा कि टीम संतुलित है और एंड्रयू तथा पैट को एक विकल्प प्रदान करती है।

### सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा-

नाथन ने वे गुण प्रदर्शित किए हैं, जो उन्हें टेस्ट के लिए तैयार करेंगे। घरेलू क्रिकेट में उनके हालिया रिकॉर्ड भी शानदार हैं। साउथ ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलिया ए के लिए प्रदर्शन भी उनके पक्ष में है। इसी तरह जोश इंग्लिस शेफील्ड शील्ड प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में हैं। वे टेस्ट टीम में जगह पाने के हकदार हैं। वहीं, स्कॉक को जब टेस्ट टीम में मौका मिलाता है। तो वे टॉप क्लास प्रदर्शन करता है। वह टीम का अहम सदस्य बन चुका है।

22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच टीम इंडिया 3 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच और 6 दिसंबर से एडिलेड में दूसरा मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 के बाद से कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम ने इस दौरान विराट कोहली की कप्तानी में 2 सीरीज जीतीं।

# गॉफ ने पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता : पेरिस ओलिंपिक चैंपियन झेंग को हराया; रिकॉर्ड 40.54 करोड़ रुपए मिले



नई दिल्ली।

अमेरिका की कोको गॉफ ने चीन की झेंग किनवेन को हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। गॉफ ने शनिवार देर रात को खेले गए फाइनल में शानदार वापसी करते हुए पेरिस ओलिंपिक चैंपियन झेंग के खिलाफ 3-6, 6-4, 7-6 से जीत दर्ज की। रियाद में इस जीत के साथ गॉफ को 40.54 करोड़ रुपए मिले।

तीसरी सीड गॉफ ने नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं, 22 साल की चीनी खिलाड़ी झेंग ने सेमीफाइनल में विबंलडन चैंपियन बारबरा क्राजीकोवा को मात देकर अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी।

गॉफ फाइनल में पहुंचने से पहले ही 19.45 करोड़ रुपए अपने नाम कर चुकी थी। टाइटल जीतने के बाद उन्हें 21 करोड़ की प्राइज मनी दी गई। यानी गॉफ को महिला टेनिस के इतिहास में सबसे अधिक 40.54 करोड़ मिले।

गॉफ 21 साल से कम उम्र में यह टूर्नामेंट जीतने वाली चौथी अमेरिकी 1972 में डब्ल्यूटीए फाइनल्स शुरू होने के बाद से गॉफ 21 साल से कम उम्र में यह टूर्नामेंट जीतने वाली चौथी



अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले क्रिस एवर्ट, ट्रेसी ऑस्टिन और सेरेना विलियम्स ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

गॉफ ने टूर्नामेंट में चार टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया गॉफ 1990 के बाद पहली अमेरिकी हैं जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में चार टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया है। इससे पहले 1996 ओलिंपिक में लिंडसे डेवनपोर्ट ने यह कारनामा किया था। गॉफ ने इस साल स ओपन में हार के बाद अपने पिछले 14 मैचों में से 12 मैच जीतकर इस साल को खत्म किया। झेंग का भी सीजन शानदार रहा।

# लिजेल ली ने डब्ल्यूबीबीएल में काटा गर्दा, 150 रन जड़कर रचा गजब का कीर्तिमान; बनाए ये दो वर्ल्ड रिकॉर्ड



साउथ अफ्रीका की धाकड़ बल्लेबाज लिजेल ली ने रविवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024 में गर्दा काटा। उन्होंने होबार्ट हरिकेंस बनाम पर्थ स्कॉर्चर्स मैच में नाबाद 150 रन बनाए और गजब का कीर्तिमान रचा। होबार्ट हरिकेंस का हिस्सा लिजेल ने सिडनी के मैदान पर 75 गेंदों का सामना किया, जिसमें 12 चौके और 12 छक्के लगाए। यह डब्ल्यूबीबीएल इतिहास की सबसे बड़ी पारी है। लिजेल ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का रिकॉर्ड तोड़ा है। हैरिस ने पिछले साल डब्ल्यूबीबीएल में 59 गेंदों में 12 चौकों और 11 छक्कों की मदद से नाबाद 136 रन जुटाए थे।

### लीजेल ने बनाए ये दो वर्ल्ड रिकॉर्ड

32 वर्षीय लिजेल ने डब्ल्यूबीबीएल में कारनामा अंजाम देने के अलावा दो वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाए हैं। उन्होंने टी20 क्रिकेट में फुल मेंबर नेशन महिला खिलाड़ी द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। लिजेल साथ ही एक महिला टी20 मैच में सबसे ज्यादा छक्के ठोकने वाले खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में भी हैरिस (11 सिक्स) को पछाड़ा। मैच की बात करें तो लिजेल की दमादार पारी के दम पर होबार्ट हरिकेंस ने टॉस गंवाने के बाद 203/3 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम 131 पर सिमट गई। हरिकेंस ने 72 रनों से जीत दर्ज की।

### इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

150* - लिजेल ली
114* - स्मृति मंधाना
112* - एलिसा हीली
136* - ग्रेस हैरिस
114 - एश्ले गार्डनर

लिजेल ने अपनी ऐतिहासिक पारी के बारे में चैनल सेवन से कहा, मैं अपनी टीम के सभी सदस्यों को श्रेय देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझ पर विश्वास बनाए रखा। जब मैं खुद पर संदेह कर रही थी, तब वे मेरे साथ थीं। गौरतलब है कि लिजेल ने साल 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने दो टेस्ट, 100 वनडे और 82 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें क्रमशः 42, 3315 और 1896 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान चार शतक और 36 अर्धशतक लगाए।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ध्रुव जुरैल रहे सबसे सफल बल्लेबाज, विकेटों के मामले में मुकेश कुमार सबसे आगे

नई दिल्ली।



भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन स्तरीय नहीं रहा और अभिमन्यू ईश्वरन, साई सुदर्शन, केएल राहुल, ऋतुराज गायकवाड़ देवदत्त पडीक्कल, इशान किशन जैसे बल्लेबाजों ने निराश किया। हालांकि, इस सीरीज के दूसरे मैच में ध्रुव जुरैल को मौका मिला और वो सबसे ज्यादा रन बनानए वाले बल्लेबाज के रूप में उभरे। इंडिया ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों की अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज खेली, लेकिन दोनों ही मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से हराया तो वहीं दूसरी मैच में भारत को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

इस टेस्ट सीरीज के दौरान भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन स्तरीय नहीं रहा और अभिमन्यू ईश्वरन, साई सुदर्शन, केएल राहुल, ऋतुराज गायकवाड़ देवदत्त पडीक्कल, इशान किशन जैसे बल्लेबाजों ने निराश किया। हालांकि, इस सीरीज के दूसरे मैच में ध्रुव जुरैल को मौका मिला और वो सबसे ज्यादा रन बनानए वाले बल्लेबाज के रूप में उभरे।

इस सीरीज के दूसरे मैच में ध्रुव जुरैल को इंडिया ए टीम का हिस्सा बनाया गया और उन्हें इशान किशन की जगह पर टीम में शामिल किया गया और उन्होंने इस मैच की दोनों पारियों में प्रभावी बल्लेबाजी की और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बने। दूसरे मैच में भी जहां अन्य भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझते नजर आए तो वहीं ध्रुव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 80 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में भी उन्होंने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए।

इन दो पारियों को मिलाकर उन्होंने कुल 148 रन बनाए और इस टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे। ध्रुव के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर देवदत्त पडीक्कल रहे जिन्होंने 4 पारियों में 151 रन बनाए तो वहीं साई सुदर्शन ने 4 पारियों में 127 रन बनाए और तीसरे स्थान पर रहे। भारत की तरफ से इस टेस्ट सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज मुकेश कुमार रहे जिन्होंने 11 विकेट अपने नाम किए।

# सीरीज गंवाने के बाद आस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, कूपर कोनोली चोट के कारण टी20 सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के युवा खिलाड़ी कूपर कोनोली हाथ की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं।

पर्थ में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान मोहम्मद हसनैन के ओवर में बाएं हाथ के बल्लेबाज कूपर को हाथ में चोट लगी। कूपर को जब चोट लगी तब वह 19 गेंद में सात रन बनाकर खेल रहे थे। कूपर का स्कैन होने पर पता चला कि उनके बाएं हाथ की एक अंगुली में फ्रैक्चर है, जिसके कारण वह अगले मुकाबले नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज के लिए कोनोली के रिप्लेसमेंट की घोषणा जल्द ही करेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज की शुरुआत 14 नवंबर से होने वाली है। पहला मैच गाबा में खेला जाएगा, जबकि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड और होबार्ट में बेलेरिव ओवल 16 और 18 नवंबर को शेष दो मैचों की मेजबानी करेंगे। पाकिस्तान ने रविवार को निर्णायक तीसरे वनडे मैच में आठ विकेट की जीत से 2002 के बाद ऑस्ट्रेलिया पर 50 ओवर की सीरीज में पहली जीत दर्ज की।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट खेलेंगे या नहीं रोहित शर्मा, आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 5 टेस्ट मैचौं की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। दोनों टीमों के तहत 5 मैचों के तहत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से होगा। लेकिन अगले कुछ ही दिनों में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो जाएगी। ताकि वहां के हालत में खुद को बेहतर ढाल सके। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट खेलेंगे और वह टीम इंडिया के साथ ही उड़ान भरेंगे? कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित शर्मा जल्द ही पिता बनने वाले हैं। इस कारण वह पर्थ टेस्ट मिस कर सकते हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया जाएंगे, लेकिन पहले टेस्ट में खेलने के आसार कम हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया सीरीज के शुरुआती मैचों में रोहित शर्मा से उपलब्धता के बारे में पूछा गया। जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि ये अभी निश्चित नहीं है, लेकिन देखता हूं आगे क्या होता है। हालांकि, इस वक्त तमाम



मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि निजी कारणों के चलते वह पर्थ टेस्ट में नहीं खेलेंगे।

फिलहाल, पिछले दिनों भारतीय टीम को अपने घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम ने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत का सूपड़ा साफ कर इतिहास रच दिया। इस हार के बाद भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राहें बेहद मुश्किल हो गई हैं आअब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 4 टेस्ट जीतने होंगे।



# सलमान की ठुकराई फिल्म से स्टार बने थे शाहरुख

## अब्बास-मस्तान बोले- लोगों ने कहा था बाजीगर मत बनाओ, नहीं चलेगी, श्रीदेवी ने जिद में ठुकराई फिल्म

साल 1993 में रिलीज हुई फिल्म बाजीगर से शाहरुख खान को स्टारडम मिला था। हालांकि ये बात कम लोग ही जानते हैं कि शाहरुख खान इस फिल्म में अजय वर्मा का नेगेटिव रोल निभाने के लिए डायरेक्टर अब्बास-मस्तान की पहली पसंद नहीं थे। उनसे पहले ये फिल्म सलमान खान को ऑफर हुई थी। वहीं श्रीदेवी भी फिल्म में लीड रोल निभाने वाली थीं, हालांकि एक जिद के चलते वो फिल्म का हिस्सा नहीं बन सकीं।

इस फिल्म की मजेदार कास्टिंग की कहानी फिल्म बाजीगर के डायरेक्टर अब्बास-मस्तान ने रेडियो नशा को दिए एक इंटरव्यू में सुनाया था। उन्होंने कहा था, हमने शाहरुख में टेलेंट देखा था। उस समय लोगों ने हमसे कहा था ये पिक्चर मत बनाओ। कोई भी ग्रे कैरेक्टर कभी चलता ही नहीं है। लेकिन हमने तय कर लिया, हम ये फिल्म जरूर बनाएंगे। हमारे प्रोड्यूसर ने कहा कि हमने खिलाड़ी फिल्म बनाई है। उसमें अक्षय को लिया था। अब बाजीगर में अनिल कपूर को लेते हैं। अनिल उस समय बहुत बड़े स्टार थे। हम अनिल कपूर के पास गए, हमने उन्हें फिल्म की कहानी भी सुनाई।

आगे उन्होंने बताया, उस समय महालक्ष्मी के स्टूडियो में रूप की रानी चोरों का राजा की शूटिंग चल रही थी। अनिल ने स्टोरी सुनकर कहा, सब्जेक्ट तो आपका अच्छा है, लेकिन ये कहानी मेरे लायक नहीं है। मैं इसे जस्टिफाई नहीं कर सकता हूं। आप किसी और को लेकर बनाइए।

अब्बास-मस्तान ने आगे बताया, अनिल के बाद हम लोग सलमान खान के पास गए। उनके पिता सलीम खान ने भी साथ बैठकर कहानी सुनी। वो उस समय राजश्री प्रोडक्शन की



फैमिली ऑरिएंटेड फिल्म कर रहे थे। स्टोरी सुनकर उन्होंने कहा, आपकी फिल्म सक्सेस होगी, लेकिन मैं ये फिल्म नहीं कर सकता। मैं अभी फैमिली फिल्म कर रहा हूं, लोग मुझे एक्सेप्ट नहीं करेंगे।

आगे उन्होंने बताया है कि जब सलमान ने भी फिल्म रिजेक्ट कर दी तो उन्हें शाहरुख खान का ख्याल आया। दोनों ने शाहरुख की पिछली कुछ फिल्में देखी थीं। जब वो शाहरुख के पास पहुंचे तो वो कहानी सुनने के लिए जमीन पर बैठ गए और एक बार में पूरी कहानी सुन ली। कहानी सुनते ही उन्होंने कहा, मैं ये पिक्चर करूंगा। ये काफी चैलेंजिंग होगा।

अब्बास-मस्तान ने इंटरव्यू में बताया है कि शाहरुख फिल्म के लिए इतने एक्साइटेड थे कि वो उसी समय ये तय करने लगे कि वो किस सीन में कैसी एक्टिंग करने वाले हैं। शाहरुख ने उन्हें वर्कशॉप में हर सीन अलग-अलग तरह से करके दिखाया।

### श्रीदेवी ने जिद में छोड़ी थी फिल्म बाजीगर

बातचीत के दौरान अब्बास मस्तान ने फीमेल लीड की कास्टिंग का भी मजेदार किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले फिल्म के लिए काजोल की कास्टिंग हुई थी, जो महज 17 साल की थीं। इसके बाद वो दूसरी एक्ट्रेस के लिए श्रीदेवी के पास गए थे। श्रीदेवी ने कहानी सुनकर कहा कि वो दोनों बहनों का रोल प्ले करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, फिल्म में पहले ही शाहरुख खान दो तरह के किरदार निभा रहे थे, ऐसे में अगर हीरोइन का भी डबल रोल होता तो ऑडियंस को लगता सब डबल-डबल है। हमने सोचा था कि श्रीदेवी को सीमा को रोल दिया जाए, लेकिन फिर हमने सोचा कि अगर हम श्रीदेवी जैसी सुपरस्टार को फिल्म के फर्स्ट हाफ में मरते दिखा दें, तो कहीं ऐसा न हो कि ऑडियंस फिल्म को रिजेक्ट कर दे। इस विचार के साथ बाद में ये रोल शिल्पा शेट्टी को दिया गया था।

# फादरहुड पर बोले वरुण धवन : कहा- बेटी को कोई नुकसान पहुंचाएगा, तो उसकी हत्या कर दूंगा



**वरुण धवन ने हालिया इंटरव्यू में पिता बनने पर बात की है। उन्होंने कहा है कि वे अपनी बेटी के लिए बहुत प्रोटेक्टिव हैं। अगर भविष्य में किसी ने बेटी को चोट पहुंचाने की कोशिश की, तो वो उस शख्स का कत्ल कर देंगे।**

### वरुण ने कहा- बेटी के लिए बहुत प्रोटेक्टिव हूं

द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए इंटरव्यू में वरुण ने कहा, 'मुझे लगता है कि जब कोई भी माता-पिता बनता है, तो खासकर मां के लिए यह एक अलग अनुभव होता है। मुझे लगता है कि वह शेरनी बन जाती है। उस पल बस कुछ घटित होता है। लेकिन जब एक पुरुष पिता बनता है, तो अपनी बेटी के प्रति प्रोटेक्टिव हो जाता है। मुझे यकीन है कि आप बेटों के लिए भी महसूस करते हैं। लेकिन बेटी के लिए अगर कोई उसे इतना (थोड़ा) भी नुकसान पहुंचाएगा तो मैं उसे मार डालूंगा। जब मैं ऐसा कहता हूं तो मैं बहुत सीरियस हो जाता हूं। सचमुच मैं उसे मार डालूंगा।'

### जून 2024 में पिता बने थे वरुण

वरुण-नताशा इसी साल 3 जून को पेरेंट्स बने हैं। नताशा ने बेटी लारा को जन्म दिया था। वहीं फरवरी 2024 में कपल ने अनाउंस किया था कि वो पेरेंट्स बनने वाले हैं। दोनों ने एक फोटो शेयर की थी जिसमें वरुण वाइफ के बेबी बंप को किस करते नजर आ रहे थे। वहीं, कपल ने 24 जनवरी 2021 में शादी की थी। अलीबाग में हुई इस शादी में कपल के क्लोज मेंबर्स ही शामिल हुए थे।

### 'बेबी जॉन' पर काम कर रहे हैं वरुण

वर्कफ्रंट पर वरुण की अगली फिल्म 'बेबी जॉन' है। इसमें उनके अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, सान्या मल्होत्रा और जैकी श्रॉफ जैसे कलाकार नजर आएंगे। इसे 'जवान' फेम डायरेक्टर एटली डायरेक्ट कर रहे हैं। इसके अलावा वरुण हाल ही में वेब सीरीज 'सिटाडेल- हनी बनी' में भी नजर आए हैं।

# रियल लाइफ में कभी नहीं हुई थीं ये घटनाएं

### जानिए संजय दत्त की बायोपिक के बारे में ये फैक्ट



**राजकुमार हिरानी की बनाई कुछ सबसे आइकॉनिक फिल्मों में संजय दत्त की बायोपिक फिल्म संजू भी शामिल है। रणबीर कपूर ने इस फिल्म में संजय दत्त का किरदार निभाया था और इसका एक डायलॉग था जो कि काफी पॉपुलर हुआ। टाइगर है तू, रोर कर। फिल्म देखने वाले हर शख्स को यह डायलॉग रट गया था और बहुत से लोग आम जिंदगी में यह डायलॉग बोलते नजर आए। लेकिन कम लोग जानते हैं कि यह डायलॉग असल जिंदगी में कभी नहीं बोला गया था और ना ही राजकुमार हिरानी की स्क्रिप्ट का हिस्सा था। यह डायलॉग सेट पर ही पहली बार बोला गया और इसके बाद राजकुमार हिरानी ने इसे पूरी फिल्म में इस्तेमाल किया।**

### रियल लाइफ में नहीं पहना गया था पिंक कॉस्ट्यूम

मुन्ना भाई एमबीबीएस, 3 इडियट्स, पीके और डंकी जैसी फिल्में बना चुके निर्देशक राजकुमार हिरानी ने एक इंटरव्यू में बताया, सिनेमा एक ऐसी कला है जिसमें सभी का योगदान होता है। सभी मिल जुलकर किसी चीज को बेहतर बनाने पर काम करते हैं। माहौल ऐसा बनाना पड़ता है कि सबकी आवाज होनी चाहिए। रीयल लाइफ में ऐसा नहीं था कि वह पिंक सूट पहनकर बैठा हुआ था। कॉस्ट्यूम डिजाइनर ने कहा कि पिंक कलर के कपड़े पहना दें इसको? अच्छा लगेगा। मुझे भी बात जंच गई।

### पहली बार रणबीर ने बोला था टाइगर वाला डायलॉग

राजकुमार हिरानी ने सोचा कि अगले दिन जब दत्त साहब का वो सब हो रहा है तब भी वो नाइट सूट पहनकर जाएगा, अच्छा लगेगा। इसके अलावा विकी कौशल जब रणबीर कपूर से कहते हैं कि तू टाइगर है, रोर कर। यह स्क्रिप्ट में नहीं था। यह सेट पर ही हुआ। राजकुमार हिरानी ने बताया, यह सबसे पहले तब हुआ था जब रणबीर अंदर जाता है और उसको उठाता है। वह कहता है कि उठ। राजकुमार हिरानी ने बताया कि वहां पर ज्यादा डायलॉग्स थे नहीं। तब रणबीर कपूर ने कहा कि मुझे कुछ बोलना चाहिए यहां पर, बोलना चाहिए मुझे।

# सिटाडेल : हनी बनी के सेट पर बेहोश हो गई थीं सामंथा

## एक्ट्रेस की मेडिकल कंडीशन के चलते फिक्रमंद थे वरुण धवन

हनी बनी 6 नवंबर को अमेजन प्राइम पर रिलीज हो चुकी है। सीरीज में वरुण धवन और सामंथा रुथप्रभु लीड रोल में हैं। हाल ही में वरुण धवन ने बताया है कि सीरीज की शूटिंग के दौरान सामंथा की तबीयत बिगड़ी हुई थी। एक बार तो वो सेट में बेहोश भी हो गई थीं, जिससे एक्टर काफी फिक्रमंद थे।

सामंथा को सीरीज की शूटिंग के दौरान पता चला था कि उन्हें मायोसाइटिस नाम की एक रेयर बीमारी है। इसके बाद वो सीरीज छोड़ना चाहती थीं। हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए एक इंटरव्यू में सामंथा ने बताया है कि अगर सीरीज के मेकर्स उनका साथ नहीं देते और उनका हौसला न बढ़ाते तो उन्हें दोबारा कैमरा के सामने आने में काफी वक्त लग सकता था।

इस पर वरुण धवन ने कहा, मैं इसमें ये जोड़ना चाहता हूं, सेट पर दो ऐसे इंसीडेंट हुए जिससे मेरा दिल सचमुच बाहर आ गया था। मैं बहुत फिक्रमंद था। मुझे याद है कि एक दिन हम शूटिंग कर रहे थे, उसने मुझे अपनी कंडीशन के बारे में ज्यादा नहीं बताया था। वो बस आंख बंद की हुई थी फिर सेट पर 2 घंटे बाद ऑक्सीजन टैंक्स आए। वो कोने में ऑक्सीजन ले रही थी। वो उस दिन छुट्टी ले सकती थी, लेकिन तब भी वो सेट पर ऑक्सीजन ले रही थी।



आगे एक्टर ने कहा, दूसरा इसीडेंट ये था कि हम रेलवे स्टेशन में शूट कर रहे थे। वो मेरे पीछे भागकर आ रही थी। हमें कैमरा को क्रॉस करना था। मैं कैमरा तक पहुंच गया और सामंथा वहीं गिर पड़ीं।

वरुण धवन ने बताया है कि सामंथा के बेहोश होने पर वो परेशान हो गए थे और चीख रहे थे। उतने में टीम यूनिट ने आकर उन्हें संभाला था।

### 2 सालों से मायोसाइटिस से जूझ रही हैं सामंथा

बताते चलें कि साल 2022 में सामंथा ने पोस्ट शेयर कर बताया था कि उन्हें मायोसाइटिस नाम की एक रेयर बीमारी है। मायोसाइटिस डायग्नोज होने के बाद सामंथा ने फिल्मों से ब्रेक ले लिया था। डॉक्टर्स ने उन्हें पब्लिक प्लेस से दूर रहने का भी सुझाव दिया था। ये एक तरह की ऑटो-इम्यून डिसीज है जिसमें शरीर की मसल्स धीरे-धीरे कमजोर पड़ती जाती हैं। इस कंडीशन में चलने और खड़े रहने में तकलीफ बढ़ती जाती है।

# वेटरन तमिल एक्टर दिल्ली गणेश का निधन : 80 की उम्र में ली अंतिम सांस; फिल्मों से पहले वायुसेना में भी काम किया था



वेटरन एक्टर दिल्ली गणेश का निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार रात 11 बजे अंतिम सांस ली। 80 साल के गणेश उम्र संबंधी परेशानियों से बीमार चल रहे थे। उनके बेटे महा देवन ने सोशल मीडिया पर निधन की खबर की जानकारी दी। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली गणेश का अंतिम संस्कार आज यानी 10 नवंबर को होने वाला है। बता दें, गणेश ने 1964 से 1974 तक भारतीय वायु सेना के साथ एक दशक लंबे कार्यकाल के बाद एक्टिंग में अपना करियर शुरू किया।

**बेटे ने दी निधन की जानकारी**-बेटे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा- हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि हमारे पिता डॉ. दिल्ली गणेश का 9 नवंबर 2024 को रात करीब 11 बजे निधन हो गया है।

**400 फिल्मों में दिखे थे गणेश**-दिवंगत एक्टर का असली नाम गणेश था। लेकिन स्टेज नेम दिल्ली गणेश उन्हें फिल्म मेकर के बालाचंदर ने दिया था। गणेश ने इन्हीं की फिल्म पैटिना प्रवेशम (1976) से एक्टिंग में ब्रेक लिया था। अपने पूरे एक्टिंग करियर में गणेश ने तमिल, तेलुगु और मलयालम सिनेमा की 400 से अधिक फिल्मों में काम किया था। अंतिम बार उन्हें 2024 में रिलीज हुई फिल्म इंडियन 2 में भी देखा गया था। इसके अलावा वे टीवी शोज और शॉर्ट मूवीज में भी नजर आए थे।

# करीना से शादी करने पर सैफ को मिली थी धमकियां

## कहा था- मैंने इसकी परवाह नहीं की, पेरेंट्स को भी मिली थी धमकियां



सैफ अली खान ने बताया था कि जब उन्होंने करीना कपूर के साथ शादी की अनाउंसमेंट की थी, तब उन्हें धमकियां मिलती थीं। धमकियों में कहा गया था कि दोनों के परिवारों को नुकसान पहुंचाया जाएगा। हालांकि उन लोगों ने इन धमकियों पर ध्यान नहीं दिया और अक्टूबर 2012 में एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी कर ली। रैडिफ के एक पुराने इंटरव्यू में सैफ ने कहा था- कुछ लोग हमारी शादी से खुश नहीं थे। मेरे ससुर (रणधीर कपूर) को गुमनाम लोगों से कुछ लेटर मिले थे। जिसमें दावा किया गया था कि वे हमारे परिवार को नुकसान पहुंचाएंगे और उस जगह बमबारी करेंगे।

### सैफ- मुझे इन धमकियों की परवाह नहीं थी

एक्टर ने बताया था कि वे इन सब चीजों से बेफिक्र थे क्योंकि जब उनके पेरेंट्स मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर की शादी हुई थी, तब परिवार को कुछ इसी तरह का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा था- मुझे इन बातों ने परेशान नहीं किया। धमकियां देना और उन पर अमल करना दो अलग-अलग बातें हैं।

### शर्मिला टैगोर ने भी धमकी वाली बात का किया था खुलासा

कुछ समय पहले एक इंटरव्यू में शर्मिला टैगोर ने बताया था कि जब मंसूर अली खान से उनकी शादी हो रही थी, तब उन्हें धमकियां मिली थीं। मोजो स्टोरी के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था- कोलकाता में जब मेरी शादी हो रही थी तब मेरे पेरेंट्स को टेलीग्राम मिल रहे थे कि गोलियां बोलेंगी। टाइगर के परिवार को भी थोड़ी चिंता हो रही थी। लोगों को डर था कि शादी में कुछ गड़बड़ न हो जाए।

# धर्मेंद्र ने कभी नहीं देखा हेमा मालिनी का स्टेज परफॉर्मेंस, एक्ट्रेस ने कहा था- उन्हें लगता है...

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की दिग्गज अदाकारा हेमा मालिनी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ ट्रेंड भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी डांसर भी हैं। वह अब फिल्मों कम नजर आती हैं, लेकिन स्टेज परफॉर्मेंस करती रहती हैं। लोग उनका डांस देख मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। हालांकि, हैरान कर देने वाली बात ये है कि उनके पति और बॉलीवुड सुपरस्टार धर्मेंद्र ने आज तक उनका एक भी स्टेज परफॉर्मेंस नहीं देखा है। इस बात का खुलासा खुद हेमा मालिनी ने किया था।

### क्यों नहीं देखते हेमा के शोज?

हेमा मालिनी ने सिमी ग्रेवाल को दिए इंटरव्यू में इसकी वजह भी बताई थी। हेमा ने चैट शो रेंडेजवस विद सिमी गरेवाल में कहा था, वह बहुत पारंपरिक और रूढ़िवादी हैं। मेरी स्टेज परफॉर्मेंस हर जगह बहुत पॉपुलर हैं, लेकिन उन्होंने उनमें से कोई भी नहीं देखी है। उन्हें लगता है कि मैं स्टेज पर बहुत अलग दिखती हूं और उन्हें ये भी लगता है कि जब मैं स्टेज पर परफॉर्म करती हूं तब उनकी हेमा नहीं होती हूं। इसलिए वह मेरे शोज देखना पसंद नहीं करते हैं।

### बेटी को डांस करने नहीं देते थे धर्मेंद्र

हेमा ने आगे ये भी बताया था कि धर्मेंद्र ने अपनी बेटियों को शुरुआत में डांस करने नहीं दिया था। हेमा ने कहा था, 'ईशा एक प्रोफेशनल डांसर बनना चाहती थी। बॉलीवुड में अपना नाम बनाना चाहती थी। लेकिन धर्म जी को बिल्कुल भी पसंद नहीं था कि उनकी बेटियां फिल्म इंडस्ट्री में काम करें या डांस करें। वह इन चीजों के सख्त खिलाफ थे। हालांकि, जब उन्हें पता चला कि मैं कैसा डांस करती हूं और लोग मेरे डांस के बारे में क्या कहते हैं तब उन्होंने अपनी बेटियों को डांस करने और एक्टिंग करने की इजाजत दी थी।'

# शाहरुख खान और रणबीर कपूर के बीच होगा क्लैश, बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगी दोनों की फिल्में

रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'लव एंड वॉर' 2026 में रिलीज होगी। दिलचस्प बात ये है कि शाहरुख खान और सुहाना खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' भी 'लव एंड वॉर' के साथ ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यानी बॉक्स ऑफिस पर रणबीर और शाहरुख के बीच क्लैश होगा। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। साल 2007 में भी दोनों की फिल्में टकरा चुकी हैं। आइए बताते हैं कि तब बॉक्स ऑफिस पर किसकी जीत हुई थी।

### खास होगी 2026 की ईद

मार्च 2026 की 19 या 20 तारीख को ईद का त्यौहार है। बॉलीवुड हंगमा की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान की 'किंग' ईद 2026 के मौके पर रिलीज होगी। वहीं ऑफिशियल अनाउंसमेंट के मुताबिक, रणबीर कपूर की 'लव एंड वॉर' 20 मार्च 2026 को रिलीज होगी।

### साल 2007 में हुई थी जोरदार टक्कर

रणबीर कपूर और शाहरुख खान की फिल्में पहली बार बॉक्स ऑफिस पर नहीं टकरा रही हैं। साल 2007 में भी रणबीर कपूर की डेब्यू फिल्म 'सांवरिया' और शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'ओम शांति ओम' के बीच क्लैश हुआ था। संयोग की बात ये है कि उस समय भी रणबीर कपूर की फिल्म का डायरेक्शन संजय लीला भंसाली ने किया था और इस बार भी वही 'लव एंड वॉर' को डायरेक्ट कर रहे हैं।

# जब जीनत अमान को ससुराल वालों ने किया बेदखल

## बच्चों को उनके खिलाफ भड़काया गया; एक्ट्रेस की दूसरी शादी भी असफल रही थी

जीनत अमान ने दो शादी की थी। पहली शादी उनकी एक्टर संजय खान से हुई थी। हालांकि उनका यह रिश्ता लंबा नहीं चला। फिर 1985 में जीनत अमान ने एक्टर मजहर खान से शादी। लेकिन बदकिस्मती से उन्हें इस रिश्ते में भी बहुत कुछ सहना पड़ा।

एक इंटरव्यू में जीनत ने कहा था कि पति मजहर के साथ ससुराल वालों ने भी उनका बहुत शोषण किया था। मजहर की मौत के बाद उन्हें प्रॉपर्टी से भी बेदखल कर दिया गया था। यहां तक कि जीनत के बच्चों को भी उनके खिलाफ भड़का दिया था।

### जीनत अमान बोलीं- मजहर को दवाइयों की लत लग गई थी

सिमी गरेवाल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'मजहर के साथ क्या हुआ था कि उन्होंने खुद ही हेल्प करना बंद कर दिया था। वो जो कुछ भी कर रहे थे, वह खुद को और नुकसान पहुंचा रहे थे। मैं वहां उनके साथ रुक कर उन्हें ऐसा करते नहीं देख सकती थी। वह



प्रिस्क्रिप्शन दवाओं, पेनकिलर दवाओं के आदी हो गए थे। एक समय वह दिन में सात बार दवा ले रहे थे। डॉक्टरों ने कहा था कि उनकी किडनी काम करना बंद कर देगी। बच्चे रिक्वेस्ट करते थे कि मैं उनसे रिक्वेस्ट करूं कि वो दवाइयां न लिया करें।'

**जीनत के लिए दूसरे पति के साथ रिश्ता खत्म करना मुश्किल था**-जीनत अमान ने आगे कहा था- आखिरकार उनकी किडनी खराब हो गई। इसी वक्त मैंने इस रिश्ते से बाहर निकलने के बारे में सोचा था। मुझे ऐसा करने में बहुत वक्त लगा क्योंकि मुझे रिश्ते से बाहर आने के बाद भी उनकी चिंता लगी रहती थी। मैंने उनके लिए बहुत सारी लड़ाइयां लड़ीं।

**जीनत को पति का अंतिम दर्शन नहीं करने दिया गया था**-जीनत ने यह भी बताया था कि मजहर के निधन के बाद ससुराल वालों ने उन्हें सारी प्रॉपर्टी से बेदखल कर दिया था। साथ ही बच्चों को भी जीनत के खिलाफ बहुत भड़का दिया था। उन्होंने कहा था- मजहर का सारा पैसा उनकी मां और बहन ने लिया था। इतना ही नहीं मुझे उन लोगों ने मजहर का अंतिम दर्शन भी नहीं करने दिया था।

जीवन में मिलने वाली सुबह आपको जीवन जीने का एक नए अवसर देती है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# महाराष्ट्र के लिए एमवीए का घोषणा पत्र, 5 गारंटी

## महिलाओं को 3 हजार रु. महीना, बेरोजगारों को 4 हजार; 25 लाख तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महा विकास अघाड़ी ने रविवार को महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। एमवीए ने इसे महाराष्ट्रनामा नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास के लिए हमारे 5 स्तंभ हैं। महाराष्ट्र का विकास और प्रगति खेती, ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार, शहरी विकास, पर्यावरण और जन कल्याण पर आधारित होगा। खड़गे ने कहा- हम 5 गारंटी दे रहे हैं और यह पूरे महाराष्ट्र के कल्याण के लिए होंगी। हम हर परिवार को सालाना 3 लाख रुपए की मदद करेंगे। महालक्ष्मी स्कीम महिलाओं को 3 हजार रुपए महीना देगी। महिलाओं के लिए बस सर्विस फ्री रहेगी। हम उन किसानों को 50 हजार रुपए देंगे, जिन्होंने अपना कर्ज वक्त पर चुकाया है।

खड़गे बोले- लाल किताब केवल संदर्भ, संविधान नहीं, पीएम को स्कूल में एडमिशन दिलाना जरूरी मेनिफेस्टो जारी करने के बाद खड़गे ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेताओं ने लाल किताब का इस्तेमाल केवल संदर्भ के लिए किया है। यह संपूर्ण संविधान नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- मोदी ने 26 जुलाई, 2017 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को भी ऐसी ही एक प्रति दी थी। उन्होंने दोनों नेताओं की तस्वीर दिखाई।

खड़गे ने लाल किताब दिखाते हुए कहा कि जैसा मोदी और भाजपा बता रही है, यह कोरी नहीं है। पीएम मोदी को फिर से प्राइमरी स्कूल में दाखिला दिलाना जरूरी है। पीएम खुद ही लाल रंग का संविधान राष्ट्रपति को देते हैं और हमें अर्बन-नक्सल बोलते हैं। महायुति सरकार पर तंज- डबल इंजन सरकार पटरी से उतरी मेनिफेस्टो जारी करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बार फिर महाराष्ट्र की मौजूदा महायुति सरकार पर निशाना साधा। खड़गे बोले- डबल इंजन सरकार पटरी से उतर गई है। महाराष्ट्र के लिए यह जरूरी है कि वह महायुति सरकार को हराए और सुशासन के लिए एमवीए को सपोर्ट करे। खड़गे ने कहा- एमवीए के घोषणापत्र में ग्रामीण और शहरी विकास तथा कृषि के विकास पर जोर दिया गया है। जाति जनगणना लोगों को बांटने नहीं बल्कि यह समझने के लिए है कि अलग समुदायों को किस तरह रखा गया है।



## जब मनमोहन पीएम थे, सोनिया सरकार चलाती थीं : पीएम मोदी

### कांग्रेस की जाति जनगणना जातियों को उलझाने की साजिश, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे



बढ़ता राजस्थान

**रांची (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिन में रविवार को दूसरी बार झारखंड पहुंचे। उन्होंने बोकारो के चंदनकियारी और गुमला में सभा की। उन्होंने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का नारा दिया। कहा- भाजपा का यहां एक ही मंत्र है हमने झारखंड बनाया है हम ही संवारेंगे। उन्होंने यूपीए 2004 से 2014 तक केंद्र में रही कांग्रेस नीत यूपीए सरकार का भी जिक्र किया। मोदी बोले- जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमनें 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब ये इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे। मोदी ने कांग्रेस के जातिगत जनगणना करवाने के वादे पर कहा- कांग्रेस सत्ता के लालच में छोटी-छोटी जातियों को बांटकर उन्हें आपस में लड़ाना चाहती है। इसलिए वे जातिगत जनगणना कराने की बात करते हैं। याद रखिए हम एक रहेंगे, सेफ रहेंगे।

#### कांग्रेस-झामुमो जातियों को आपस में लड़ाना चाहती है

पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ओबीसी की जातियों को आपस में लड़ाना चाहती हैं। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी-छोटी जातियां खुद को ओबीसी मानना छोड़ दें और अपनी-अपनी जातियों में उलझे रहें। क्या आप चाहते हैं कि यहां का ओबीसी समाज टूट जाए? आपको मंजूर है? अगर टूट गए तो आपकी आवाज कमजोर होगी या नहीं? इसलिए हमें यह याद रखना है, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। वो ऐसा इसलिए करना चाहते हैं, क्योंकि ये चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। 1990 कांग्रेस कभी लोकसभा में 250 सीट नहीं जीत पाई है।

#### कश्मीर में धारा 370 के लिए साजिश रच रही कांग्रेस

मोदी बोले- जैसे ही कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का मौका मिला, उन्होंने कश्मीर के खिलाफ अपनी साजिशें शुरू कर दीं। कुछ दिन पहले, उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। क्या देश इसे स्वीकार करेगा? जब भाजपा विधायकों ने पूरी ताकत से इसका विरोध किया, तो उन्हें विधानसभा से बाहर फेंक दिया गया।

## महाराष्ट्र : भाजपा के संकल्प पत्र में किसानों की कर्जमाफी : महिलाओं को 2100 रुपए महीना

# शाह बोले- चुनाव बाद महायुति की पार्टियां मिलकर सीएम चुनेंगी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने रविवार को अपना घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया। गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा पत्र को सार्वजनिक किया। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हमने 25 लाख नौकरियां देने, महाराष्ट्र के पूर्ण विकास, किसानों के लिए भावांतर योजना, कर्जमाफी, स्किल सेंटर्स और महिलाओं को 2100 रुपए देने का संकल्प लिया है। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना शिंदे-एनसीपी अजित पवार मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। इस गठबंधन को महायुति नाम दिया गया है।

#### 8 मुद्दों पर अमित शाह का बयान

1. **मुख्यमंत्री चेहरा:** शाह ने कहा, भाजपा, एनसीपी अजित पवार और एकनाथ शिंदे की शिवसेना गठबंधन ने अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अभी हमारे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। चुनाव के बाद गठबंधन के तीनों सहयोगी मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे।

2. **महाराष्ट्र पुनरुत्थान:** अमित शाह ने कहा, महाराष्ट्र कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। भक्ति आंदोलन की शुरुआत भी महाराष्ट्र से हुई। गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी ने यहीं से किया। सामाजिक क्रांति की शुरुआत यहीं से हुई। हमारे संकल्प पत्र में महाराष्ट्र की जनता का प्रतिबिम्ब है। किसानों का सम्मान, गरीबों का कल्याण, महिलाओं का स्वाभिमान बढ़ाने, विरासत का पुनरुत्थान करने का संकल्प आज महायुति ने लिया है।



3. **कश्मीर चुनाव:** शाह ने कहा- आज अंबेडकर जी की भूमि पर मैं खड़ा हूं। आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की धरती पर भारत के संविधान के तहत मुख्यमंत्री ने शपथ ली है। 370 हटने के बाद यह चुनाव हुआ। देश को इस पर नाज है।

# इसरो चीफ बोले- 2040 तक चांद पर भारतीय को भेजेंगे

### स्पेस टूरिज्म में अपार संभावनाएं; मून मिशन से पहले अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की जरूरत

बढ़ता राजस्थान

**पिलानी (झुंझुनूं)।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने कहा- हमारा लक्ष्य 2040 तक चांद पर एक भारतीय को उतारने का है। इसके लिए हमें एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की जरूरत है, क्योंकि चांद पर इंसान भेजने के लिए एक इंटरमीडियम होना चाहिए। इसके लिए माइक्रोग्रेविटी रिसर्च और कई स्पेशल स्पेस मिशन के लक्ष्यों को हासिल करना होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल हम लर्निंग फेज में है और सीखने की हमारी यात्रा अनवरत जारी है। इसरो चीफ ने रविवार को झुंझुनूं जिले के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी संस्थान में हुए दीक्षांत समारोह के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा- अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क चांद पर मानव भेजने,



मंगल पर सोसाइटी स्थापित करने की प्लानिंग कर रहे है। उनकी योजना है कि वहां (मंगल ग्रह) लाखों लोगों के लिए कॉलोनी बनाएंगे और एक टिकट से लोग वहां जा सकेंगे।

सोमनाथ ने कहा- मुझे लगता है कि स्पेस टूरिज्म का क्षेत्र अच्छा खासा उभरेगा। इस क्षेत्र में भारत के लिए भी अपार संभावनाएं है। हमें बहुत किफायती इंजीनियरिंग के लिए जाना जाता है। हमारा मून और मार्स मिशन दुनिया के सबसे कम लागत वाले मिशन में से एक रहा है और इन दोनों ने हमें बहुत सम्मान भी दिलाया है। इसरो चीफ ने कहा- हमने अगले 5 से 60 सालों के दौरान भविष्य को लेकर भी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। सरकार ने इसके लिए 30 हजार करोड़ रुपए के बजट की घोषणा भी की है। वर्तमान समय अंतरिक्ष कार्यक्रम के इतिहास में एक बड़ा ऐतिहासिक क्षण है।

# राजस्थान के तापमान में आई गिरावट

### बाड़मेर-फलोदी को छोड़ सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में कल दिन और रात के तापमान में गिरावट हुई। बाड़मेर-फलोदी को छोड़कर सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। हिल स्टेशन माउंट आबू में भी सर्दी बढ़ गई। यहां न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राजस्थान में अगले 5 दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और तापमान में उतार-चढ़ाव होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, जालोर का अधिकतम तापमान कल 36 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में 34 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इन शहरों में दिन में हल्की गर्मी रही, लेकिन शाम होने के साथ यहां ठंडक बढ़ गई। सीकर, कोटा, अलवर, भीलवाड़ा, उदयपुर, हनुमानगढ़, करौली और गंगानगर में कल दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

#### हिल स्टेशन पर बढ़ी ठंडक

राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू पर रात में ठंडक बढ़ गई। यहां रात का न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सीकर और फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस, सिरोही में 14, जालोर-उदयपुर में 16.7, भीलवाड़ा में 16.4 और चूरू में न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


### उपराष्ट्रपति ने बल देकर कहा कि सहिष्णुता 'सामाजिक समरसता' का एक अभिन्न पहलू है

# हर अधिकार हमारे कर्तव्य से जुड़ा होता है, कर्तव्यों को हमेशा अधिकारों से पहले प्राथमिकता देनी चाहिए : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि सहिष्णुता एक गुण है। यह हमारी सभ्यता के लोकाचार में गहराई से समाया हुआ है। यह समाज में सामंजस्य और समावेशिता का आधार है। यह सामाजिक समरसता का एक अभिन्न पहलू है।

रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महाराजा अग्रसेन तकनीकी शिक्षा संस्था (मेट्स) के रजत जयंती समारोह के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में श्री धनखड़ ने कहा, सामाजिक सद्भाव के बिना, बाकी सब कुछ अप्रासंगिक हो जाता है। अगर घर में शांति नहीं है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घर में कितनी संपत्ति है या घर कितना बड़ा है। सामाजिक सद्भाव हमारा आभूषण है। हमने इसे सदियों से देखा है।

मैं आप सभी से आग्रह करूंगा। सबसे पहले, यह एक अमूर्त विचार लग सकता है, लेकिन अपने माता-पिता, अपने शिक्षकों, अपने बुजुर्गों, अपने पड़ोसियों, अपने साथ



रहने वाले लोगोंको देखें- यदि आप सहिष्णु हैं, यदि आप सामाजिक सद्भाव बनाए रखते हैं, तो इसमें कुछ खास बात है। यह एक ऐसी बारिश की तरह होगी, जिसमें सभी को प्रसन्नता का अनुभव होगा। उन्होंने कहा,''मैं आप सभी से आग्रह करता हूं, ग्रहणशील बनें, सहनशील बनें; यह हमेशा लाभ देगा। और हर काम में स्वयं से पूछें, ''मैं सामाजिक सद्भाव कैसे बढ़ा सकता हूं? आखिरकार, हम अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाली मशीन नहीं हैं। हम इंसान हैं। हम एक ऐसे राष्ट्र का हिस्सा हैं, जो 5,000 साल पुरानी सभ्यता है।'' नागरिक के तौर पर अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा, ''हम अपने अधिकारों के प्रति बहुत सचेत हैं, लेकिन हर अधिकार आपके कर्तव्य से जुड़ा हुआ है। और मेरे हिसाब से, जिस तरह राष्ट्र का हित राजनीतिक और व्यक्तिगत हितों से ऊपर है, उसी तरह, आपका हर अधिकार, आपका मौलिक अधिकार, आपकी ज़िम्मेदारी से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। यह आपका नागरिक कर्तव्य है कि आप कर्तव्यों को हमेशा अधिकारों से अधिक प्राथमिकता दें।''

दूसरों कीराय को सुनने के महत्व पर बल देते हुए और इसे अपने रास्ते में सुधार करने के तंत्र के रूप में संज्ञा देते हुए, उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया, ''जब किसी व्यक्ति की अपनी राय होती है, तो वे अक्सर उससे इतने जुड़ जाते हैं कि उन्हें लगता है, ''यह मेरी राय है, कोई दूसरी राय कैसे हो सकती है? मेरी राय सही है।'' जो व्यक्ति कहता है, ''मेरी राय सही है'' अक्सर यह वही व्यक्ति होता है, जिसकी राय गलत होती है। हमें हमेशा दूसरों की राय को सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए। आखिरकार, बोलने वाला व्यक्ति भी अपनी राय व्यक्त कर रहा है। और अधिकतर, युवा लड़के और लड़कियों, आप पाएंगे कि दूसरे की राय भी समृद्ध और सही है। उन्होंने आगे कहा, ''यह कभी भी अनिवार्य नहीं है कि जब कोई अपनी राय व्यक्त करता है, तो हमें उसे स्वीकार करना चाहिए - नहीं, यह आवश्यक नहीं है।